चैत्र शुक्ल पक्ष तृतीया
विक्रम संवत 2081

गुरुवार, 11 अप्रैल 2024

वर्ष 4, अंक 53, पृष्ठ 14

2 राज्य, 6 संस्करण

मूल्य 6 रुपये

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

तारे के खत्म होने के बाद भी जीवित रहते हैं ग्रह 14

मनीषा कोईराला ने भंसाली के साथ किया काम 13

बड़े वादों के साथ सपा का घोषणा पत्र जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मनरेगा मजदूरी 450 रुपये करना लड़कियों को केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा देने समेत अन्य घोषणाएं
- अखिलेश यादव बोले- हमने अपने विजन डॉक्यूमेंट को जनता का मांग पत्र -हमारा अधिकार नाम दिया

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी प्रमुख एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बुधवार को लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी का घोषणा पत्र जारी कर दिया। विजन डॉक्यूमेंट-2024 के नाम से जारी घोषणा पत्र को 'जनता का मांग पत्र, हमारा अधिकार' नाम दिया गया है। अखिलेश यादव के मुताबिक, सोशल मीडिया पर जनता से जानकारी मांगी और कई संस्थाओं ने भी सुझाव दिए है।

सपा के घोषणा पत्र में सामाजिक न्याय, लोकतंत्र बचाने, मीडिया की आजादी आदि प्रमुख मुद्दे हैं। अखिलेश यादव ने महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण, केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा और किसानों को एमएसपी की गारंटी के साथ ही जीडीपी तीन से बढ़ाकर छह फीसदी करने, पुरानी पेंशन स्कीम भी बहाल करने, 2025 में जातीय जनगणना, 2029 तक सबको न्याय देने का वादा किया गया। अखिलेश यादव ने बताया कि किसानों के कर्ज माफ किए जाएंगे। गरीबों का पूर्ण उन्मूलन होगा। सपा प्रमुख ने बताया कि निजी क्षेत्र में सभी वर्गों की भागीदारी देंगे। दूध समेत सभी फसलों के लिए कानूनी गारंटी के रूप में किसानों को एमएसपी और सिंचाई की मुक्त व्यवस्था करेंगे। सपा प्रमुख के मुताबिक, अग्निवीर नीति को समाप्त किया जाएगा। क्योंकि, अगर भाजपा दोबारा आई तो कहीं, पुलिस पीएसी में भी तीन साल की नौकरी न कर दे।

घोषणा पत्र के बड़े वादे

- पूरानी पेंशन स्कीम को लागू करेंगे, 2025 तक जाति आधारित जनगणना
- 2025 तक एससी-एसटी, ओबीसी के सभी सरकारी रिक्त पद भरेंगे
- भूमिहीन, किरायेदार समेत छोटे सीमांत किसानों को प्रति माह 5000 पेंशन
- मनरेगा मजदूरी 450 की जाएगी और काम के दिन 150 किए जाएंगे
- मुफ्त राशन में गेंहू की जगह आटा, राशनकार्ड धारकों को 500 रुपये का डेटा मुफ्त

भाजपा ने उप्र. से सात और प्रत्याशी उतारे, चंद्रशेखर व केशरीनाथ के बेटों को टिकट, गाजीपुर, बलिया और फूलपुर में नए चेहरे

रीता बहुगुणा, संघमित्रा और केशरी देवी को टिकट नहीं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी ने उत्तर प्रदेश की सात और सीटों पर अपने प्रत्याशियों के नाम घोषित किए हैं। पार्टी की ओर से बुधवार को जारी इस सूची में बलिया में वीरेंद्र सिंह मस्त का टिकट काटकर पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के बेटे नीरज शेखर को प्रत्याशी बनाया गया है। वह वर्तमान में राज्यसभा सांसद भी हैं। इसी तरह इलाहाबाद से रीता बहुगुणा जोशी का टिकट काटकर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष केसरी नाथ त्रिपाठी के बेटे नीरज त्रिपाठी को टिकट दिया गया है।

फूलपुर में वर्तमान सांसद केशरी देवी पटेल का टिकट काटकर विधायक प्रवीण पटेल को प्रत्याशी बनाया गया है। कौशांबी (सुरक्षित) सीट पर वर्तमान सांसद विनोद सोनकर और मछलीशहर के वर्तमान सांसद बीपी सरोज को फिर से चुनाव मैदान में उतारने का निर्णय लिया गया है।

वहीं, पिछले चुनाव में मनोज सिन्हा की हार के बाद इस बार गाजीपुर सीट पर पारस नाथ राय को टिकट दिया गया है। यहां अफजाल अंसारी सपा से उम्मीदवार हैं। इसी तरह मैनपुरी में उप्र. सरकार में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ठाकुर को सपा प्रत्याशी डिंपल यादव के मुकाबले उतारा गया है। इससे पहले मैनपुरी सीट पर बदायूं की सांसद संघमित्रा मौर्या को टिकट देने की अटकलें थीं। संघमित्रा का नाम भी इस सूची में भी नहीं है। पिछली बार मैनपुरी से भाजपा के प्रेम सिंह शाक्य चुनाव लड़े थे, जिन्हें सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव ने हराया था। भाजपा ने अभी पांच सीटों पर प्रत्याशी घोषित नहीं किए हैं। कैसरगंज सीट पर बृजभूषण शरण सिंह को टिकट मिलने को लेकर रहस्य बना हुआ है। इसके अलावा देवरिया, फिरोजाबाद, रायबरेली और भदोही में टिकट की घोषणा होनी बाकी है।

मैनपुरी में डिंपल के सामने जयवीर सिंह को उतारा

राजकुमार ने छोड़ा आप का साथ

मंत्री पद और पार्टी की सदस्यता से दिया इस्तीफा, पार्टी पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के मंत्री राज कुमार आनंद ने आम आदमी पार्टी (आप) में दलितों को उचित प्रतिनिधित्व नहीं मिलने का आरोप लगाते हुए बुधवार को मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया और पार्टी छोड़ दी। साथ ही भ्रष्टाचार के आरोप भी लगाए। समाज कल्याण समेत विभिन्न विभाग संभालने वाले आनंद ने यहां संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि 'आप' के शीर्ष नेताओं में कोई दलित नहीं है। उन्होंने कहा, यह पार्टी दलित विधायकों, पार्षदों और मंत्रियों का सम्मान नहीं करती। ऐसे में सभी दलित ठगा हुआ महसूस करते हैं। उन्होंने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर भी कटाक्ष किया। केजरीवाल आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में न्यायिक हिरासत में भेजे जाने के बाद तिहाड़ जेल में हैं। पटेल नगर सीट से विधायक आनंद ने कहा, "जंतर मंतर से, अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि राजनीति बदलते ही देश बदल जाएगा। राजनीति नहीं बदली है, लेकिन राजनीतिज्ञ बदल गए हैं। अपने इस्तीफे के समय के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में आनंद ने कहा, समय की बात रहने दीजिए।

केजरीवाल के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन करते भाजपाई।

भाजपा ने किया प्रदर्शन केजरीवाल से मांगा इस्तीफा

नई दिल्ली। भाजपा की दिल्ली इकाई के कार्यकर्ताओं ने कथित आबकारी नीति घोटाले को लेकर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे की मांग करते हुए बुधवार को डीडीयू मार्ग पर स्थित आम आदमी पार्टी (आप) के मुख्यालय के पास विरोध-प्रदर्शन किया। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए पानी की बौछारें कीं, जिससे भाजपा की दिल्ली इकाई के प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा घायल हो गए।

भाजपा का उद्देश्य आप को खत्म करना : संजय

नई दिल्ली। आदमी पार्टी ने बुधवार को दावा किया कि दिल्ली के मंत्री राजकुमार आनंद का इस्तीफा उसके इस रुख की पुष्टि करता है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का उद्देश्य पार्टी को खत्म करना है। आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने एक संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि भाजपा 'हमारे मंत्रियों और विधायकों को तोड़ने के लिए ईडी और सीबीआई का इस्तेमाल कर रही है।

कोर्ट से केजरीवाल का याचिका पर शीघ्र सुनवाई का अनुरोध

नई दिल्ली। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने बुधवार को कहा कि वह दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की ओर से उनकी गिरफ्तारी को बरकरार रखने के उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका को शीघ्र सूचीबद्ध करने संबंधी अनुरोध पर विचार करेंगे। प्रधान न्यायाधीश ने केजरीवाल के वकील को ईमेल भेजने को कहा। इससे पहले केजरीवाल ने उच्च न्यायालय के नौ अप्रैल के फैसले के खिलाफ शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था।

समय मांगने की केजरीवाल की याचिका खारिज

दिल्ली की अदालत ने आबकारी नीति घोटाले में गिरफ्तार केजरीवाल की वह याचिका बुधवार को खारिज कर दी, जिसमें उन्होंने अपने वकीलों से मुलाकात के लिए और समय दिए जाने का अनुरोध किया था। सीबीआई और ईडी के मामलों की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने यह कहते हुए याचिका खारिज कर दी कि इस मामले में उन्हें राहत देने के लिए पर्याप्त आधार नहीं है।

संदेशखालि मामले की जांच अब सीबीआई को

कोलकाता, एजेंसी

- सीबीआई से जांच कराने के लिए हाल में नाराज लोगों ने किया था प्रदर्शन
- महिलाओं पर अपराध और जमीन हड़पने की जांच करे और व्यापक रिपोर्ट पेश करे

कलकत्ता हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में महिलाओं के खिलाफ अपराध और भूमि पर कब्जा करने के आरोपों की जांच सीबीआई से कराने के बुधवार को आदेश दिए। हाल में इसको लेकर संदेशखालि में प्रदर्शन हुए थे।

मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवज्ञानम की पीठ ने कहा कि जांच अदालत की निगरानी में होगी। उन्होंने सीबीआई को राजस्व रिकॉर्ड और भू-उपयोग परिवर्तन का निरीक्षण करने के बाद रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। आरोपों के अनुसार, मछली पालन के लिए कृषि भूमि के उपयोग को जल निकायों में अवैध रूप से परिवर्तित किया गया। कोर्ट ने सीबीआई को निर्देश दिया कि वह संदेशखालि में महिलाओं के खिलाफ अपराध और जमीन हड़पने के आरोपों की जांच करे और अगली तारीख पर रिपोर्ट पेश करे। खंडपीठ में न्यायमूर्ति हिरण्मय भट्टाचार्य भी थे।

पीठ ने दो मई को सुनवाई के दिन सीबीआई को रिपोर्ट देने कहा है। ईडी के अधिकारियों पर पांच जनवरी को भीड़ ने उस समय हमला किया था, जब वे राशन वितरण घोटाला मामले में तृणमूल कांग्रेस नेता (अब निलंबित) शाहजहां शेख के परिसर की तलाशी लेने के लिए संदेशखालि गए थे। अदालत ने आदेश में कहा कि न्याय और निष्पक्षता के हित में और विभिन्न शिकायतों और आरोपों पर शीघ्र विचार के लिए निष्पक्ष जांच की जानी आवश्यक है। साथ ही राज्य को सीबीआई को मदद मुहैया कराने के निर्देश दिए गए हैं। अदालत ने इस बात पर गौर किया कि याचिकाकर्ताओं ने सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अगुवाई में एक जांच समिति गठित करने की मांग की है। खंडपीठ ने कहा कि आरोपों को देखते हुए उसने सीबीआई से जांच कराने का निर्णय लिया है। याचिककार्ता-वकील प्रियंका टिबरेवाल द्वारा हलफनामे के रूप में 600 शिकायतें अदालत के समक्ष प्रस्तुत की गई थीं, जिनमें कथित तौर पर यौन अत्याचार, भूमि पर कब्जा, हमले और संपत्ति को नष्ट करने जैसे अन्य अपराध शामिल हैं। अदालत ने कहा कि गोपनीयता बनाए रखने के लिए जांच एजेंसी शिकायत दर्ज करने के वास्ते एक पोर्टल अथवा ईमेल आईडी बनाएगी।

एक नजर

बम विस्फोट में दो जवान और जेसीबी चालक घायल

बीजापुर/दंतेवाड़ा। छत्तीसगढ़ में अलग-अलग स्थानों पर प्रेशर बम में विस्फोट होने से सुरक्षाबल के दो जवान और एक जेसीबी चालक घायल हो गए हैं। पुलिस के अनुसार बीजापुर के गंगालूर थाना क्षेत्र में इतावर गांव में प्रेशर बम फटने से एसटीएफ के दो जवान शिवलाल मंडावी और मिथलेश मरकाम घायल हो गए हैं।

नहीं रहे सुप्रसिद्ध लोक गायक प्रहलाद मेहरा

हल्द्वानी : उत्तराखंड के सुप्रसिद्ध लोक गायक प्रहलाद सिंह मेहरा का बुधवार को हृदय गति रुकने से निधन हो गया। उन्होंने हल्द्वानी स्थित निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली। 53 वर्षीय मेहरा के निधन से प्रदेश के लोक गायकों, कलाकारों समेत तमाम राजनीतिक संगठनों के लोगों में शोकाकुल है।

पत्नी की हत्या कर पति बच्चों को लेकर फरार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- 8 अप्रैल की रात हुआ था विवाद बुधवार को पुताई कराने मकान मालिक पहुंचे तो हुआ खुलासा

अमृत विचार : ट्रांसपोर्ट नगर चौकी क्षेत्र की नीलांचल कालोनी में पति ने बच्चों के सामने ही पत्नी की हत्या कर दी। तड़के दोनों बेटियों को लेकर भाग निकला। घटना का खुलासा बुधवार को तब हुआ, जब मकान मालिक कमरे की पुताई करवाने पहुंचा।

रुद्रपुर निवासी सौरभ पुत्र सोनू ने आठ साल पहले आस्था उर्फ अफसाना (24) से लव मैरिज की थी। दोनों मजदूरी करते थे। 29 फरवरी सौरभ ने नीलांचल कालोनी फेज पांच के शिवाजी कालोनी में गंगाराम मौर्य के यहां कमरा किराए पर लिया था। सौरभ ऊपरी मंजिल पर पत्नी व दो बेटियों अलीशा (5) और इबरा (3) के साथ रहता था। 8 अप्रैल की रात 12 बजे सौरभ व उसकी पत्नी में झगड़ा हुआ था। अगले दिन कमरे में बाहर से कुंडी देख लोगों ने सोचा कि वह कमरा छोड़कर चले गए हैं। मकान मालिक बुधवार को पुताई के लिए वहां पहुंचे तो घटना का पता चला और पुलिस को जानकारी दी।

पेपर लीक मामले का मुख्य साजिशकर्ता गिरफ्तार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा-2023 का पर्चा आउट कराने वाले मास्टरमाइंड रवि अत्री को एसटीएफ ने गौतमबुद्धनगर के खुर्जा बस स्टैंड के पास से बुधवार सुबह साढ़े छह बजे गिरफ्तार किया, जिसके बाद एसटीएफ ने मामले का खुलासा किया। एसटीएफ का दावा है कि टीसीआई कंपनी में रखे ट्रंक बॉक्स को खोलकर उसमें से पेपर निकालकर लीक कराने वाले गैंग का रवि मुख्य साजिशकर्ता है। मेरठ एसटीएफ के अपर पुलिस अधीक्षक बृजेंद्र सिंह ने बताया कि रवि अत्री की तलाश लंबे समय से हो रही थी। बुधवार सुबह सूचना मिली कि रवि गौतमबुद्धनगर के खुर्जा बस स्टैंड पहुंचने वाला है। निरीक्षक सुनील कुमार टीम लेकर वहां पहुंचे और उसे गिरफ्तार किया। पेपर लीक कराने का पूरा खेल रवि ने ही खेला है। बिंदुवार पूछताछ करने पर मामले में शामिल सभी आरोपियों के नाम सामने आए।

सुप्रीम कोर्ट ने स्वीकार नहीं किए रामदेव बालकृष्ण के माफीनामे वाले हलफनामे

नई दिल्ली, एजेंसी

- राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरण के प्रति भी कड़ी नाराजगी

उच्चतम न्यायालय ने भ्रामक विज्ञापन मामले में योग गुरु रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के प्रबंध निदेशक (एमडी) आचार्य बालकृष्ण द्वारा बिना शर्त माफी मांगने के लिए दायर किए गए हलफनामों को स्वीकार करने से बुधवार को इनकार कर दिया और कहा कि उन्होंने ऐसा तब किया जब उनकी गलती पकड़ ली गई।

न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा, हम इस मामले में इतने उदार नहीं बनना चाहते। न्यायालय ने इस मामले पर निष्क्रियता बरतने के लिए राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरण के प्रति भी कड़ी नाराजगी जताई और कहा कि वह इसे हल्के में नहीं लेगा। पीठ ने कहा, हम आपकी बखिया उधेड़ देंगे।

शीर्ष अदालत ने कहा कि जब रामदेव और बालकृष्ण को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए और उन्हें अदालत के सामने पेश होने का निर्देश दिया गया तो उन्होंने उस स्थिति से बचने का प्रयास किया, जहां व्यक्तिगत पेशी जरूरी थी। न्यायालय ने कहा कि यह बेहद अस्वीकार्य है। पीठ ने आदेश सुनाते हुए कहा, मामले के पूरे इतिहास और अवमाननाकर्ताओं के पिछले आचरण को ध्यान में रखते हुए हम उनके द्वारा दायर नवीनतम हलफनामे को स्वीकार करने के अनुरोध पर अपनी आपत्ति व्यक्त करते हैं। न्यायालय ने मामले में आगे की सुनवाई के लिए 16 अप्रैल की तारीख तय की।

अनिल अंबानी की कंपनी को 8,000 करोड़ देने के निर्णय को सुप्रीम कोर्ट ने किया खारिज

नई दिल्ली। एक समय दुनिया के छठे सबसे धनाढ्य व्यक्ति रहे अनिल अंबानी की मुश्किलें कम होती नहीं दिख रही हैं। उन्हें ताजा झटका उच्चतम न्यायालय के फैसले से लगा है। उनके समूह की कंपनी को 8,000 करोड़ दिये जाने के मध्यस्थता न्यायाधिकरण के निर्णय को खारिज कर दिया गया है। अंबानी 2008 में दुनिया के छठे सबसे अमीर व्यक्ति थे लेकिन बार-बार लगते झटकों के कारण उनकी स्थिति बदल गयी और अब वह धनाढ्यों की सूची से बाहर हैं। अमेरिका के व्हार्टन स्कूल से एमबीए करने वाले 64 वर्षीय अनिल अंबानी चर्चित उद्योगपति धीरूभाई अंबानी के छोटे पुत्र हैं। पिछले कुछ वर्षों में उन्हें अपने कारोबार में कई असफलताओं का सामना करना पड़ा।

मुश्किलें बढ़ीं

- मध्यस्थता न्यायाधिकरण ने दिया था फैसला

आईआईएम अहमदाबाद विश्व के प्रमुख 25 संस्थानों में, जेएनयू देश का शीर्ष विवि

नई दिल्ली, एजेंसी

क्वाक्वेरेली साइमंड्स लंदन की रैंकिंग में खुलासा

- 13 लाख शोध पत्र तैयार किए जो चीन के 45 लाख, अमेरिका के 44 लाख और ब्रिटेन के 14 लाख से पीछे है

वैश्विक क्यूएस विश्वविद्यालय रैंकिंग के अनुसार भारतीय प्रबंधन संस्थान (अहमदाबाद) व्यवसाय एवं प्रबंधन अध्ययन श्रेणी में विश्व के शीर्ष 25 संस्थानों में से एक है जबकि आईआईएम-बेंगलौर और कलकत्ता शीर्ष 50 संस्थानों में हैं। उच्च शिक्षा विश्लेषण संबंधी कंपनी क्वाक्वेरेली साइमंड्स (क्यूएस), लंदन की ओर से बुधवार को घोषित प्रतिष्ठित रैंकिंग में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) भारत में सर्वोच्च रैंक वाला है। विकास अध्ययन श्रेणी में ये विश्व स्तर पर 20वें स्थान पर है। चेन्नई स्थित सविता इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एंड टेक्निकल साइंसेज दंत चिकित्सा अध्ययन श्रेणी में विश्व में 24वें स्थान पर है।

क्यूएस की मुख्य कार्यकारी (सीईओ) जेसिका टर्नर ने कहा कि भारत के निजी तौर पर संचालित तीन उत्कृष्ठ संस्थानों ने उच्च शिक्षा क्षेत्र को आगे बढ़ाने में सकारात्मक भूमिका निभाई है। क्यूएस के अनुसार, भारत तेजी से विस्तार करने वाले शोध केंद्रों में से एक है। उसने कहा कि 2017 से 2022 के बीच शोध में 54 प्रतिशत वृद्धि हुई है जो न केवल वैश्विक औसत के दोगुने से अधिक है, बल्कि पश्चिमी समकक्षों से भी अधिक है।

क्यूएस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बेन सॉटर ने कहा कि भारत अब शोध क्षेत्र में दुनिया का चौथा सबसे बड़ा देश है और इस अवधि में 13 लाख अकादमिक शोध पत्र तैयार किए गए जो चीन के 45 लाख, अमेरिका के 44 लाख और ब्रिटेन के 14 लाख से पीछे है। भारत शोध उत्पादकता में ब्रिटेन को पीछे छोड़ने के करीब है।

शोध | मानवीय दखलंदाजी नदियों में प्रदूषण की प्रमुख कारक

आचमन के लायक भी नहीं कोसी और गौला नदी का पानी

मृगांक मौली, पंतनगर

कोसी व गौला नदी से जल नमूने संग्रह करते शोधार्थी।

अमृत विचार: एक ओर जहां जलवायु परिवर्तन व मानसून की अनियमितता से उत्तराखंड की नदियां सूखने लगी हैं। वहीं पहाड़ों से नीचे उतरकर नदियां मानवीय हस्तक्षेप से दूषित हो रही हैं। इसका खुलासा उत्तराखंड जैव प्रौद्योगिकी परिषद के वैज्ञानिक डॉ. मणिंद्र मोहन शर्मा और उनकी टीम के शोध में हुआ है।

डॉ. मणिंद्र और उनकी टीम के सदस्य अनुज कुमार, श्रुति जोशी, तन्वी उपाध्याय व कविता जोशी ने अपने अध्ययन में तीन नदियों से जल के नमूने एकत्र किए। गगास (गगास, बग्वाली पोखर रोड़, अल्मोड़ा), कोसी (सुनोली मल्ली, अल्मोड़ा) व गौला नदी (बैराज काठगोदाम) के जल का परीक्षण किया और प्रदूषण के कारणों को जानने का प्रयास किया। परीक्षण में गगास नदी के जल की गुणवत्ता तुलनात्मक रूप से अन्य दोनों नदियों से उच्च श्रेणी की मिली। कोसी नदी (सुनोली मल्ली, अल्मोड़ा) के जल में टोटल कोलीफार्म की उपस्थिति 25 सीएफयू/100 मिली. दर्ज की गई, जबकि फीकल कोलीफार्म अनुपस्थित मिला। वहीं गोला नदी (काठगोदाम बैराज) के जल में टोटल और फीकल कोलीफार्म दोनों उपस्थिति मिले, जो 53 सीएफयू/100 मिली. और 7 सीएफयू/100 मिली. थी।

क्या हैं कारण और निवारण

पंतनगर। डॉ. मणिंद्र ने बताया कि टोटल और फीकल कोलीफार्म संक्रमण का मुख्य कारण घरों, दुकानों और होटलों के अपशिष्टों, मल-मूत्र, सीवर, अनुचित खनन व अन्य प्रदूषण के कारकों के नदियों में जाने से होता है। भविष्य में नदियों को संक्रमण मुक्त रखने के लिए प्रदूषण के कारकों व मानवीय अपशिष्टों को नदियों में जाने से रोकना होगा। तभी नदियों को संक्रमित होने से बचाया जा सकता है। प्रदूषित जल के सेवन से पूर्व उसका उचित ट्रीटमेंट किया जाना बेहद जरूरी है। अन्यथा पेट में ऐंठन, डायरिया, टायफाइड, पेचिश, आंव आदि जैसी घातक बीमारियों के होने की संभावना बढ़ जाती है।

यह रहे परिणाम

तीनों नदियों के जल का फिजिको-केमिकल पैरामीटर (गोला नदी का पीएच मान और टर्बिडिटी को छोड़कर) जैसे टीडीएस, क्षारीयता, कैल्शियम, कठोरता, मैग्नीशियम, कॉपर, क्रोमियम, फ्लोराइड, नाईट्रेट, आयरन, सल्फेट, जिंक, निकिल, अमोनिया व लेड जांच में बीआईएस मानकों के अनुरूप पाए गए हैं। गौला नदी के जल का पीएच मान सीमा (6.5-8.5) के अधिकतम स्तर (8.4) पर पाया गया। टर्बिडिटी (मैलापन) अनुज्ञेय परिसीमा से बहुत अधिक (17 एनटीयू) रिपोर्ट की गई। जबकि पेयजल के लिए बीआईएस में इसकी मात्रा 1-5 एनटीयू के बीच है।

सार-संक्षेप

ईद पर सरोवर नगरी में बढ़ी सैलानियों की संख्या

मल्लीताल में चहलकदमी करते सैलानी।

नैनीताल : ईद के अवकाश व शहरों की गर्मी से राहत पाने के लिए काफी संख्या में सैलानी नैनीताल पहुंचने लगे हैं। गुरुवार को ईद के अवकाश के चलते बुधवार दोपहर बाद से ही नगर में एक बार फिर से सैलानियों की आमद बढ़ने लगी, जबकि ईद व आने वाले वीकेंड के लिए नगर के अधिकांश होटल पैक हो चुके हैं। बुधवार को भी भारी संख्या में पहुंचे सैलानियों ने विश्व विख्यात नैनीझील में नौकायन की तो वहीं बारापत्थर क्षेत्र में घुड़सवारी की और रोपवे से नैनीताल की नैसर्गिक सुंदरता का लुत्फ उठाया।

शिविर में छात्राओं को दीं महत्वपूर्ण जानकारियां

गरमपानी : अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज भुजान में स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में लगे विशेष शिविर में छात्राओं को कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। सीएचओ रितिका लोहनी ने छात्राओं को मासिक धर्म के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों व साफ सफाई के विषय पर जागरूक किया। 94 छात्राओं को निशुल्क सैनेटरी नेपकिन भी वितरित किए गए। सीएचओ ने कहा की कभी भी स्वास्थ्य संबंधी कोई भी परेशानी होने पर समीपवर्ती स्वास्थ्य केंद्र में जाकर स्वास्थ्य कर्मियों से विचार विमर्श जरूर करना चाहिए।

मनोरा रेंज के जंगलों में आग से वन संपदा खाक

नैनीताल : गर्मी के चलते नैनीताल के समीपवर्ती जंगलों में रोजाना आग लग रही है। बुधवार सुबह भी पटवाडांगर व बल्दियाखान के समीप जंगल में अराजक तत्वों ने आग लगा दी। तेज हवा के चलते आग धधकी तो जंगल धधकने लगे। जंगल में आग लगने की सूचना स्थानीय लोगों ने वन विभाग के अधिकारियों को दी। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने जंगल की आग पर काबू पाया। बताया जा रहा कि सुबह जंगलों में अराजक तत्वों ने आग लगा दी। वन क्षेत्राधिकारी मुकुल शर्मा ने बताया कि आग पर पूरी तरह काबू पा लिया है। जल्द ही आग लगाने वालों की जानकारी जुटाकर कार्रवाई की जाएगी।

बीमा राशि दिलाने के लिए सीडीओ से मिले ग्रामीण

भीमताल : भीमताल विधान सभा क्षेत्र एक बार फिर सूखे की चपेट में है। कई माह से बारिश नहीं होने से कास्तकारों को चिंता सताने लगी है। भाजपा के जिला सह संयोजक प्राकृतिक खेती आनंद मणि भट्ट ने क्षेत्र के कास्तकारों के शिष्टमंडल के साथ मुख्य विकास अधिकारी नैनीताल अशोक पांडे से मुलाकात की। क्षेत्र में सूखे की स्थिति से अवगत कराया। बताया कि पिछले वर्ष बीमा कंपनी ने किसानों को बीमा राशि बीमा लागत से कई गुना कम दी थी। वहीं बताया कि सूखे की स्तिथि का धरातलीय निरीक्षण करने पर विभागीय अधिकारी कोई भी फील्ड में नहीं आया। शिष्टमंडल ने भीमताल, धारी, ओखलकांडा रामगढ़ के किसानों की समस्या को देखते हुए उचित बीमा राशि दिलाने की मांग की। इस दौरान आनंद मणि, नवीन शर्मा, राजेंद्र सिंह, जनार्दन भट्ट, दीप, जगदीश, नंदन सिंह, भुवन आदि मौजूद थे।

बैंक की ओर से जिला समाज कल्याण को सौंपी गईं व्हीलचेयर।

लोकसभा चुनाव के लिए दीं 30 व्हील चेयर

भीमताल : लोकसभा चुनाव के लिए नैनीताल डिस्ट्रिक्ट को-ऑपरेटिव और उत्तराखंड राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड ने जिला समाज कल्याण को 30 व्हील चेयर दीं। इस पर मुख्य विकास अधिकारी जनपद नैनीताल अशोक कुमार पाण्डेय ने बताया कि इससे दिव्यांग एवं वृद्ध मतदाताओं को मतदान स्थल पर ले जाने के लिए उपयोग में लिया जायेगा। बैंक के सचिव/महाप्रबंधक संदीप कुमार आदि ने ये व्हीलचेयर जिला समाज कल्याण अधिकारी दीपांकार घिल्डियाल को सौंपीं। इस अवसर पर हरीश चन्द्र पांडे, उप महाप्रबंधक भावना भट्ट, अनुभाग अधिकारी संदीप बोरा, डीके टम्टा, दीपक भट्ट, वीके जोशी, हुकुम सिंह उपस्थित रहे।

ग्राफिक ऐरा में शपथ ग्रहण समारोह में शामिल छात्र-छात्राएं व अन्य।

समारोह में दिलाई मतदाता जागरूकता की शपथ

भीमताल : लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में सक्रिय भागीदारी के लिए नागरिकों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से ग्राफिक ऐरा विश्वविद्यालय में मतदाता जागरूकता के लिए शपथ समारोह आयोजित हुआ। इस दौरान प्रतिभागियों को अपने मतदान अधिकारों का जिम्मेदारी से प्रयोग करने और दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिज्ञा पर हस्ताक्षर कराए गए। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस स्वयंसेवी निकिता पडलिया, अंकिता धामी, अनुभव जोशी, मोहित चंद्र सुतेरी, बबीता पंत, नेहा, मेघा ऐठानी और वैभव जोशी ने किया।

भवाली में शिक्षकों को दिलाई सदस्यता

भीमताल : भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ नैनीताल के तत्वावधान में भवाली, भीमताल, रामगढ़, गरमपानी और बेतालघाट मंडलों के शिक्षकों की बैठक ऐरो इंस्टीट्यूट में की गई। शिक्षकों ने बैठक में अबकी बार 400 पार विषय पर चर्चा की। इंस्टीट्यूट एसोसिएशन के सचिव हर्षित जोशी के संग दर्जनों शिक्षकों को भाजपा की टोपी व पटका पहनाकर शिक्षक प्रकोष्ठ सह संयोजक हितेश साह ने भाजपा की सदस्यता दिलाई। इस दौरान नरेन्द्र सिंह बिष्ट, लक्ष्मण सिंह भंडारी, हेमा बसेरा, अंजली भट्ट, पंकज कुमार, सूरज अधिकारी रहे।

सड़क किनारे खड़े वाहनों के चालान करने पर टैक्सी चालकों का हंगामा

कोतवाली में काटा बवाल, नो पार्किंग जोन में वाहन खड़े करने पर कोतवाल ने दी चेतावनी

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: नैनीताल में सड़क किनारे खड़े वाहनों के खिलाफ चालान की कार्रवाई होने पर टैक्सी चालकों ने कोतवाली में बवाल काटा। विधायक और भाजपा नेताओं के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ, हांलाकि कोतवाल ने साफ हिदायत दी कि सड़क किनारे नो पार्किंग जोन में बाइक खड़े करने वालों को छोड़ा नहीं जाएगा।

बता दें कि नैनीताल में दिनों दिन टैक्सी व बाइकों का दबाव बढ़ने लगा है। लगभग पांच सौ से ज्यादा बाइकें रोजाना सड़क किनारे पार्क कर दी जाती हैं, जिससे लोगों को चलने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वहीं सड़क किनारे पार्क वाहनों से यातायात भी बाधित होता है। ऐसे में उच्च अधिकारियों के निर्देश के बाद कोतवाली पुलिस की ओर से मल्लीताल में अभियान चलाकर कार्रवाई शुरू कर दी है। बुधवार को पुलिस की ओर से जब सड़क किनारे नो पार्किंग जोन में वाहन पार्क करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई तो टैक्सी चालकों ने कोतवाली में हंगामा काट दिया।

नैनीताल में सड़क किनारे खड़े वाहनों का चालान करने पर कोतवाली में हंगामा करते टैक्सी चालक। ● अमृत विचार

टैक्सी चालकों ने पुलिस पर बेवजह परेशान करने व हाथापाई का आरोप लगाया। वहीं पुलिस ने सड़क किनारे वाहन पार्क करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की चेतावनी दी। इस बीच कोतवाली में एक घंटे तक हंगामा चलता रहा।

हंगामे के दौरान भाजपा नेताओं व विधायक सरिता आर्या के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ। कोतवाल हरपाल सिंह ने बताया कि बुधवार को भी नो पार्किंग जोन में पार्क व यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर तीन बाइकों को सीज किया गया। बताया कि टैक्सी व बाइक संचालकों को सख्त हिदायत दी है कि सड़क किनारे पार्क वाहनों से यातायात बाधित होने पर कार्रवाई की जाएगी।

सातताल मार्ग की दशा नहीं सुधारने पर लोगों में आक्रोश

संवाददाता, भीमताल

अमृत विचार : भीमताल वार्ड संख्या नौ के अन्तर्गत सातताल मार्ग की दशा सुधारने की मांग की लोक निर्माण विभाग अनदेखी करते आ रहा है।

इस कारण स्थानीय कारोबारियों और निवासियों में रोष है। स्थानीय लोगों ने अवगत कराया कि इस मार्ग का एक बड़ा हिस्सा चार साल से क्षतिग्रस्त है। इस क्षेत्र में चार वर्ष पूर्व एक चिकित्सक और उसके दोस्त का वाहन गिरने से मौत भी हो चुकी है, लेकिन विभाग इसकी सुध नहीं ले रहा है। बताया कि मोटर मार्ग में स्थान स्थान पर डामर क्षतिग्रस्त हो गया है।

स्थानीय निवासियों ने विभाग पर प्रभावशाली व्यक्तियों के घरों को जाने वाले मार्ग पर ध्यान देने के साथ-साथ आम आदमी को प्रभावित करने वाले मार्ग पर भी ध्यान देने की मांग की।

अनदेखी

- मार्ग का एक बड़ा हिस्सा चार साल से क्षतिग्रस्त
- मोटर मार्ग में डामर भी स्थान-स्थान पर उखड़ा है

बोले निर्वतमान सभासद

सातताल मोटर मार्ग के टूटे भाग की मरम्मत की मांग कई बार की जा चुकी है। विभाग की ओर से इस पर कार्रवाई करने और दीवार को बनाने का आश्वासन दिया गया है पर निर्माण की कार्रवाई प्रारंभ नहीं हो पाई है।
-नीरज रैकुनी, निर्वतमान सभासद

विभाग की लापरवाही से लोगों ने बोर्ड सड़क पर लगाए

भीमताल-भवाली मोटर मार्ग में कई स्थान ऐसे हैं, जहां कारोबारियों ने अपने-अपने प्रतिष्ठानों के बोर्ड सड़क से सटाकर लगाए हैं, जिससे कभी भी कोई बड़ी दुघर्टना हो सकती है। इतना ही नहीं विभाग के आला अधिकारी व प्रशासनिक अधिकारी प्रत्येक दिवस मार्ग से गुजरते हैं पर कोई कार्रवाई नहीं करता है, जिसको लेकर भी लोगों में रोष है।

ऊर्जा खपत घटाने के लिए कुविवि का ऑडिट किया

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: कुमाऊं विश्वविद्यालय की ओर से दोनों परिसरों में ऊर्जा संरक्षण, ऊर्जा दक्षता में सुधार और नवीकरणीय ऊर्जा प्रौद्योगिकियों को अपनाने की रणनीतियों को ध्यान में रखकर व्यापक हरित पर्यावरण और ऊर्जा ऑडिट करवाया गया।

ईएचएस एलायंस सर्विसेज की ओर से किये गए ऑडिट का उद्देश्य विश्वविद्यालय के भीतर पर्यावरण के प्रति जागरुकता को बढ़ावा देना है। आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) के निदेशक प्रो. संतोष कुमार एवं ग्रीन एनर्जी ऑडिट की समन्वयक प्रो. गीता तिवारी के नेतृत्व में ईएचएस एलायंस सर्विसेज की ओर से किये गए हरित पर्यावरण और ऊर्जा ऑडिट में ऊर्जा की खपत को कम करने, कार्बन उत्सर्जन को कम करने और ऊर्जा दक्षता में सुधार हेतु क्षेत्रों की पहचान की गई। हरित पर्यावरण और ऊर्जा ऑडिट का एक उद्देश्य विश्वविद्यालय में ऊर्जा खपत की क्षमता को 20% तक कम करना भी है। इसे प्राप्त करने के लिए, ऑडिट टीम की ओर से सोलर एनर्जी का उपयोग करने और वॉशरूम और गलियारों में मोशन सेंसर बल्ब स्थापित करने जैसे उपायों को लागू करने की सिफारिश की गई। कुलपति प्रो. दीवान एस रावत ने कहा कि विश्वविद्यालय पर्यावरणीय प्रबंधन और सतत विकास के प्रति प्रतिबद्ध है। ऑडिट की सिफारिशों को लागू करके, विश्वविद्यालय अन्य शैक्षणिक संस्थानों के लिए हरित, अधिक टिकाऊ भविष्य हेतु प्रयास करेगा। कुलपति प्रो. रावत ने कहा कि हरित पर्यावरण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने एवं ईंधन बचाने के लिए विवि शीघ्र ही हर महीने एक दिन 'नो व्हीकल डे' का पालन करेगा।

जायजा

- विवि के भीतर पर्यावरण के प्रति जागरुकता को बढ़ावा देना है ऑडिट का उद्देश्य

चुनाव बहिष्कार का निर्णय वापस

भीमताल, अमृत विचार : विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी अशोक पांडे की उपस्थिति पर विकासखंड कूकना के जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक के बाद कूकना के निवासियों ने मांगों को लेकर चुनाव बहिष्कार वापस ले लिया।

पूर्व ग्राम प्रधान कूकना मदन नौलिया ने बताया कि बैठक में सारी मांगें मान ली गई हैं। शीघ्र ही हफ्ते में चार दिन फार्मासिस्ट अस्पताल में बैठेंगे और शीघ्र ही देवली पहुंचकर रोड का सर्वे करेंगे। लघु सिंचाई की सभी योजनाएं शासन को भेजी हैं। पीएमजेएसवाई से क्षतिग्रस्त फलदार पौधे एवं जमीन आदि अन्य नुकसान का मुआवजा शीघ्र दिया जाएगा। देवगुरु बृहस्पति देव धाम को पर्यटन में सम्मिलित कर लिया जाएगा। ढोली गांव पॉलिटेक्निक कॉलेज के संबंध में प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा। बैठक में ग्राम पंचायत के प्रधान प्रतिनिधि नरेश कुमार, पूर्व ग्राम प्रधान मदन सिंह नौलिया, युवा मंगल दल अध्यक्ष नरेंद्र सिंह धौनी, दीवान सिंह बरगली आदि मौजूद थे।

गोशाला निर्माण पर दो हफ्ते में स्थिति स्पष्ट करे सरकार

विधि संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : हाईकोर्ट ने हल्दूचौड़ व खटीमा में गोशाला निर्माण के लिए शीघ्र धन आवंटन की मांग को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने राज्य सरकार को इस संबंध में दो सप्ताह में स्थिति से अवगत कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही अगली सुनवाई के लिए दो सप्ताह बाद की तिथि नियत की है।

हल्दूचौड़ स्थित श्री नित्यानंद पाद आश्रम श्रीश्री गौड़ राधा कृष्ण मंदिर समिति ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर कर कहा कि समिति की ओर से संचालित परमा हल्दूचौड़ स्थित गोशाला व दिया खटीमा स्थित गोशाला में 1,500 पशु हैं। इनके रखरखाव के लिए कोई बाड़े की व्यवस्था नहीं है। जिस कारण ये पशु गर्मी, बारिश व जाड़े में मौसम का शिकार होते हैं। इन अबोध पशुओं को बचाने के लिए तत्काल बाड़े बनाने की जरूरत है। याचिका में कहा गया कि उत्तराखंड सरकार की ओर से प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों के अंतर्गत निराश्रित गोवंश के संरक्षण को गोशाला- गोसदनों के निर्माण व विस्तारीकरण को 4 जनवरी 2024 को धन आवंटन का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में 13 मार्च 2024 को निदेशक पंचायती राज ने विभिन्न जिलों की गोशाला के लिए 10 करोड़ रुपये के आवंटन का जिक्र किया है। इस आवंटन के अनुसार याचिकाकर्ता की ओर से संचालित दिया खटीमा गोशाला के लिए 79.15 लाख तथा परमा हल्दूचौड़ गोशाला को 45.35 लाख रुपये की राशि संबंधित जिला पंचायतों को अवमुक्त किए जाने का उल्लेख है। धन अभाव के कारण गोशाला में रखे गोवंश को कड़क धूप से बचाने के लिए छत युक्त बाड़े का निर्माण नहीं हो पा रहा है। हाईकोर्ट से प्रार्थना की गई है कि उनके दोनों गोशाला के लिए स्वीकृत धनराशि को शीघ्र अवमुक्त कराया जाए, ताकि बेजुबानों को समय से छत मिल सके। इस पर कोर्ट ने राज्य सरकार से दो सप्ताह के भीतर स्थिति से स्पष्ट कराने को कहा है। याचिकाकर्ता ने जनहित याचिका में सचिव पंचायती राज, जिलाधिकारी नैनीताल, जिलाधिकारी ऊधमसिंह नगर, जिला पंचायत नैनीताल एवं ऊधमसिंह नगर, पशु कल्याण बोर्ड को पक्षकार बनाया है।

सुनवाई

- हाईकोर्ट ने जनहित याचिका पर की सुनवाई, प्रदेश सरकार को दिए निर्देश

कूड़ा वाहन में आग, चालक झुलसा

संवाददाता, भीमताल

अमृत विचार : भीमताल से चार किलोमीटर दूर हल्द्वानी जाते समय भीमताल नगर पालिका का कूड़ा ले जाने वाले वाहन में अचानक आग लग गई। हादसे में चालक झुलस गया।

कूड़ा वाहन जैसे ही बोहराकून के समीप पहुंचा तो चलते-चलते उसमें आग लग गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक आग लगते ही चालक वाहन खड़ा करके कूद गया। चालक विजयपाल भी घायल हो गया। उसको हल्द्वानी से लौट रहे निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र चुनौतियां अपने वाहन से हल्द्वानी सुशीला तिवारी अस्पताल लेकर गए। निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष ने अवगत कराया कि वाहन चालक के मुंह, हाथ-पांव घटना में झुलस गए हैं। आग लगने की घटना के बाद मोटर मार्ग के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। कुछ देर के लिए आवाजी रुक गई। सूचना के बाद मौके पर पुलिस भी पहुंच गई।

भीमताल के पास बोहराकून में धू-धूकर जलता कूड़ा वाहन। ● अमृत विचार

चिंताजनक बारिश और बर्फबारी न होने से आई गिरावट, झील किनारे दिखने लगे डेल्टा, स्थानीय लोगों व अधिकारियों की चिंता बढ़ी

रिचार्ज नहीं हुए प्राकृतिक जलस्रोत, गिरा नैनी झील का जलस्तर

गौरव जोशी, नैनीताल

अमृत विचार : नैनी झील का जलस्तर तेजी से कम हो रहा है। जिससे झील के किनारे डेल्टा दिखने लगे हैं। इससे स्थानीय लोगों के साथ-साथ जल संस्थान के अधिकारियों की चिंताएं बढ़ने लगी हैं।

बीते पांच वर्षों में नैनी झील का जलस्तर न्यूनतम स्तर पर पहुंच गया है। कारण, नैनीताल में बारिश और बर्फबारी औसत की अपेक्षा कम हुई है। जिस वजह से नैनी झील को रिचार्ज करने वाले प्राकृतिक जलस्रोत रिचार्ज नहीं हो पाये। हालात ये हैं कि अप्रैल माह में ही नैनी झील के किनारे डेल्टा उभरने लगे हैं। जिससे झील की सुंदरता पर ग्रहण लग रहा है। वहीं संभावना जताई जा रही है कि मई और जून माह में नैनी झील का जलस्तर और गिर सकता है। यदि ऐसा हुआ तो स्थानीय लोगों के साथ-साथ नैनीताल आने वाले पर्यटकों को पीने के पानी के लिए जूझना पड़ेगा।

मल्लीताल स्थित बोट स्टैंड के पास झील में उभरने लगे डेल्टा। ● अमृत विचार

15 से 18 फीट तक गिरा जलस्तर

आंकड़ों पर नजर डालें तो वर्ष 2019 से लेकर 2024 तक नैनी झील का जलस्तर करीब 15 से लेकर 18 फीट तक गिर चुका है। वर्ष 2019 में झील का जलस्तर 6 .51 फीट, 2020 में 6 .88 फीट, 2021 में 4 .42 फीट, 2022 में 6 .58 फीट और 2023 में 5 .42 फीट था। जबकि 2024 में 3 .75 फीट है। झील को रिचार्ज करने वाले प्राकृतिक जलस्रोतों के सूखने के कारण ऐसा हुआ है। बता दें कि नैनीताल के आसपास करीब 12 से अधिक प्राकृतिक जलस्रोत हैं। जिससे साल भर पानी नैनी झील में रिस कर आता है। वर्तमान में अधिकांश जलस्रोत मलबे से भर चुके हैं। जिससे झील में पानी नहीं पहुंच पा रहा है।

नैनीताल और आसपास के जंगलों में पहले कच्चे रास्ते थे। लेकिन बदलते समय के साथ लोगों ने जंगलों में निर्माण कर जंगलों को कंक्रीट का बना दिया। अतिक्रमण और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सीसी मार्ग निर्माण के चलते झील का जलस्तर तेजी से गिर रहा है।
-प्रो. अजय रावत, पर्यावरणविद

नैनी झील का जलस्तर बारिश और बर्फबारी पर निर्भर रहता है। इस वर्ष बारिश और बर्फबारी न होने से झील के जलस्तर में कमी हुई है। पिछले पांच साल में झील का जलस्तर सबसे कम दर्ज किया गया है। आने वाले दिनों में और गिरावट हो सकती है। **-एके वर्मा**, अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग

तृतीय चंद्रघंटा

मां दुर्गा की तीसरी शक्ति हैं चंद्रघंटा। नवरात्र में तीसरे दिन इसी देवी की पूजा-आराधना की जाती है। देवी का यह स्वरूप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इसीलिए कहा जाता है कि हमें निरंतर उनके पवित्र विग्रह को ध्यान में रखकर साधना करना चाहिए। देवी चंद्रघंटा पूजा से शुक्र ग्रह का प्रभाव बढ़ता है।

बीज मंत्र-ऐं श्रीं शक्तयै नमः।

हत्यारोपी के पास चश्मदीद, खतरे में जान!

अफसाना की हत्या के बाद दोनों बेटियों को साथ ले गया सौरभ, खुद को बचाने के लिए कर सकता है हत्या

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : पत्नी आस्था उर्फ अफसाना की हत्या करने वाला सौरभ अपनी नाबालिग बेटियों को भी मौत के घाट उतार सकता है। दोनों बेटियां ही अफसाना की मौत की चश्मदीद हैं। घटना के बाद से फरार सौरभ आगरा को छिपने का ठिकाना बना सकता है, क्योंकि वह काफी समय से वहीं काम कर रहा था। पुलिस सौरभ की तलाश में है, लेकिन उसकी लोकेशन अभी ट्रेस नहीं हो पाई है।

रुद्रपुर के सुभाषनगर में सौरभ और अफसाना का परिवार आस-पास रहता है। करीब आठ साल पहले दोनों को प्यार हुआ और घरवालों के खिलाफ जाकर दोनों ने कोर्ट मैरिज कर ली। हल्द्वानी से लेकर रुद्रपुर तक सौरभ के कारनामों के चर्चे हैं। उसे जानने वाला हर व्यक्ति जानता है कि सौरभ और अफसाना के रिश्ते बेहद नाजुक दौर से गुजर रहे थे। हर कोई उसे शराब का लती और बेहद झगड़ालू प्रवृत्ति का बता रहा है। मकान मालिक गंगाराम मौर्य और पड़ोस में रहने वाली महिला ने बताया कि सौरभ जब भी आता था, दोनों के बीच विवाद होता था। यही बात सौरभ के छोटे भाई कुलदीप ने भी बताई। कुलदीप को डर है कि अगर उसने अफसाना की हत्या की है तो वह इबरा और अलीशा को भी जान से मार सकता है। उसने बताया कि पिछले कुछ समय से सौरभ आगरा में काम कर रहा था। हो सकता है कि वह वहीं गया हो। पुलिस सौरभ की तलाश में जुट गई है, हालांकि अभी तक उसकी लोकेशन ट्रेस नहीं हो पाई है।

मरे जानवर की बदबू समझ रहे थे सब: गंगा राम का दो मंजिला मकान है। मकान के ऊपरी हिस्से के एक कमरे में सौरभ रह रहा था। कमरे से उठ रही दुर्गंध पूरे वातावरण में फैली हुई थी। हर कोई इसे मरे जानवर की बदबू समझ रहा था।

नीलांचल कॉलोनी में महिला की हत्या के बाद घर के बाहर जांच पड़ताल में जुटी पुलिस। ● अमृत विचार

अफसाना की सबसे बड़ी राजदार है संतोष

हल्द्वानी : अफसाना जिस घर में किराए पर रहती थी, उसी घर से कुछ दूरी पर संतोष भी किराए पर रहती है। दोनों साथ मजदूरी करने जाते थे और दोनों एक-दूसरे की अच्छी सहेलियां थीं। इसका खुलासा पुलिस की पूछताछ में गंगा राम ने किया। जिसके बाद पुलिस ने संतोष से भी पूछताछ की। माना जा रहा है कि संतोष ने पुलिस को कई अहम जानकारी दी हैं। अफसाना अपने पड़ोसी से भी मतलब नहीं रखती थी। पड़ोसियों का कहना है कि वह अपनी बेटियों को भी बाहर खेलने नहीं भेजती थी और न ही पढ़ने के लिए स्कूल।

मां की मौत के बाद रची पत्नी के कत्ल की साजिश

हल्द्वानी : सौरभ ने जब अफसाना से शादी की तभी से उसने अपने परिवार से दूरी बना ली थी। कुलदीप का कहना है कि शादी के बाद से वह कभी घर नहीं आया। बीती 15 मार्च को जब मां शांति की मौत हुई, तब सौरभ पत्नी अफसाना के साथ घर आया था। वह तीन दिन रुका फिर आगरा चला गया। जाने से पहले वह अपने मोबाइल का सिम कुलदीप को दे गया और खुद नया नंबर ले लिया। सौरभ के नंबर बदलने से माना जा रहा है कि उसने अफसाना की हत्या की साजिश पहले ही कर ली थी।

हत्या से एक दिन पहले भाई को भी पीटा

हल्द्वानी : सौरभ मां की मौत के बाद अब सात अप्रैल को रुद्रपुर स्थित अपने घर गया था। उस दिन उसने भाई कुलदीप को भी बुरी तरह पीटा। कुलदीप, सौरभ के दिए नंबर पर गूगल पे चला रहा था। कुलदीप ने खाते में पैसे जमा किए थे, जिसे सौरभ ने निकाल लिया। इसी को लेकर दोनों में मारपीट हुई। बात इतनी बढ़ी कि भाई से बचने के लिए कुलदीप को रुद्रपुर की बाजार पुलिस चौकी का सहारा लेना पड़ा।

मकान मालिक ने नहीं कराया था सत्यापन

हल्द्वानी : मकान मालिक गंगा राम ने किराए पर देने से पहले सौरभ का सत्यापन नहीं कराया था। मृतका अफसाना और सौरभ के बारे जानकारी की तो पता लगा कि मकान मालिक के पास अफसाना और सौरभ का किसी तरह का कोई पहचान पत्र नहीं है। सौरभ ने अपनी पत्नी का नाम अफसाना नहीं बल्कि आस्था बताया था। मकान मालिक को सौरभ का नाम तक पता नहीं था, बस उसके पास सौरभ का मोबाइल नंबर था। जो अब सौरभ का भाई इस्तेमाल कर रहा है।

कुमाउनी संस्कृति को आगे बढ़ा रहे थे प्रहलाद

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : उत्तराखंड के जाने माने लोक गायक प्रहलाद सिंह मेहरा अपने गीतों से कुमाऊं की संस्कृति को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे थे। उनके निधन से संस्कृति जगत से जुड़े लोग बेहद दुखी हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मेहरा के निधन पर शोक प्रकट किया है।

बता दें कि लोक गायक प्रहलाद मेहरा ने पहाड़ की चेली ले दु रवाटा कभे न खाया सुख ले..., ओ हिमा जाग का छ तेरो जलेबी को डाब..., चांदी बटना दाज्यू कुर्ती कॉलर मां मेरी मधुली..., एजा मेरा दानपुरा.. जैसे गीत गाकर उन्होंने लोगों के दिलों में जगह बनाई। प्रहलाद मेहरा का जन्म 4 जनवरी 1971 को पिथौरागढ़ जिले के मुनस्यारी तहसील के चामी भेंसकोट गांव में एक राजपूत परिवार में हुआ था। उनके पिता हेम सिंह शिक्षक रह चुके हैं और उनकी माता का नाम लाली देवी है। प्रहलाद मेहरा को बचपन से ही गाना गाने और संगीत का शौक रहा।

उन्होंने अपने इसी शौक को रोजगार के तौर पर अपनाया। वह सुर सम्राट गोपाल बाबू गोस्वामी से प्रभावित होकर संगीत जगत में आए थे। इधर, अस्पताल में निधन के बाद प्रहलाद मेहरा का पार्थिव शरीर संजयनगर बिंदुखत्ता स्थित उनके आवास पर ले जाया गया। जहां ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों का तांता लग गया। गुरुवार को चित्रशिला घाट पर उनकी अंत्येष्टि की जायेगी।

> अपनी मधुर वाणी से कुमाउनी गीतों को अंतर्राष्ट्रीय मंचों तक ले जाने वाले उत्तराखंड के सुप्रसिद्ध लोक गायक व बाल्यकाल से अति प्रिय रहे छोटे भाई प्रहलाद मेहरा के निधन से मन व हृदय कष्ट में है। उनका संघर्षमय जीवन युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का श्रोत रहेगा। **-भगत सिंह कोश्यारी**, पूर्व मुख्यमंत्री, उत्तराखंड

150 से अधिक गाये थे लोकगीत

प्रहलाद मेहरा अपने गीतों से लोगों के दिलों में गहरी जगह बना चुके थे। वह अब तक 150 से अधिक गीतों में अपनी आवाज दे चुके हैं। उन्होंने संगीत के माध्यम से पहाड़ के लोगों की पीड़ा को बयां किया। उनके एक चर्चित गीत पहाड़ की चेली ले दु रवाटा कभे न खाया सुख ले... (पहाड़ की बेटी ने कभी रो रोटी सुख से नहीं खाई) में पहाड़ की महिलाओं की पीड़ा को बताया गया है। इसके अलावा अनेक कुमाउनी गीत गाये। जिसके माध्यम से उन्होंने कुमाऊं की संस्कृति और लोगों की पीड़ा को उठाया। हाल के दिनों में उनका रंग भंग खोला परी गीत काफी चर्चा में रहा।

एक नजर

सिपाही को कुचलने वाला ट्रैक्टर चालक गिरफ्तार

हल्द्वानी : सिपाही आशिक अली को कुचलने वाले आरोपी ट्रैक्टर चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आशिक अली के भाई कासिम अली ने पुलिस को दी तहरीर में कहा था कि उनका बड़ा भाई आशिक अली निवासी ग्राम नौसर खटीमा भोटियापड़ाव चौकी में सिपाही के पद में तैनात था। वह बीती रात ड्यूटी समाप्त कर अपनी मोटर साइकिल से चोरगलिया की ओर आ रहा था तभी एक लाल रंग के स्वराज ट्रैक्टर व नीली आसमानी रंग की ट्राली के चालक ने मोटर साइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में आशिक अली ट्राली के टायर के नीचे आ गये, जिससे उनकी मौत हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। साथ ही सीसीटीवी की मदद से आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया।

युवक ने खाया जहर, मौत

हल्द्वानी : विषैला पदार्थ का सेवन करने से एक युवक की मौत हो गई। कालूवर (22 वर्ष) निवासी खानपुर दिनेशपुर की एक कपड़ा फैक्ट्री में काम करता था। उसने अज्ञात कारणों के चलते विषैला पदार्थ गटक लिया। परिजनों उसे जिला अस्पताल ले गये, जहां से एसटीएच रेफर कर दिया। बुधवार की सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

आज बेस में बंद रहेगी ओपीडी

हल्द्वानी : बेस अस्पताल में गुरुवार को पूरे दिन ओपीडी बंद रहेगी। पहले राजपत्रित अवकाश के दिन अस्पताल में आधे दिन की ओपीडी संचालित रहती थी। प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ ने स्वयं ही राजपत्रित अवकाश पर ओपीडी पूरे दिन बंद रखने का निर्णय लिया है।

हत्या या आत्महत्या में उलझी भाष्कर की मौत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : बीती 17 फरवरी को लापता हुए भाष्कर का शव बीते सोमवार को बरामद हो गया। परिजन इसे आत्महत्या मानने को तैयार नहीं हैं। उन्हें भाष्कर के उन्हीं दो दोस्तों पर शक है, जिन्होंने भाष्कर की गुमशुदगी के बाद न सिर्फ उन्हें, बल्कि पुलिस को भी गुमराह किया।

मृतक भाष्कर।

मूलरूप से पोखरी पुट धारी भीमताल निवासी सुभाष दुम्का का 15 वर्षीय पुत्र भाष्कर यहां शिवपुरी जवाहर ज्योति दमुवाढूंगा में अपने फूफा मोहन सनवाल के घर पर रहकर पढ़ाई करता था। कक्षा 9 के छात्र भाष्कर का शव बीते सोमवार को शीतला माता मंदिर से दो किलोमीटर दूर जंगल में गधेरे से बरामद हुआ था। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद रिश्तेदार शव को गांव ले गये। जहां उसका अंतिम संस्कार किया गया। इधर, परिजनों का कहना है कि ऐसा कुछ भी नहीं था कि भाष्कर आत्महत्या करता। उन्हें उसके दो दोस्तों पर शक है, जिन्होंने भाष्कर की गुमशुदगी के बाद उसे देखने, उससे मिलने की बात कही और बाद में मुकर गए। काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद साफ हो जाएगा कि ये हत्या है या आत्महत्या।

रिटायर्ड कर्मी का शव झील में मिला

नैनीताल, अमृत विचार: सेवानिवृत्त कर्मचारी का शव बुधवार को नैनी झील से बरामद किया गया। श्यामखेत भवाली निवासी रमेश आर्य वन विभाग में अर्दली के पद पर तैनात थे। सेवानिवृत्ति के बाद वह भवाली में रह रहे थे। वह बुधवार को पेंशन के लिए घर से नैनीताल आये थे।

तल्लीताल क्षेत्र में झील किनारे टहल रहे राहगीरों ने झील में शव देखा, जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। एसओ रमेश बोहरा मौके पर पहुंचे। कुछ ही दूरी से पुलिस ने मोबाइल फोन भी बरामद किया। जिस पर संपर्क करने के बाद मृतक की पहचान की गई। पुलिस ने परिजनों को सूचना देने के क्क्न शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस जांच में जुट गई है।

योगी और प्रियंका में होगी 'जुबानी जंग'

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : अब की बार बैसाखी पर्व पर उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी आमने सामने होंगे। चुनावी महासमर में दोनों धुरंधरों में जुबानी जंग के आसार है। दोनों की जनसभाओं के लिए भाजपा व कांग्रेस ने तैयारियां शुरू कर दी हैं।

नैनीताल जिले में 13 अप्रैल को स्टार वार होगा। भाजपा के उप्र के सीएम योगी आदित्यनाथ हल्द्वानी में जनसभा करेंगे। वह एमबी इंटर कॉलेज में दोपहर 1 बजे जनता को संबोधित करेंगे। वह मूल रूप से पौड़ी जनपद के हैं, ऐसे में माना जा रहा है कि वह पौड़ी गढ़वाल, नैनीताल और अल्मोड़ा संसदीय सीट पर भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने के लिए कोशिश करेंगे।

सीएम योगी।

लोकसभा चुनाव

13 को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी हल्द्वानी व कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका रामनगर में करेंगी जनसभा को संबोधित

प्रियंका गांधी।

> मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 13 अप्रैल को एमबी इंटर कॉलेज में जनसभा करेंगे। रैली की तैयारियों को लेकर भाजपा कार्यालय में बैठक हुई और जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं। रैली को सफल बनाने के लिए भाजपा का हर कार्यकर्ता जुट गया है। **-प्रताप सिंह बिष्ट**, जिलाध्यक्ष भाजपा

> कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी 13 अप्रैल को रामनगर में जनसभा करेंगी। आज कोर कमेटी की बैठक रामनगर में हैं, जहां सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जाएगा। कुमाऊं की अब तक की सबसे बड़ी रैली होगी। **-राहुल छिम्वाल**, जिलाध्यक्ष कांग्रेस

वहीं, इसी दिन रामनगर में कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी भी जनसभा करेंगी। नैनीताल जनपद की रामनगर विधानसभा सीट पौड़ी-गढ़वाल संसदीय क्षेत्र में आती है। माना जा रहा है कि प्रियंका गांधी रामनगर से नैनीताल, अल्मोड़ा और पौड़ी तीनों संसदीय सीटों के मतदाताओं को साधने की कोशिश करेंगी।

राजनैतिक विश्लेषकों का मानना है कि पौड़ी गढ़वाल सीट पर भाजपा के अनिल बलूनी और कांग्रेस के गणेश गोदियाल में जबरदस्त टक्कर है। बलूनी जहां सत्ता के बल पर विकास के दावे कर रहे हैं तो विपक्ष में रहते हुए गोदियाल हमले का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं। यह भी संभावनाएं जताई जा रही हैं कि सीएम योगी आदित्यनाथ और प्रियंका गांधी एक दूसरे पर जमकर जुबानी तीर चला सकते हैं।

ऐसे में इन दोनों स्टार की जनसभाओं को सफल बनाने को लेकर भाजपा व कांग्रेस के स्थानीय नेतृत्व ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। भाजपा ने बुधवार को मुखानी स्थित भाजपा कार्यालय में बैठक की और रैली को सफल बनाने के लिए जिम्मेदारियां सौंप दी हैं। वहीं, कांग्रेस की हाईकमान की ओर से एक टीम देर रात दिल्ली पहुंच गई है, जो आज रामनगर में कोर कमेटी की बैठक लेगी और तैयारियों को अंतिम रूप दिया जाएगा।

वॉल्वो बसों में यात्रियों को नहीं मिल रहा पानी

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : उत्तराखंड परिवहन निगम की वॉल्वो बसों में बंटने वाले पानी की बोतल में गंदगी मिलने के मामले की जांच अभी तक पूरी नहीं हो पाई है। जिस कारण यात्रियों को सफर के दौरान पानी नहीं मिल पा रहा है। यात्री बाहर से पानी खरीदने को मजबूर हो रहे हैं।

निगम की वॉल्वो बसों में उत्तराखंड परिवहन नीर के नाम से पानी की बोतल दी जाती हैं। बीती 3 अप्रैल को हल्द्वानी से दिल्ली को जाने वाली काठगोदाम डिपो की वॉल्वो बस में यात्रियों के पानी रखा था। बस परिचालक ने पानी की एक बोतल को बाहर निकालकर जैसे ही जांचा तो पानी में गंदगी तैरती नजर आई। शिकायत पर कर्मचारी बस में पहुंचे और पानी की पेटी की जांच की। पेटी में सभी बोतलों में पानी में गंदगी थी। इसके बाद वॉल्वो बसों में पानी की आपूर्ति रोक दी गई। साथ ही पानी के सप्लायर से जवाब मांगने के साथ ही जांच शुरू की गई। लेकिन अभी तक पानी की जांच पूरी न होने से वॉल्वो बसों में यात्रियों को पानी नहीं मिल पा रहा है।

इधर, हल्द्वानी डिपो के एआरएम सुरेंद्र बिष्ट ने बताया कि अभी तक पानी की जांच पूरी नहीं हो पाई है। जिसके चलते बसों में पानी की आपूर्ति बाधित है।

चांद दिखाई दिया, आज मनाई जाएगी ईद

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : शव्वाल महीने का चांद बुधवार को दिखाई दे गया है, यानी आज ईद धूमधाम से मनाई जाएगी। इसको लेकर रोजेदारों में जबरदस्त उत्साह है। प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

बुधवार की रात को ईद का चांद दिखाई दिया। इसके बाद रोजेदारों ने एक-दूसरे को मुबारकबाद दी। बंजारान मस्जिद के इमाम अब्दुल बासित ने बताया कि बुधवार की देर शाम रोजा इफ्तारी के बाद मगरिब की नमाज अदा की गई और लोगों ने अपने-अपने घरों की छतों पर चढ़कर ईद के चांद के दीदार किए। चांद की तस्दीक होने के बाद एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। गुरुवार की सुबह 8:30 बजे ईदगाह में नमाज पढ़ाई जाएगी। उन्होंने बताया कि रमजान के पाक माह में साफ मन से रोजा रखने वाले और नमाज अदा करने वाले लोगों पर अल्लाह की रहमत बरसती है। इस दिन लोग सुबह नए कपड़े पहनकर नमाज अदा करते हुए अमन और चैन की दुआ मांगते हैं, फिर एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद देते हैं। इधर,चांद दिखाई देने के बाद बाजारों में रौनक उमड़ पड़ी। बनभूलपुरा के लाइन नंबर-8, लाइन नंबर-1, ताज चौराहा, आजाद नगर मार्केट, रेलवे बाजार, नया बाजार, मीरा मार्ग में देर रात तक बाजार गुलजार रहा। महिलाओं ने ज्वैलरी, कॉस्मेटिक की खरीदारी की। किराना की दुकानों पर भी सेवई और खीर के लिए सामग्री की खूब बिक्री हुई है।

हल्द्वानी में चांद का दीदार करते मुस्लिम समुदाय के लोग। ● अमृत विचार

13 अप्रैल को बूंदा-बांदी और बाकी दिन रहेगी गर्मी

संवाददाता, हल्द्वानी/पंतनगर

अमृत विचार : मौसम विभाग ने उत्तराखंड में मौसम परिवर्तन का अनुमान जताया है। शनिवार को हल्की बूंदा-बांदी हो सकती है। साथ ही बाकी दिनों तेज गर्मी पड़ेगी।

कुमाऊं के मैदानी इलाकों में बारिश की संभावना है। जीबी पंत कृषि विश्वविद्यालय के मौसम विशेषज्ञ डॉ. आरके सिंह ने बताया कि अगले सप्ताह तापमान अधिकतम 35 से 36 डिग्री और न्यूनतम 14-16 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा। 13 अप्रैल को बहुत हल्की (4-5 मिमी.) बारिश होने की संभावना है। साथ ही इस दिन अलग-अलग स्थानों पर बिजली गिरने/ओलावृष्टि और तेज हवा



(40-50 किमी. प्रति घंटे) के साथ आंधी चलने की चेतावनी दी गई है। शेष अवधि में 10-14 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से पश्चिम और दक्षिण-पश्चिम दिशा से हवा चलने का अनुमान है।

इस दौरान मौसम शुष्क बने रहने की संभावना है। इसलिए सभी कृषि गतिविधियों को मौसम के अनुसार व्यवस्थित किया जाना चाहिए। इधर, हल्द्वानी में बुधवार को तेज धूप पड़ी। रात के समय मौसम अपेक्षाकृत ठंडा रहा।

बिलिंग घोटाला | वित्त नियंत्रक को जांच में पंजीकरण प्रभारी और सहायक की मिली लापरवाही

34 रसीदें गायब, दो नियमित कर्मियों को नोटिस

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : सुशीला तिवारी अस्पताल में मार्च माह में सामने आए बिलिंग घोटाले की जांच पूरी होने के बाद जहां मुख्य आरोपी उपनल कर्मचारी को दोषी पाया गया है। वहीं दो नियमित कर्मचारियों पर भी जांच की तलवार लटकी है। जांच अधिकारियों को 34 रसीदें गायब मिलीं हैं। मामले में दोनों नियमित कर्मचारियों को नोटिस दिया गया है।

एसटीएच में बिलिंग घोटाला सामने आने के बाद पता चला कि रेडियोलॉजी एवं केंद्रीय लैब से होने वाली जांचों के रुपये बिलिंग काउंटर के कर्मचारी अस्पताल के खाते में नहीं डाल रहे हैं, बल्कि अपने पास रख रहे हैं। कॉलेज प्रबंधन के जांच प्रबंधक वित्त नियंत्रक ने पूरी जांच में एक लाख से अधिक रसीदों की जांच की है।

14 दिन में दोनों कर्मचारियों से जवाब देने को कहा

07 लाख 57 हजार 867 रुपये का हुआ था घोटाला

> बिलिंग घोटाले की जांच में एक लाख रसीदों की जांच हुई तो 34 रसीद गायब मिली हैं। ऐसे में पंजीकरण प्रभारी और उनकी सहायक को नोटिस भेजा गया है। **-एसपी सिंह**, वित्त नियंत्रक, राजकीय मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी

जांच के बाद पता चला कि कुल 7,57,867 रुपये का घोटाला किया गया है। वहीं कुल 34 रसीदें गायब होने की बात भी सामने आई है। मुख्य आरोपी उपनल कर्मचारी को माना गया है। साथ ही पंजीकरण प्रभारी और उनकी सहायक की लापरवाही भी मिली है। दोनों को नोटिस देकर 14 दिन में जवाब देने को कहा है। जिसके बाद दोनों पर आरोप तय किए जाएंगे।

ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ायेगा विद्युत विभाग

हल्द्वानी, अमृत विचार : बिजली विभाग लो-वोल्टेज की समस्या से निजात दिलाने के लिए ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाने की कवायद कर रहा है। इसके लिए गौलापार बिजली उपकेंद्र में 5 एमबीए से बढ़ाकर 10 एमबीए ट्रांसफार्मर की क्षमता की जाएगी। जबकि शहरी इलाकों को देखते हुए बिजली विभाग सुभाष नगर बिजली उपकेंद्र में 12.5 एमबीए तक ट्रांसफार्मर की क्षमता को बढ़ाएगा।

ईई प्रदीप बिष्ट ने बताया कि आने वाले दिनों में ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाई जाएगी। इसके लिए प्रस्ताव तैयार कर मुख्यालय भेज दिया गया है। जिससे उपभोक्ताओं को लो-वोल्टेज की समस्या से निजात मिल पाएगी।

डीएम से भूमि कब्जाने की शिकायत

खबर का असर

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : भूमि वन विभाग की, पट्टेदार राजकीय मेडिकल कॉलेज और कब्जेदार बना नगर निगम का मामला अब डीएम तक पहुंच गया है। मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी ने डीएम से नगर निगम की शिकायत करते हुए उक्त भूमि से कब्जा हटाने का अनुरोध किया है।

सुशीला तिवारी अस्पताल के सामने की भूमि राजकीय मेडिकल कॉलेज के अधीन है। जिसे वन विभाग ने कॉलेज को पट्टे पर दिया है। बता दें कि कुछ माह पूर्व नगर निगम अस्पताल के आसपास से अतिक्रमण हटाया था। जिसके बाद खाली भूमि पर नगर निगम ने कब्जा कर लिया और सशुल्क पार्किंग का बोर्ड लगा दिया। मामले में मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने कई बार निगम अधिकारियों को पत्र लिखकर बोर्ड हटाने को कहा, लेकिन बोर्ड हटाने के बजाय निगम अधिकारियों ने सशुल्क पार्किंग का ठेका दे दिया। बीती 10 अप्रैल को अमृत विचार समाचार पत्र ने 'नगर निगम ने भूमि कब्जाई, अतिक्रमण पर आंखें मूंदी' शीर्षक के साथ समाचार प्रकाशित किया था। बुधवार को मामले में मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी ने डीएम वंदना सिंह को शिकायती पत्र लिखा। जिसमें उन्होंने डीएम से भूमि से कब्जा हटाने का अनुरोध किया।

सुशीला तिवारी अस्पताल के सामने अवैध तरीके से लगी दुकानें। ● अमृत विचार

आश्वासन के बाद मतदान करने को तैयार हुए चकलुवा के ग्रामीण

सड़क नहीं तो वोट नहीं के लगाये थे गांव में पोस्टर, स्वीप व लोनिवि के अधिकारी पहुंचे मनाने

खबर का असर

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : सड़क नहीं तो वोट नहीं के पोस्टर लगाकर लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने वाले कालाढूंगी के चकलुवा रामपुर के ग्रामीण आश्वासन के बाद मतदान करने को तैयार हो गए हैं। अमृत विचार में खबर प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद शासन-प्रशासन हरकत में आया और बुधवार को स्वीप टीम ने गांव का दौरा किया।

स्वीप के जिला सह समन्वयक गौरी शंकर कांडपाल ने बताया कि टीम ने ग्रामीणों से बात की और उन्हें मतदान के लिए मना लिया है। एक पक्ष की आपत्ति के कारण गांव में सड़क नहीं बन पा रही है, लेकिन ग्रामीणों को समझाया गया कि लोकतंत्र में मतदान आपका अधिकार है, इसलिए मतदान जरूर कीजिए।

चकलुवा रामपुर में ग्रामीणों को मतदान के लिए प्रेरित करते स्वीप अधिकारी। ● अमृत विचार

> स्वीप टीम ने आश्वासन दिया है कि चुनाव के बाद सड़क की समस्या का हल निकाला जाएगा, जिसके बाद ही ग्रामीणों ने मतदान के लिए हामी भरी है।
> – जोगेंद्र प्रसाद, ग्राम प्रधान, चकलवा रामपुर

मतदान को लेकर ग्रामीणों के बीच हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया, जिसमें करीब 31 लोगों ने प्रतिभाग किया। इधर, ग्रामीणों का कहना है कि वे पिछले दो दशकों से सड़क की मांग कर रहे हैं। अधिकारियों व जन प्रतिनिधियों के सुध न लेने पर उन्होंने चुनाव के बहिष्कार का मन बना लिया था। स्वीप टीम व लोनिवि अधिकारियों के सड़क बनाने के आश्वासन के बाद ग्रामीण मतदान को तैयार हो गए हैं। इस दौरान स्वीट के सह समन्वय ललित मोहन पांडे, मंजुल पांडे, मिनाक्षी कीर्ति, रश्मि पांडे, पीडब्ल्यूडी के एई सुनील कुमार, चंदन लाल शाह, दिनेश सिंह कन्याल, गोविंद लाल शाह, किशन लाल शाह, प्रताप सैनी, शेखर जोशी, हरीश लाल शाह, मदन सिंह आदि मौजूद रहे।

ईवीएम की कमिशनिंग तय समय में पूरी की जाए

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : सामान्य प्रेक्षक गगनदीप सिंह बरार ने बुधवार को एमबीपीजी कॉलेज में बने चुनाव कार्यालय में कंट्रोल रूम, एमसीसी कक्ष एवं एमसीएमसी कक्ष का निरीक्षण किया।

बरार ने निरीक्षण के दौरान चुनाव ड्यूटी में तैनात कार्मिकों से कंट्रोल रूम में आने वाली शिकायतों तथा सोशल मीडिया की मॉनीटरिंग की जानकारी ली। सोशल मीडिया की निगरानी कर रही टीमों ने बताया गया कि प्रत्याशियों के इंटरनेट मीडिया एकाउंट पर विशेष निगरानी की जा रही है। उन्होंने कहा कि कंट्रोल रूम में कोई भी शिकायत या सूचना किसी की ओर दी जाए तो उनका त्वरित समाधान किया जाए। इसके बाद सामान्य प्रेक्षक ने सभी विस सीटों की ईवीएम कमिशनिंग का जायजा लिया। उन्होंने निर्धारित समय में कमिशनिंग पूरा करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर बताया गया कि जनपद की सभी विधानसभा सीटों के लिए 1509 बैलेट यूनिट, 1509 कंट्रोल यूनिट एवं 1585 वीवीपैट में से 407 बैलेट, 503 कंट्रोल, 435 वीवीपैट की कमिशनिंग हो चुकी है। कमिशनिंग के दौरान बैलेट-कंट्रोल, वीवीपैट में तकनीकी समस्या आ रही है उन्हें निर्वाचन आयोग के 17 इंजीनियर्स ने खराब मशीनों को रिप्लेस किया जा रहा है।

कंट्रोल रूम का निरीक्षण करते सामान्य प्रेक्षक गगनदीप सिंह बरार।

सार-संक्षेप

हाथीखाल क्षेत्र में कलश यात्रा निकालतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

कलश यात्रा के साथ संगीतमय भागवत कथा शुरू

लालकुआं : मोतीनगर के हाथीखाल नवज्योति नगर में संगीतमय भागवत कथा का भव्य कलश यात्रा के साथ बुधवार को शुभारंभ हुआ। कथा के शुभारंभ पर प्रात: गणेश पूजन किया गया। इसके बाद भव्य मंगल कलश यात्रा निकाली, जो हाथीखाल गांव से बकुलिया, जगदंबा कॉलोनी और मोतीनगर के विभिन्न मंदिरों में घूमकर नवज्योति नगर में संपन्न हुई। दोपहर बाद व्यास आचार्य पंडित बसंत बल्लभ पांडे ने श्रद्धालुओं को भागवत कथा के संबंध में अवगत कराया। तीन घंटे की कथा के बाद देर शाम महाआरती और प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य यजमान हेमंत पांडे और पूजा पांडे, हरीश भट्ट, प्रकाश नागिला, गणेश दत्त पांडे, सुरेश जोशी, जगदीश चंदोला, विनोद पांडे, ललित पांडे, राजू चंदोला आदि मौजूद रहे।

वन दरोगाओं को दिया आधुनिक यंत्रों का प्रशिक्षण

रामनगर : नव नियुक्त वन दरोगाओं, वन आरक्षियों और फायर वाचरों को आधुनिक यंत्रों से मानव वन्यजीव संघर्ष न्यूनीकरण के लिए ट्रेनिंग दी गई। गर्जिया क्रू स्टेशन में कार्यक्रम के दौरान सर्पदुली रेंज अधिकारी बिंदरपाल ने वन दरोगाओं को इस संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। फायर सुरक्षा उपकरणों के प्रयोग के दौरान मॉक ड्रिल करायी गई। कार्यक्रम में सर्पदुली रेंज अधिकारी बिन्दर पाल, वन दरोगा धर्मपाल सिंह नेगी, शिवम द्विवेदी, वन आरक्षी विजय पाल, पंकज, पंकज रावत, गोविन्द सिंह और फायरवाचर आदि मौजूद रहे।

मतदाताओं की खामोशी से पसरा सन्नाटा

लालकुआं : लालकुआं के समीपवर्ती गांव बिंदु खत्ता के इंदिरा नगर, राजीव नगर, संजय नगर, रावत नगर, खुरिया खत्ता, चित्रकूट, तिवारी नगर, शिवपुरी, शीशम भुजिया, शास्त्री नगर, गांधीनगर, 17 एकड़ व सुभाष नगर क्षेत्र के भ्रमण में सन्नाटा मिला। बिंदुखत्ता में कुल 39 बूथ हैं जिनमें करीब 34 हजार मतदाता शामिल हैं। जब उनसे पूछा गया कि चुनाव में किसके पक्ष में मतदान करेंगे, महिलाओं ने तपाक से जवाब दिया काम तो किसी ने किया नहीं, ऊपर से आवारा जानवरों ने उनकी फसलों को खासा नुकसान पहुंचाया है। ऐसे में किसको वोट दें।

सार-संक्षेप

मालधन डिग्री कॉलेज में मतदान की शपथ लेते शिक्षक और कर्मचारी। ● अमृत विचार

अनिवार्य मतदान की शपथ दिलाई

रामनगर : स्वीप के अंतर्गत राजकीय महाविद्यालय मालधनचौड़ में प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. जीसी पंत ने महाविद्यालय के प्राध्यापकों, कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों को अनिवार्य मतदान की शपथ दिलाई। डॉ पंत ने कहा कि केवल खुद मतदान करने की शपथ लेना ही पर्याप्त नहीं है बल्कि अपने आस पड़ोस के सभी मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करने का भी सभी को संकल्प लेना होगा। लोगों को मतदान कराने के लिए हमें जागरूक नागरिक बनने का परिचय भी देना होगा। इस दौरान स्वीप समन्वयक डॉ. आनंद प्रकाश, प्रदीप चंद्र, मनोज कुमार, मनोज रावत मो. नफीस, शुभम ठाकुर, राकेश चंद्र, जसवंत सिंह, जगदीश चंद्र तथा समस्त विद्यार्थी उपस्थित रहे।

नये युवा मतदाताओं को आईडी कार्ड देते विशाल मिश्रा। ● अमृत विचार

नए मतदाताओं को घर जाकर दिए वोटर आईडी कार्ड

हल्द्वानी : लोकसभा चुनाव में पहली बार मतदान करने जा रहे युवा मतदाताओं को सहायक नोडल अधिकारी स्वीप विशाल मिश्रा ने उनके घर जाकर वोटर आईडी कार्ड दिये। विशाल मिश्रा ने बनभूलपुरा निवासी साहिब नाज और विकास नगर निवासी सरण्या साह को उनके घर जाकर एपिक कार्ड वितरित कर मतदान के प्रति जागरूक किया। साथ ही उन्होंने जिले के सभी नव मतदाताओं से 19 अप्रैल को मतदान करने की अपील की। इस दौरान सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट और स्वीप समन्वयक मोनिका चौधरी मौजूद रहीं।

निशानेबाजी में तिलक, चंद्रकला व गौरव ने मारी बाजी

हल्द्वानी : जिला खेल कार्यालय की ओर से बुधवार को 10 मीटर शूटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें नैनीताल और ऊधमसिंह नगर से करीब 35 निशानेबाजों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में तिलक जोशी ने 574-600 अंक के साथ पहला, चंद्रकला मेहता ने 564-600 अंक के साथ दूसरा और गौरव बिष्ट ने 564-600 अंक से साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। विजेता खिलाड़ियों को स्वीप नैनीताल ने पुरस्कृत किया। साथ ही उन्हें मतदान की शपथ दिलाई। इस मौके पर जिला प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी वरूण बेलवालाव, रमेश अधिकारी, विनय जोशी, त्रिलोक सिंज जीना समेत कई लोग मौजूद रहे।

मेघनाद वध, सती सुलोचना का मंचन

उत्थान मंच में आयोजित महिला रामलीला में श्रीराम व कुभंकरण युद्ध का मंचन करते कलाकार।

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच हीरानगर में चल रही महिला रामलीला में बुधवार को कुंभकरण, मेघनाथ वध और सती सुलोचना का भावपूर्ण जीवंत मंचन किया गया। गुरुवार को रावण वध के साथ रामलीला का समापन होगा। रामलीला मंचन के दौरान पूरा पंडाल दर्शकों से भरा रहा। सुलोचना की भूमिका में डॉ. गुंजन जोशी के अभिनय की लोगों ने जमकर तारीफ की।

इससे पूर्व मुख्य अतिथि क्वीन्स पब्लिक स्कूल के निदेशक आरपी सिंह, उत्थान मंच के अध्यक्ष खड़क सिंह बगड़वाल व साकेत अग्रवाल ने दीप प्रज्जवलित कर रामलीला का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में पुनर्नवा महिला समिति की अध्यक्ष लता बोरा, यशोदा रावत, शांति जीना, कल्पना रावत, जानकी पोखरिया, मंजू बनकोटी, प्रेमा बृजवासी, अंजना बोरा रेखा रावत, कमला रौतेला, कुसुम बोरा आदि मौजूद रहीं।

राधा नगर व्यापार मंडल की महिला अध्यक्ष बनीं

हल्द्वानी, अमृत विचार : प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता ने खैरना नगर इकाई की सहमति से राधा गोस्वामी को महिला इकाई का अध्यक्ष मनोनीत किया है। वह जल्द ही कार्यकारिणी का विस्तार करेंगी। गुप्ता ने उम्मीद जताई है कि राधा गोस्वामी के अध्यक्ष बनने से संगठन मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि जल्द ही गरमपानी, खैरना, छड़ा, पातली, भुजान, टूनाकोट, चमड़ियां, सुयालबाड़ी बाजार में भी महिला इकाईयों के गठन के लिए तैयारियां तेज की गई हैं। उनकी नियुक्ति पर प्रदेश संगठन प्रभारी वीरेंद्र गुप्ता, नगर अध्यक्ष गजेंद्र सिंह नेगी, विरेन्द्र सिंह, मनीष तिवारी, गोविन्द सिंह, विक्रम सिंह, सुनील मेहरा, संजय सिंह, फिरोज अहमद, दीवान सिंह आदि ने खुशी जताई है।

ज्ञापन सौंपते आंबेडकर मिशन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

आंबेडकर मिशन ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

हल्द्वानी : डॉ. आंबेडकर मिशन एंड फाउंडेशन ने बुधवार को नगर मजिस्ट्रेट के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा। जिसमें 14 सूत्रीय मांगों के शीघ्र निराकरण की मांग की गई। ज्ञापन में सभी राज्यों में एसएसी, एसटी और ओबीसी वर्ग के लिए संवैधानिक आरक्षण को पूरा करने, भूमिहीनों को न्यूनतम एक एकड़ भूमि देने, सार्वजनिक स्कूलों को बढ़ावा देने और महिलाओं को निशुल्क अनिवार्य शिक्षा देने की मांग उठाई गई। ज्ञापन सौंपने वालों में जीआर टम्टा, गंगा प्रसाद, राजेंद्र कुटियाल, संजय बघरवाल, सुंदर लाल, विनोद कुमार, हरीश चंद्र टम्टा आदि रहे।

विद्युत विभाग जून में देगा उपभोक्ताओं को राहत

हल्द्वानी : विद्युत विभाग आगामी जून माह में उपभोक्ताओं को विद्युत बिलों में राहत देगा। उत्तराखंड पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड की ओर से हर वर्ष जून में बिजली उपभोक्ताओं को सिक्योरिटी डिपॉजिट पर ब्याज दिया जाता है। इसका आदेश उत्तराखंड विद्युत नियामक आयोग के यूपीसीएल जारी करता है। ईई प्रदीप बिष्ट ने बताया कि मुख्यालय की ओर से अभी कोई गाइड लाईन प्राप्त नहीं हुई है। गाइड लाईन मिलते ही उपभोक्ताओं को इसके तहत लाभ दिया जाएगा।

मेहरा स्पोर्ट्स एकेडमी ने 53 रन से जीता मैच

हल्द्वानी : क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ अल्मोड़ा की ओर से आयोजित अंडर-19 बालक क्रिकेट लीग में बुधवार को मेहरा स्पोर्ट्स एकेडमी ने फ्रेंड्स क्लब को 53 रन से हराकर जीत हासिल की। जीएनजी क्रिकेट ग्राउंड में पहले बल्लेबाजी करते हुए मेहरा स्पोर्ट्स एकेडमी ने 45 .5 ओवर में 223 रन का स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से आदित्य चौहान ने 65 रन व भार्गव भंडारी ने 46 रन का योगदान दिया। फ्रेंड्स क्लब की टीम 34 .2 ओवर में 170 रनों पर ही सिमट गई।

भ्रष्टाचार के खिलाफ जारी रहेगी लड़ाई: उप्रेती

हल्द्वानी, अमृत विचार : भारत की लोक जिम्मेदारी पार्टी के पदाधिकारियों ने मंगलवार को पत्रकार वार्ता की। जिसमें पार्टी के नैनीताल लोकसभा सीट के उम्मीदवार जीवन चंद्र उप्रेती ने कई मुद्दे रखे और भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लगातार जारी रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि पार्टी के संस्थापक पूर्व आईएएस धरम सिंह रावत ने नौकरी में रहते हुए भ्रष्टाचार के खिलाफ धरना दिया था, जिसके बाद शासन की ओर से उन्हें काफी प्रताड़ित किया गया। उप्रेती ने कहा कि न्याय पालिका, विधायिका व कार्यकालिका में जवाबदेही व पारदर्शिता को महत्व दिया जाए। शराब व नशे पर पाबंदी, भूमि सुधार अधिनियम लागू करने, जनभावनाओं के अनुरूप राज्य की स्थाई राजधानी बनाने आदि मुद्दों पर चुनाव लड़ा जा रहा है। वार्ता के दौरान पार्टी के अध्यक्ष दान सिंह रावत, दयाल सागर जोशी, अजय उप्रेती, नानक चंद्र लोहिया, प्रकाश वीर जैन, जीतेंद्र सिंह रौतेला, दीपक जोशी, भानु शाह, शिव शंकर आदि उपस्थित रहे।

घोषण पत्र देखाते लोक जिम्मेदार पार्टी के प्रत्याशी जीवन चंद्र उप्रेती व कार्यकर्ता।।

रामनगर में कई लोगों ने ली भाजपा की सदस्यता

रामनगर : भाजपा के गढ़वाल सीट से लोकसभा प्रत्याशी अनिल बलूनी के पीरूमदारा क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम में कई लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम के दौरान सतनाम सिंह पूर्व प्रबंधक किसान इंटर कॉलेज व बसपा नेता पवन अग्रवाल ने साथियों के साथ भाजपा की सदस्यता ली। कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता शिशुपाल सिंह रावत ने किया। पूर्व दर्जा राज्यमंत्री रेनू अधिकारी के पति महेंद्र अधिकारी के नेतृत्व में ब्राह्मण सभा के प्रदेश संयोजक हेम भट्ट भी साथियों के साथ भाजपा में शामिल हो गए। कार्यक्रम के दौरान विधायक दीवान सिंह बिष्ट, लोकसभा सह प्रभारी हेमंत द्विवेदी, भागीरथ लाल चौधरी, सुंदर सिंह, मुकेश रावत, नरेंद्र चौहान, मनोज बुधानी, गंगा सिंह रावत, शंकर सिंह रावत, पुरुषोत्तम, कनिका रौतेला, नैना अग्रवाल, अर्जुन रावत, बृजेश मधवाल आदि उपस्थित रहे।

बच्चों, शिक्षकों व अभिभावकों को दी स्वास्थ्य की जानकारी

हल्द्वानी, अमृत विचार : आदित्य बिरला एजुकेशन ट्रस्ट एवं सेवा संकल्प की ओर से उजास कार्यक्रम के तहत दून कॉन्वेंट स्कूल में मेंस्ट्रअल हाइजीन एंड प्यूबर्टी विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें सुखप्रीत कौर, अनीता सूद, लवलीन छाबड़ा, शृष्टि और पूजा ने मासिक धर्म, स्वास्थ्य और मिथक के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. जय श्री तिवारी, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रदीप पंत, डॉ. मनीष, डॉ. दिव्यज्योति और होम्योपैथी चिकित्सक डॉ. उमेश चंद्र पंत ने निशुल्क जांच शिविर भी लगाया। इससे पूर्व प्रधानाचार्य कृष्णा जोशी, सेवा संकल्प के संस्थापक शिव कुमार श्रीवास्तव व केंद्रीय सदस्य विपुल शंकर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में पूजा बिष्ट, सृष्टि, वीरेंद्र यादव, लवकुश एवं शिक्षक मौजूद रहे।

नौकुचियाताल में घर-घर जनसंपर्क करते सांसद प्रत्याशी अजय भट्ट।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने घर-घर किया जनसंपर्क

भीमताल : नौकुचियाताल शक्ति केंद्र के बूथ संख्या 140 के बूथ अध्यक्ष गोपाल साह के नेतृत्व एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य वीना आर्य, पूर्व जिला मीडिया प्रभारी राहुल जोशी, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता चंद्रशेखर बृजवासी, शक्ति केंद्र संयोजक महेश जोशी, पंकज साह, कमल बृजवासी, विशन पोखरिया, मनोज गोस्वामी, मातृशक्ति पूजा जोशी, दीपा उप्रेती, ललिता उप्रेती, ममता बोस आदि की उपस्थिति में घर-घर जाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और नैनीताल-ऊधमसिंह नगर सीट के प्रत्याशी अजय भट्ट के पक्ष में मतदान की अपील की। इस दौरान प्रत्याशी अजय भट्ट भी मौजूद रहे। लाभार्थियों से भी संपर्क कर वोट भाजपा के पक्ष में सुनिश्चित करने के लिए प्रचार प्रसार किया।

20 पेटी शराब संग गिरफ्तार

भीमताल : थानाध्यक्ष जगदीप नेगी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान चन्दा देवी मन्दिर के पास एक व्यक्ति को शराब तस्करी करते हुए गिरफ्तार किया। मामले की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष ने बताया कि राम बहादुर पुत्र बुदे परिहार निवासी भीमताल से 20 पेटी शराब बरामद हुई।

सेहत | जानकारी के अभाव में लोग पत्तियों के इस्तेमाल से वंचित, नियमित सेवन से हो सकते हैं रोग मुक्त

पत्तियों में छिपा है डायबिटीज के उपचार का राज

विनोद पपनै, रामनगर

अमृत विचार : प्रकृति ने हमें बहुत सी ऐसी जड़ी बूटियों से नवाजा है जिनसे जटिल से जटिल रोगों का उपचार संभव है। प्राचीन काल में ऋषि मुनि भी इन्ही जड़ी बूटियों से जटिल से जटिल रोगों का उपचार किया करते थे। वैसे तो डायबिटीज से आम लोग परेशान जरूर हैं, मगर कई पत्तियों में डायबिटीज के उपचार का राज छिपा है। जानकारी न होने से लोग इनका स्तेमाल कर पाने से वंचित हो जाते हैं। आइए जानते हैं पत्तियों में छिपी इस महत्वपूर्ण जानकारी के बारे में।

आम की पत्तियां

अक्सर डायबिटीज के मरीजों को आम का सेवन न किये जाने की सलाह चिकित्सक दिया करते हैं, लेकिन इसकी पत्तियां डायबिटीज के उपचार में लाभदायक हैं। दरअसल आम की पत्तियां ग्लूकोज सोखने की आंत की क्षमता घटाती हैं। इससे खून में शुगर का स्तर नियंत्रित रहता है। आम की पत्तियां सुखाकर इसका पाउडर बना लें। खाने से एक घंटे पहले पानी में आधा चम्मच घोलकर पीने से लाभ होगा।

> डाइबिटीज अथवा मधुमेह या शूगर जो आज आम रोग हो गया है। इसका इलाज पौधों के पत्तों में छिपा है। जी हां, बहुत सी प्रजातियों के पत्ते चबाकर खाने से मधुमेह को नियंत्रित किया जा सकता है। नीम, कड़ी पत्ता, तेजपत्ता, सहजन, कासनी, बेल, जामुन, सदाबहार, हरशृंगार के पत्तों को प्रात: खाली पेट नियमित रूप से चबाकर खाएं। आधे घंटे तक कुछ ना खाएं। ये अगर रोज करेंगे तो निश्चित तौर से आप डाइबिटीज पर काबू पा सकते हैं।
> –**मदन सिंह बिष्ट**, वन क्षेत्राधिकारी, वन अनुसंधान केन्द्र, हल्द्वानी

तुलसी की पत्तियां

तुलसी पाचनतंत्र को दुरुस्त करने वाली औषधि है। तुलसी की पत्तियां अग्नाशय की बीटा-कोशिकाओं की गतिविधियों को सुचारु बनाए रखती हैं। इससे यह कोशिकाएं सही मात्रा में इन्सुलिन का उत्पादन करती हैं और ब्लड शुगर काबू में रहता है। रोजाना सुबह खाली पेट 2 से 4 पत्तियां तुलसी की चबाना लाभकारी हो सकता है।

जामुन की पत्तियां

विशेषज्ञ ब्लड शुगर बढ़ने पर चार से पांच पत्तियां पीस कर पानी के साथ निगल जाने की सलाह देते हैं। इससे ब्लड शुगर में लाभ होता है। शुगर जब काबू में आ जाये तो इसका स्तेमाल बन्द कर देना चाहिए।

सहजन

सहजन जिसे सजना, ड्रम स्टिक, मोरिंगा नाम से भी जाना जाता है। काफी औषधीय गुणों से भरपूर है। इसके पत्तों का काढ़ा अथवा सूखाकर पाउडर बना लेने से शूगर में लाभ होता है।

नीम की पत्तियां

नीम की पत्तियां भी डायबिटीज दूर करने में मददगार हैं। रोजाना सुबह खाली पेट नीम की ताजी पत्तियों को पीस कर एक चम्मच रस पीना ब्लड शुगर में लाभदायक माना गया है।

कासनी

कासनी एक महत्वपूर्ण प्रजाति है। इसके पत्तों के चबाकर खाने से पेनक्रियाज एक्टिव हो जाता है जो प्राकृतिक रूप से इन्सुलिन बनाने लगता है, इसकी 2-3 पत्तियों को नियमित रूप से चबाना चाहिए।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India, Phone: 0581-2526051, 053, 153
Email: registrar@biu.edu.in, Website: www.biu.edu.in
For any query contact : 7906374491, 9105500202, 9105500404
APPLICATIONS ARE INVITED FOR ADMISSION TO Ph. D. PROGRAMMES JULY 2024 SESSION IN THE FOLLOWING DISCIPLINES
FACULTY OF MEDICAL SCIENCES (All Clinical and Non-Clinical Specialties)
FACULTY OF NURSING M. Sc.(N) with 3 years teaching or clinical experience
FACULTY OF DENTAL SCIENCES All Specialties)
HUMANITIES AND JOURNALISM English
FACULTY OF PHARMACY
Last Date of Receiving Application : 20th May, 2024
Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.), India
For more details and application form & application fee
Visit University Website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/research/Latest-Application-form-for-PHD-pogramme.pdf

वर्ष 2008 में हुआ था पौड़ी गढ़वाल सीट का उपचुनाव, अंतिम क्षण तक सांस रोकने वाले रहे चुनावी नतीजे

डाक मतपत्रों से जीती थी टीपीएस रावत ने गढ़वाल की सीट

संवाददाता, हल्द्वानी



अमृत विचार: उत्तराखंड में सर्विस वोटरों का भी काफी महत्व है। यहां से बड़ी संख्या में लोग फौज के साथ ही अन्य सरकारी महकमों में नौकरी करते हैं लेकिन कभी यह नहीं सोचा जाता है कि सर्विस वोटर भी किसी चुनाव में जीत-हार में निर्णायक भूमिका निभा देंगे। साल 2008 में पौड़ी गढ़वाल सीट के उपचुनाव में कुछ ऐसा हुआ था। भाजपा प्रत्याशी टीपीएस रावत को डाकपत्रों की गिनती के बाद ही जीत मिली थी।

साल 2004 के लोकसभा चुनाव में मेजर जनरल (सेनि) भुवन चंद्र खंडूड़ी पौड़ी लोकसभा सीट से सांसद बने। भाजपा की केंद्र में सरकार चली गई तो खंडूड़ी भी केंद्रीय कैबिनेट मंत्री की जगह केवल सांसद रह गए। हालांकि वह लालकृष्ण आडवाणी के चेहते थे। साल 2007 में जब उत्तराखंड में भाजपा सरकार बनी तो सारे समीकरणों को धता बताकर खंडूड़ी को सीएम बना दिया गया। अब खंडूड़ी को विधायक बनना था। इसलिए उन्होंने कांग्रेस में सेंधमारी की और धूमाकोट से कांग्रेस के विधायक ले. जनरल (सेनि) टीपीएस रावत से सीट खाली करवा ली। कहा यह भी जाता है कि खंडूड़ी की काट के लिए ही कांग्रेस टीपीएस रावत को आगे बढ़ा रही थी, इसलिए खंडूड़ी ने एक तीर से कई निशाने साध दिए। धूमाकोट सीट छोड़ने के बदले में टीपीएस रावत को भाजपा ने पौड़ी सीट से लोकसभा के उपचुनाव में उम्मीदवार बना दिया। साल 2008 में चुनाव हुआ। कांग्रेस के टिकट से सतपाल महाराज ने इस सीट पर भाजपा प्रत्याशी को कड़ी टक्कर दी।

ईवीएम की गिनती तक टीपीएस रावत मतगणना में 251 वोटों से पीछे चल रहे थे। बाद में शुरू हुई 16 हजार डाकपत्रों की गिनती और उसके बाद टीपीएस रावत महाराज से करीब 8,000 वोटों से जीत गए। यह चुनाव अपने आप में इतिहास बन गया। डाकपत्रों ने भी लोकतंत्र के पर्व में अपना महत्व बता दिया। इसलिए कहा जाता है कि लोकतंत्र में हर वोट निर्णायक होता है।

वर्ष 2009 में सतपाल ने कर लिया पूरा हिसाब

हल्द्वानी : पौड़ी गढ़वाल सीट पर लोकसभा का चुनाव साल 2009 में हुआ और इस बार इस सीट पर कांग्रेस से सतपाल महाराज तो वहीं भाजपा से टीपीएस रावत मैदान में थे। इस बार महाराज ने पुराना हिसाब चुकता कर लिया और टीपीएस को 17397 वोटों से हरा दिया। बाद में टीपीएस रावत ने भाजपा को अलविदा कह दिया और अपनी पार्टी उत्तराखंड रक्षा मोर्चा बनाई। कुछ दिनों के लिए वह आप में भी शामिल हुए थे। साल 2014 में खंडूड़ी फिर से इस सीट से चुनाव लड़े और सांसद चुने गए।

राजनीति

जब एनडी तिवारी ने रात दो बजे की थी मुलाकात

संवाददाता, हल्द्वानी

मुबारक हुसैन सिद्दीकी।

संस्मरण

▸▸ बनभूलपुरा निवासी मुबारक हुसैन सिद्दीकी ने पुरानी यादों को किया ताजा

अमृत विचार: नारायण दत्त तिवारी हर दिल अजीज नेता थे। वह आम आदमी की तरह लोगों से मिलते और बात करते थे। तिवारी नपा-तुला बोलते लेकिन वह दूरदर्शी नेता थे।

राजनीति में करीब पांच दशक की लंबी पारी खेलने वाले नारायण दत्त तिवारी के बारे में लाइन नंबर-17, बनभूलपुरा के निवासी मुबारक हुसैन सिद्दीकी बताते हैं कि एक बार वह किसी काम के सिलसिले में एनडी तिवारी से मिलने लखनऊ गए। तब वह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री थे और किसी जिले के दौरे पर गए थे। उनके स्टाफ ने उनसे फोन पर बात कराई तो उन्होंने अपने पीए से हमारे रहने-खाने की व्यवस्था कराने के साथ ही इंतजार करने को कहा। हम यही सोच रहे थे कि अब अगली सुबह ही उनसे मुलाकात हो पाएगी लेकिन रात में करीब 2 बजे पहुंचते ही उन्होंने हमें मुलाकात के लिए बुलाया।

उन्होंने बड़ी तसल्ली से गौला नदी से जुड़ी हमारी समस्या को सुना और उचित समाधान सुझाया। वह कहते हैं कि तिवारी हर व्यक्ति की भावनाओं की कद्र करते थे। उन्होंने बताया कि एक बार तिवारी की एचएन इंटर कॉलेज में सभा चल रही थी। हम 25-30 लोग 'एनडी तिवारी जिंदाबाद' और 'हमारी मांगें पूरी करो' के नारे लगा रहे थे। इस बीच सभी सभा स्थल की ओर जाने लगे तो तत्कालीन डीएम व एसएसपी ने हमें रोक लिया।

वे बोले कि आप लोग एक तरफ एनडी तिवारी जिंदाबाद तो दूसरी तरफ हमारी मांगें पूरी करो दोनों तरह के नारे लगा रहे हो। कुछ देर बाद तिवारी की नजर हम लोगों पर पड़ी तो उन्होंने मंच से बोला कि यहां गौला लेबर सोसाइटी वाले भी आए हैं और नारे भी लगा रहे हैं, आपकी बात भी सुनी जाएगी। उन्होंने बताया कि तिवारी जिससे दो-चार बार मिलते थे, फिर उसे कभी नहीं भूलते थे। बताया कि तब बनभूलपुरा में ही उनके एक मित्र हाजी अब्दुल करीम रहते थे। एक बार वह भी हमारे साथ लखनऊ गए। उन्हें देखते ही तिवारी भावविभोर हो गए। बोले, करीम साहब आपके हालचाल कैसे हैं, आपकी क्या सेवा करूं।

कांग्रेस का घोषणा पत्र देखकर हैरान हूं : मुख्यमंत्री

कुंडेश्वरी में हुई जनसभा में बोले मुख्यमंत्री, कहा, गठबंधन नहीं ठगबंधन है, लोकसभा चुनाव में जनता जरूर दे इसका जवाब

जनसभा में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी प प्रत्याशी अजय भट्ट का स्वागत करते हुए भाजपाई। ● अमृत विचार

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को कुंडेश्वरी में भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के समर्थन में रोड शो और जनसभा की। उन्होंने विपक्षी कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र को देखकर हैरान हैं। घोषणा पत्र में लिखा है कि सरकार बनने के बाद मुस्लिम पर्सनल लॉ कानून लागू करेंगे। कांग्रेस के नेता सरकार बनाने में नहीं लगे हैं। दिशाहीन बातें हो रही है।

सीएम धामी ने भट्ट को रिकार्ड तोड़ मतों से जिताने की अपील करते हुए कहा कि पीएम मोदी देश की 140 करोड़ जनता के विकास के लिए तपस्या कर रहे हैं। 2047 तक देश की तस्वीर बदल जाएगी। उन्होंने कहा कि अजय भट्ट ने जोरदार तरीके से राज्य के मुद्दों को केंद्र में रखने का काम किया है। मुरादाबाद सड़क का चौड़ीकरण, वन रैंक वन पेंशन, रोजगार, कृषि, शिक्षा आदि कई योजनाओं पर काम किया है। अजय भट्ट ने कहा कि लोकसभा प्रत्याशियों की सूची में उनका नाम पहली लिस्ट में था लेकिन चुनाव मैं नहीं, चुनाव जनता लड़ रही है, प्रधानमंत्री मोदी चुनाव लड़ रहे हैं। इस दौरान विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, प्रदेश महामंत्री खिलेंद्र चौधरी, गुरविंदर सिंह चंडोक, जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा, राजेश कुमार, राम मेहरोत्रा, दीपक बाली, राजेश सैनी आदि मौजूद रहे।

कई कांग्रेसी हुए भाजपा में शामिल

काशीपुर : कुंडेश्वरी में हुई जनसभा में कांग्रेसी नेता वेद प्रकाश तिवारी, दीदार सिंह, प्रित ढिंगरा, दलजीत सिंह, विपिन कुमार, कुलवंत सिंह, अजब सिंह आदि ने भाजपा की सदस्यता ली।

अगले पांच सालों तक फ्री राशन

काशीपुर : भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट ने कहा कि सरकार अगले पांच सालों तक गरीबों को फ्री राशन देगी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में लोग राशन को तरस रहे हैं। पीएम मोदी के नेतृत्व में देश को आर्थिक मजबूती मिल रही है। देश आगे बढ़ रहा है।

वन ग्रामों को देंगे पर्यटन का स्वरूप

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : 'वन ग्रामों में बसे लोगों को भयभीत होने की जरूरत नहीं है। यहां बसे लोगों को बेदखल नहीं होने दिया जाएगा। सरकार चाहती है कि वन ग्रामों को पर्यटन का जरिया बनाया जाए, ताकि यहां के लोगों की आर्थिक स्थिति मजबूत की जा सके'। यह बात मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को मालधन डिग्री कॉलेज के मैदान में गढ़वाल लोकसभा सीट के प्रत्याशी अनिल बलूनी के समर्थन में हुई जनसभा को संबोधित करते हुए कही।

सीएम धामी ने कहा कि चार हजार हेक्टेयर से ज्यादा सरकारी भूमि अतिक्रमण से मुक्त कराई है। चुनाव के बाद भी इस पर कार्रवाई जारी रहेगी। भाजपा समान नागरिक संहिता के लिए यूसीसी लेकर आई है, लेकिन दूसरी ओर कांग्रेस है, जो मुस्लिम पर्सनल लॉ को बनाए रखना चाहती है। उन्होंने कहा कि अनिल बलूनी रामनगर के लिए बहुत कुछ योजनाएं मन में लिए बैठे हैं। बरसात में रामनगर से पहाड़ की लाइफ लाइन सुचारु रहे, इसके लिए बूलनी ने धनगढ़ी और पनोद नाले पुल को स्वीकृत कराया है। कॉर्बेट में पर्यटन के विस्तार के लिए उनका विशेष योगदान रहा है। गिरिजा मंदिर को मानसखंड परियोजना में शामिल किया गया है। यहां के सौंदर्यीकरण के लिए पहली किस्त के तौर पर 11 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। रामनगर की विश्वप्रसिद्ध लीची को जीआई टैग दिलवाया है। इस दौरान पूर्व सांसद बलराज पासी, लोकसभा सह प्रभारी हेमंत द्विवेदी, महेंद्र अधिकारी, प्रदेश मंत्री राकेश नैनवाल, फकीर राम टम्टा, विधायक दीवान सिंह बिष्ट, जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, रंजन बर्गली, हरीश दफौटी, प्रताप बोरा, मालधन, दीपा भारती, मदन जोशी, वीरेंद्र रावत, जितेंद्र टम्टा, अमिता लोहनी, ममता पांडे, किरण रावत, गणेश रावत मौजूद रहे।

विश्व के मानचित्र पर आएगा रामनगर : बलूनी

भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी ने कहा कि रामनगर के लिए कई विकास योजनाएं हैं। यदि मुझे आशीर्वाद मिला तो रामनगर दुनिया के पर्यटन नक्शे पर आएगा। उन्होंने कांग्रेस पर विकास के बजाय तुष्टीकरण, परिवारवाद और भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस प्रत्याशी पर जमकर हमला भी बोला।

मालधन में मुख्यमंत्री धामी का स्वागत करते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

सार-संक्षेप

प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के साथ भाजपा में शामिल हुए कांग्रेस नेता।

कई कार्यकर्ता कांग्रेस छोड़कर भाजपा में हुए शामिल

लालकुआं : नगर में वरिष्ठ कांग्रेसियों का पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल होने का क्रम जारी है। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष लालकुआं ने पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष समेत आधा दर्जन वरिष्ठ कांग्रेसियों के साथ देहरादून जाकर विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट की मौजूदगी में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के हाथों भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों में लालकुआं नगर पंचायत के निवर्तमान अध्यक्ष लाल चंद्र सिंह, नगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष सरदार गुरदीप सिंह, जीवन कबड़वाल, कुंवरपुर गौलापार के ग्राम प्रधान हरेंद्र सिंह बिष्ट, देवलामल्ला गौलापार के पूर्व प्रधान बच्ची सिंह बिष्ट और बरेली रोड के दिग्गज कांग्रेसी कीर्ति पाठक रहे।

ग्रामीणों से सम्पर्क करते पूर्व विधायक रणजीत रावत।

प्रियंका गांधी की जनसभा के लिए जनसंपर्क

रामनगर : कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी की जनसभा के लिए पूरी ताकत लगानी शुरू कर दी है। इसी के तहत खेतों में गेहूं की मड़ाई में व्यस्त किसानों के बीच कांग्रेस कार्यकर्ता पूर्व विधायक रणजीत रावत के साथ पाटकोट, भालोन अमगढ़ी पहुंचे, जहां उन्होंने कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी के 13 अप्रैल को पीरूमदारा में जनसभा में पहुंचने की अपील की। रावत ने बताया कि प्रियंका गांधी किसान इंटर कॉलेज में जनसभा संबोधित करेंगी। उधर मालधन पीरुमदारा, कानिया छोई रामनगर ब्लॉक ऑफिस चोरपानी की कालोनी में जनसंपर्क अभियान जारी रहा। कार्यकर्ताओं ने लोकसभा प्रत्याशी गणेश गोदियाल के पक्ष में मतदान की अपील की। जनसम्पर्क कार्यक्रम में भुवन चंद शर्मा, नवीन सुनेजा, ललिता उपाध्याय, धीरज मोलेखी, गिरीश बिष्ट, धीरज सती, पंकज पांडे, दीपा पपनै आदि मौजूद रहे।

भीमताल में कांग्रेस के समर्थन में प्रचार करते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

भीमताल में घर-घर जाकर मांगे वोट

भीमताल, अमृत विचार: कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तल्लीताल बाजार थाकुड़ा क्षेत्र और जखोला का भ्रमण कर कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी के लिए घर-घर जाकर वोट मांगे। मतदाताओं से उन्हें विजयी बनाने की अपील की। इस दौरान नगर कांग्रेस अध्यक्ष डीके डालाकोटी, इंद्रजीत सिंह बिष्ट, जिला सचिव आशा आर्य, कमरुनिशा, विपिन चंद्र, देवकी सांगुड़ी , रामलाल, व्यापार मंडल अध्यक्ष सौरभ रौतेला, विपिन चंद्र, खुशीराम, विजय सिंह नेगी आदि मौजूद थे।

सैनिक बनकर भर्ती होगा, गार्ड बनकर आएगा

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : नैनीताल लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के खिलाफ एक बाद एक आठ सवाल दागे। उन्होंने विकास की योजनाएं भी बताईं।

बुधवार को स्वराज आश्रम में पत्रकार वार्ता में प्रकाश जोशी ने कहा कि केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट के रक्षाराज्य मंत्री रहते हुए केंद्र सरकार ने अग्निवीर योजना कैसे लागू कर दी? इस योजना से पहाड़ का युवा सैनिक बनकर फौज में भर्ती होगा और गार्ड बनकर बाहर आएगा। सांसद भट्ट ने सांसद निधि के 17 करोड़ में से केवल सात करोड़ रुपये ही खर्च किए। उनके पास इतना समय भी नहीं कि वह विकास योजनाओं के प्रस्ताव बनाकर भेजते। फोटो खिंचवाने के लिए एक गांव गोद लिया और बाद में उसे अनाथ छोड़ दिया। वर्ष1962 में लद्दाख में जिस जमीन की रक्षा के लिए कुमाऊं रेजीमेंट की पूरी बटालियन शहीद हो गई और वहां परमवीर चक्र विजेता मेजर शैतान सिंह का स्मारक बनाया गया। आज उस जमीन पर चीन ने कब्जा कर लिया है। उत्तराखंड में पर्यटन को लेकर कोई योजना नहीं बनाई गई। उत्तराखंड के एक जिले का भी चयन डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लिए नहीं हुआ है, जबकि इससे रोजगार पैदा होते। पांच शहरों में नवीन केंद्रीय विद्यालय खोले जा रहे हैं। नैनीताल लोकसभा क्षेत्र में इन पांचों में से एक भी स्कूल का नाम नहीं है। नए सैनिक स्कूल को पीपीपी मोड पर खोले जाने की तैयारी चल रही है। जहां केवल अमीर लोगों के बच्चे पढ़ सकेंगे। इस दौरान विधायक सुमित हृदयेश, पूर्व विस अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल, जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, ललित जोशी, नीरज तिवारी, सतीश नैनवाल, महानगर अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट, मयंक भट्ट आदि मौजूद रहे।

स्वराज आश्रम में पत्रकारों से वार्ता करते कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी।

2093 दिव्यांगों-बुजुर्गों ने घर बैठे दिए वोट

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी/रुद्रपुर

मतदान

▸▸ नैनीताल व ऊधमसिंह नगर में होम वोटिंग संपन्न

▸▸ आज से छूटे हुए मतदाताओं के लिए चलेगा अभियान

अमृत विचार : दिव्यांगों और बुजुर्गों का घर बैठे मतदान की प्रक्रिया संपन्न हो गई है। नैनीताल व ऊधमसिंह नगर में 90 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ है।

नैनीताल व ऊधमसिंह नगर में 8 से 10 अप्रैल तक दिव्यांगों और बुजुर्गों को घर बैठे मतदान संपन्न हो गया है। नैनीताल जिले के नोडल अधिकारी मीडिया विशाल मिश्रा ने बताया कि घर बैठे मतदान का 8 अप्रैल से शुरू हुआ पहला चरण बुधवार को समाप्त हो गया। कुल 1419 मतदाताओं में से 1290 बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं ने घर बैठे मतदान किया। जो मतदाता पहले चरण में मतदान से छूट गए हैं। उनके लिए 11 से 13 अप्रैल तक दूसरा चरण चलाया जाएगा। वे इस अवधि में मतदान कर सकते हैं। इधर, ऊधम सिंह नगर के पोस्टल बैलेट के नोडल अधिकारी विवेक राय ने बताया कि बुजुर्गों और दिव्यांगों का घर-घर मतदान बुधवार को भी हुआ। 8 से 10 अप्रैल तक हुए मतदान में 833 में से 803 दिव्यांग और बुजुर्गों ने मताधिकार का प्रयोग किया है। जबकि 30 मतदाता टीमों को घरों में नहीं मिले। इसके साथ ही 93 सर्विस वोटर भी थे जिन्होंने मतदान में भाग लिया।

सुनो आमा बुबू मतदान करी ऊला...

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : मंडलायुक्त दीपक रावत ने कुमाउंनी गीत 'सुनो आमा बुबू मतदान करी ऊलौ, सुनो दादा भौजी हम वोट दीबे ऊलौ सोच समझी बेरा भलो नेता चुनुलौ, लोकतंत्र खातिर हम ध्यान दयुलौ' गीत गाकर जनता को मतदान के प्रति जागरूक करने की कोशिश की है। उनका यह गीत सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।

उत्तराखंड की पांचों संसदीय सीटों पर 19 अप्रैल को मतदान होना है। राज्य निर्वाचन आयोग, प्रशासन, स्वीप मतदान के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए लगातार विभिन्न गतिविधियों के जरिए मतदाताओं को जागरूक कर रही है। इसी क्रम में मंडलायुक्त रावत ने भी सुन ओ आमा बूबू मतदान करी ऊला गीत रिकॉर्ड किया है। इसे सोशल मीडिया पर वायरल किया गया जो कम समय ही हिट हो गया है।

गीत के जरिए मंडलायुक्त 18 वर्ष के युवा से बुजुर्ग को सोच समझ कर सुयोग्य उम्मीदवार को मतदान करने के लिए जागरूक कर रहे हैं। यह गीत सोशल मीडिया पर बेहद पसंद किया जा रहा है। बुधवार को दोपहर करीब 12 बजे लोकतंत्र फुल सपोर्ट टैग लाइन के साथ यह गीत अपलोड किया गया है। देर सायं तक हजारों लोगों ने इसे देख लिया और सैकड़ों ने शेयर किया है।

कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में वोट मांगते कार्यकर्ता।

जनता को बताईं कांग्रेस की उपलब्धियां

नैनीताल : कांग्रेस ने प्रत्याशी प्रकाश जोशी के समर्थन में प्रचार किया। बुधवार को नगर अधयक्ष अनुपम कबड़वाल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने शहर के धामपुर बैंड, आयारपाटा, सात नंबर, स्नो व्यू, चार्टन लॉज, बड़ा बाजार, तल्लीताल क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में समर्थन मांगा। इस दौरान महिला कांग्रेस नगर अध्यक्ष भावना भट्ट, रमेश पांडे, मुन्नी तिवारी, मुकेश जोशी, सचिन नेगी, कमलेश तिवारी, धीरज बिष्ट, कैलाश अधिकारी, बंटू आर्य समेत अन्य लोग मौजूद रहे। इधर कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी शनिवार को नैनीताल में शक्ति प्रदर्शन और जनसंपर्क करेंगे, जिसको लेकर नगर अध्यक्ष अनुपम कबड़वाल ने बैठक कर रणनीति बनाई।

एक नजर

राजकीय महाविद्यालय में मतदान के लिए दिलाई सामूहिक शपथ

किच्छा : नगर स्थित राजकीय महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत छात्र-छात्राओं को मतदान के लिए प्रेरित कर शपथ दिलाई गई। किच्छा बाईपास स्थित राजकीय महाविद्यालय में प्रभारी प्राचार्य डॉ. नरेश कुमार ने महाविद्यालय के सभी कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं को सामूहिक शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन नोडल अधिकारी डॉ. उमराव सिंह ने किया। इस मौके पर डॉ. हर्षिता तिवारी, किरण बाला, शुभम गंगवार, आनंद सिंह, गौतम कुमार, रोशनी, अंकित, महेंद्र सिंह, शिवानी आदि मौजूद रहे।

एनजीएसपी पोर्टल में 1022 शिकायतों में 1015 का निस्तारण

रुद्रपुर : जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह ने आपदा प्रबंधन कार्यालय में स्थापित निर्वाचन कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने टोल फ्री नंबर 1950 पर प्राप्त शिकायतों से संबंधित रजिस्टर की जांच की। उन्होंने बताया कि वर्तमान तक 954 शिकायतों का निस्तारण कर लिया गया है। इसके अलावा उन्होंने वोटर हेल्पलाइन एनजीएसपी पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की भी समीक्षा की। इसमें 1022 शिकायतों के सापेक्ष 1015 शिकायतें निस्तारित पाई गई, जबकि 7 शिकायत पर कार्रवाई की जा रही है।

19 अप्रैल को मतदान के लिए ईवीएम तैयार

ईवीएम को स्ट्रांग रूम में कड़ी सुरक्षा में रखने के निर्देश, 8 अप्रैल से चल रहा था ईवीएम को तैयार करने का कार्य

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव के लिए बगवाड़ा मंडी में ईवीएम को मतदान के लिए तैयार करने का कार्य पूरा हो गया है। यह कार्य 8 अप्रैल से जनपद की सभी नौ विधानसभाओं के लिए किया जा रहा था।

बुधवार को जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह ने बताया कि पिछले तीन दिन से 62-जसपुर, 63-काशीपुर, 64-बाजपुर, 65-गदरपुर, 66-रुद्रपुर, 67-किच्छा, 68-सितारगंज, 69-नानकमत्ता और 70-खटीमा विधानसभा क्षेत्र की ईवीएम मशीनों को मतदान के लिए तैयार करने का कार्य किया जा रहा था जो पूरा हो गया है। उन्होंने निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में डीएफएमडी एवं सुरक्षा कार्मिकों की तैनाती करने के निर्देश पुलिस अधिकारियों को दिए।

उन्होंने सभी एआरओ को निर्देश दिये मशीन तैयार होने के बाद स्ट्रांग रूम की सिलिंग प्रत्याशियों अथवा उनके प्रतिनिधियों के उपस्थिति में वीडियोग्राफी कर की जाए। साथ ही स्ट्रांग रूम लॉक बुक में एंट्री करने के बाद सुरक्षा बल अभिरक्षा में स्ट्रांग रूम की निगरानी की जाएगी। सीसीटीवी कंट्रोल रूम में 24 घंटे कार्मिक तैनात रहेंगे।

बगवाड़ा मंडी में ईवीएम को मतदान के लिए तैयार कराते एआरओ। ● अमृत विचार

नोडल अधिकारी से जानकारी लेते जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह।

आरओ ने किया निर्वाचन सामग्री किट तैयार करने के कार्य का निरीक्षण

रुद्रपुर : जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह और नोडल कार्मिक मनीष कुमार ने युवा कल्याण भवन में निर्वाचन सामग्री किट तैयार करने के कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदान के लिए प्रत्येक सामाग्री अति महत्वपूर्ण होती है, इसलिए आयोग से प्राप्त सूची के अनुसार ही सभी सामग्री निर्वाचन किटों में रखें। बुधवार को निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने नोडल अधिकारी निर्वाचन सामग्री को निर्देश दिए कि सूची से मिलान करते हुए थैले बनाए और थैलों को विधानसभावार अलग-अलग रखा जाए। उन्होंने कहा विधानसभावार किट बनाते समय यह तय कर लिया जाए कि निर्वाचन नामावली संबंधित मतदेय स्थल की ही हो। उन्होंने कहा कि मतदान से एक दिन पूर्व मतदान पार्टियों को बगवाड़ा मंडी से रवाना किया जाएगा। बगवाड़ा मंडी में भी सामग्री सहित स्टॉल लगाया जाए। इस अवसर पर नोडल अधिकारी कार्मिक मनीष कुमार, नोडल मतदान सामग्री भावना जोशी आदि उपस्थित थे।

पंतनगर में मतदान करने की शपथ लेते अधिकारी एवं कर्मचारी। ● अमृत विचार

पंतनगर विवि में मतदान की शपथ दिलाई

पंतनगर : जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय की सभी इकाइयों के सक्षम अधिकारियों की ओर से बुधवार को उनके कार्यालयों में अधिकारियों और कर्मचारियों को मतदान की शपथ दिलाई गई, जिसकी सूची उच्च शिक्षा निदेशालय को भेजी गई है। विवि के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने इस कार्यक्रम के प्रति रूचि दिखाई और कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान ने प्रसन्नता व्यक्त की।

नानकमत्ता : गुरुनानक महाविद्यालय में मतदाता जागरूक अभियान चलाया और मतदान के लिए शपथ दिलाई। इस दौरान प्रधानाचार्या डॉ. सीता मेहता, एनएसएस प्रभारी डॉ. इंदु बाला, सहायक अध्यापक डॉ. गोपाल सिंह, कविन्दर सिंह, मनोज कुमार, ज्योति बर्मा, रश्मि सारथी आदि शामिल थीं।

ग्राम महेशपुरा में नुक्कड़ सभा करते भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट। ● अमृत विचार

गांव-गांव घूमकर भाजपा प्रत्याशी ने किया जनसंपर्क

बाजपुर : भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट ने बाजपुर विधानसभा क्षेत्र में जनसभाएं कर जनसंपर्क किया। बुधवार को अजय भट्ट ने नमूना, बन्नाखेड़ा, राजपुरा नंबर दो, रतनपुरा, सुल्तानपुर पट्टी, टांडा बाजारा, महेशपुरा आदि में नुक्कड़ सभाएं कीं। कहा कि जिसने हालातों को देखा होता है वही परिवर्तन कर सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गरीबी को नजदीक से देखा है। इसलिए उन्होंने गरीब कल्याण की योजनाएं संचालित की हैं। कायक्रमों में अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष सुखदेव सिंह नामधारी, राजेश कुमार, सुरेन्द्र सिंह नामधारी, राजेश कुमार गुप्ता, विकास गुप्ता, कमल भट्ट, अमित चौहान आदि मौजूद रहे।

नुक्कड़ सभा को संबोधित करते विधायक अरोरा। ● अमृत विचार

विधायक अरोरा ने कीं ग्रामीण क्षेत्रों में नुक्कड़ सभाएं

रुद्रपुर : विधायक शिव अरोरा ने लोकसभा प्रत्याशी अजय भट्ट के समर्थन में ग्रामीण क्षेत्र में जनसंपर्क एवं नुक्कड़ सभाएं कीं। इस दौरान उन्होंने राज्य सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए लोकसभा प्रत्याशी अजय भट्ट को जिताने की अपील की। इस अवसर पर जिला महामंत्री अमित नारंग, मंडल अध्यक्ष हरीश भट्ट, शालिनी बोरा, जगदीश विश्वास, राजेश बजाज, आयुष चिलाना, कौशल विश्वास, सरिता चौधरी, राजकुमार, मनीष छाबड़ा, प्रकाश कुमार मौजूद रहे।

पर्यटकों को कश्मीर ले गए चालक को लगी गोली

- सोमवार रात शोपियां कश्मीर की है घटना
- लोगों ने गांव कीरतपुर पहुंचकर ली जानकारी

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: विदेशी पर्यटकों को कश्मीर लेकर गए रुद्रपुर के कैब चालक पर उस वक्त आतंकियों ने गोलीबारी कर दी, जब वह रेस्टोरेंट पर खाना खा रहा था। गोलीबारी में कैब चालक को तीन गोलियां लगीं और घायल को आर्मी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चालक की हालत स्थिर है। गोलीबारी की सूचना मिलने पर तमाम लोग घायल के घर गांव कीरतपुर पहुंचे और जानकारी लेने के बाद प्रदेश सरकार से आर्थिक सहायता देने की मांग की।

घायल कैब चालक के परिवार से मिलते पूर्व विधायक ठुकराल के भाई व लोग।

मूल रूप से आजमगढ़ व हाल निवासी गांव कीरतपुर के दिलरंजीत सिंह पिछले आठ सालों से अपने परिवार के साथ रहते हैं और कैब चालक हैं।

बताया जा रहा है कि 20 मार्च को जर्मन के विदेशी पर्यटकों की कॉल आने पर कैब चालक एवं गाइड दिलरंजीत दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचा और विदेशी पर्यटकों को बैठाकर कश्मीर के लिए रवाना हो गया। बताया जा रहा है कि सोमवार की शाम साढ़े आठ बजे वह दक्षिण कश्मीर के शोपियां स्थित एक रेस्टोरेंट में पर्यटकों के साथ खाना खा रहे थे। अचानक नकाबपोश आतंकियों ने अंधाधुंध चालक को निशाना बनाते हुए अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। गोलियों की आवाज सुनकर गश्त कर रहे सेना के जवानों ने जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी। जिसे देखकर आतंकी फरार हो गए। तब तक कैब चालक को तीन गोलियां लग चुकी थीं। घायल अवस्था में चालक को कश्मीर के आर्मी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां सर्जरी के बाद कैब चालक खतरे से बाहर है। बुधवार को घटना की जानकारी मिलने पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के भाई संजय ठुकराल कई लोगों के साथ घायल के घर गांव कीरतपुर पहुंचे और घटना की जानकारी लेने के बाद प्रदेश सरकार से परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग की। उनका कहना था कि घायल की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। ऐसे में शासन-प्रशासन को मदद करनी चाहिए।

फरार आरोपियों को खोजेगी पुलिस

बाबा तरसेम हत्याकांड

- चुनाव ड्यूटी के लिए रवाना हो रही एसटीएफ
- एसटीएफ ने अपनी जांच को पुलिस के साथ साझा किया

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव की मतदान प्रक्रिया नजदीक आते ही अब बाबा तरसेम के फरार हत्यारोपी और साजिशकर्ता को पकड़ने का जिम्मा जिला पुलिस के कंधों पर आ गया है। इसके बाद एसटीएफ ने चुनाव में जाने की तैयारी शुरू कर दी है और अपनी तफ्तीश को जिला पुलिस की टीम से साझा किया है।

बताते चलें कि 28 मार्च को नानकमत्ता डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम की सुबह बाइक सवार दो सिख व्यक्तियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। हत्याकांड में बिलासपुर सिहोरा यूपी निवासी अमरजीत सिंह, तरनतारन पंजाब निवासी सर्वजीत सिंह का नाम सामने आया था और बिलासपुर निवासी सुल्तान सिंह को पुलिस ने मुख्य साजिशकर्ता माना था। 13 दिन की मशक्कत के बाद आखिरकार एसटीएफ ने अहम किरदार निभाते हुए हरिद्वार पुलिस के साथ मिलकर बाबा पर गोली चलाने वाले शूटर अमरजीत सिंह को भगवानपुर हरिद्वार में हुई मुठभेड़ में मार गिराया।

इसके बाद लोकसभा चुनाव को देखते हुए चुनाव ड्यूटी में लगे सभी एसटीएफ कर्मचारी वापस अपने कार्यालय लौट गए और अब फरार सर्वजीत व साजिशकर्ता सुल्तान को पकड़ने की जिम्मेदारी जिला पुलिस प्रशासन की गठित टीमों के कंधों पर आ गई है। इस दौरान एसटीएफ ने 13 दिन की तफ्तीश को पुलिस टीमों से साझा कर दिया है और 12 अप्रैल से चुनाव ड्यूटी में रवाना होने की तैयारी शुरू कर दी है।

हत्याकांड में पुलिस की कार्रवाई को सराहा

बाजपुर : हाई कोर्ट से नामित नानकमत्ता कमेटी के पूर्व सदस्य हरदयाल सिंह ने हाई प्रोफाइल कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड में पुलिस कार्रवाई की सराहना की है। उन्होंने बाबा तरसेम सिंह की हत्या की निंदा की है।

चैती मेले से संबंधित खबरें पेज आठ पर।

अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
05946-292618, 8954474523

सूचना

मेरा पुत्र हिमांशु ध्यानी (बालिग) जो कि गलत सोहबत में पड़ गया है, मेरा पुत्र मेरे कहने-सुनने से बाहर है। मैंने उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में यह कोई अभद्र व्यवहार या लेन-देन करता है, तो उसका वह स्वयं जिम्मेदार व उत्तरदायी होगा। - **योगेश्वर प्रसाद S/o अनंत राम ध्यानी, नि. ग्रा. लक्ष्मपुर ठेरी, तहसील रामनगर, जिला-नैनीताल**

तीसरी आंख करेगी ट्रांजिट कैंप इलाके की निगहबानी

रुद्रपुर : असामाजिक तत्वों पर नकेल कसने के लिए थाना ट्रांजिट कैंप इलाके को सीसीटीवी की निगरानी में रखा गया है। इसके चलते इलाके में कैमरे लगाने का कार्य शुरू हो चुका है। इसका नियंत्रण कक्ष पुलिस कार्यालय और थाना कार्यालय में बनाया गया है।बुधवार को थानाध्यक्ष भारत सिंह की ओर से थाना ट्रांजिट कैंप की घनी आबादी के मुख्य मार्ग, शिमला बहादुर, सिडकुल ढाल सहित कई स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने का कार्य किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि लोकसभा चुनाव के अलावा घनी आबादी होने के कारण चुनाव में कोई भी असामाजिक तत्व मतदान प्रक्रिया को प्रभावित न करें, इसके लिए विधायक निधि से 26 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। जो चुनाव के बाद भी यथावत रहेंगे। बताया कि सीसीटीवी की निगरानी पुलिस कार्यालय में बने सीसीटीवी कक्ष और थाना कार्यालय से होगी।

जसपुर में ईद के मौके पर पंडित पूर्णानंद तिवारी इंटर कॉलेज रोड स्थित शक्कों वाली मस्जिद को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। रोशनी में जगमगाती मस्जिद। ● सुशील चौहान

चांद दिखने पर खिले लोगों के चेहरे

जसपुर : आखिरी रोजे के दिन बुधवार को ईद का चांद दिखने पर यहां मुस्लिम समुदाय के लोगों के चेहरे खिल उठे और उन्होंने ईद के चांद का दीदार किया। उन्होंने जमकर आतिशबाजी की।

ईदगाह में सुबह नौ बजे होगी नमाज़

काशीपुर : काशीपुर में ईद उल फितर की नमाज़ गुरुवार 11 अप्रैल को ईदगाह मैदान में सुबह नौ बजे होगी। ईदगाह कमेटी के सदर हसीन खान ने बताया कि ईदगाह मैदान में शहर इमाम मुफ्ती मुनाजिर हुसैन सलामी नमाज अदा कराएंगे। इसके अलावा शहर की सभी मस्जिदों में अपने निर्धारित समय पर ईद की नमाज होगी।

ईद को लेकर बाजार में उमड़ी भीड़

जसपुर : ईद से एक दिन पहले बुधवार को लोग ईद मनाने की तैयारी में जुटे रहे। बाजार में कपड़े जूते व अन्य सामान खरीदने वालों की दुकानों पर भीड़ देखी गई। इससे बाजार में काफी रौनक रही।

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज 4x5 सेमी 600/- रु.
साइज 4x6 सेमी 720/- रु.
साइज 4x7 सेमी 840/- रु.
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रूद्रपुर : 8476843488 काशीपुर : 8279474121, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

तैयारी लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की, लोकसभा चुनाव को लेकर सिर्फ नौ दिन रह गए शेष

लोकसभा चुनाव और ईद को लेकर पुलिस का फ्लैग मार्च

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव और ईद को देखते हुए बुधवार को पुलिस और अर्धसैनिक बलों ने मुख्य मार्गों पर फ्लैग मार्च निकाला और लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की।

कोतवाल मनोहर सिंह दसौनी और एसएसआई अशोक कुमार के नेतृत्व में पुलिस और अर्धसैनिक बल के जवानों ने टनकपुर, मेलाघाट, पीलीभीत और सितारगंज रोड पर फ्लैग मार्च किया। टीम ने इस्लामनगर गोटिया में भी फ्लैग मार्च किया। बता दें कि लोकसभा चुनाव में अब मात्र नौ दिन शेष रह गए हैं। वहीं बृहस्पतिवार को ईद का पर्व है। फ्लैग मार्च में बाजार चौकी प्रभारी संदीप पिलख्वाल, प्रियांशु जोशी आदि मौजूद थे।

खटीमा के मुख्य मार्ग पर फ्लैग मार्च निकालते पुलिस और अर्धसैनिक बल के जवान।

इफ्तार पार्टी में देश में अमन-चैन की दुआ मांगी

काशीपुर : जसपुर रोड स्थित रजा ग्रुप की तरफ से रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। तमाम लोगों ने एक साथ बैठकर रोजा इफ्तार में हिस्सा लिया। इस मौके पर मुल्क में अमन व चैन की दुआ मांगी गई। इफ्तार में कारी इमाम मोहम्मद कौनेन, रजा ग्रुप के एमडी आसिफ रजा, पूर्व चेयरमैन शमशुद्दीन सैफी, अकरम पठान, एमए राहुल, डॉ. युनूस चौधरी, इंतजार हुसैन, फिरोज हुसैन पार्षद, अब्दुल कादिर, अकरम बेग, तौकीर अंसारी आदि मौजूद रहे।

काशीपुर में आयोजित इफ्तार पार्टी में दुआ करते लोग। ● अमृत विचार

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

एक नजर

3.25 ग्राम स्मैक के साथ आरोपी दबोचा

खटीमा : थाना झनकईया पुलिस ने बीती रात्रि एक युवक को 3 .25 ग्राम स्मैक और 620 रुपये के साथ गिरफ्तार किया है। टीम ने राजीवनगर एल्केमिस्ट रोड पर गश्त के दौरान युवक से पूछताछ की तो उसने स्वयं को शाहिल चन्द निवासी ग्राम बास्ते पिथौरागढ़ हाल निवासी पूर्णागिरी कॉलोनी अमाऊं निवासी बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश कर दिया है। थानाध्यक्ष अनिल जोशी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ जाजरदेवल, पिथौरागढ़ में चार मामले दर्ज हैं। यह भी कहा कि न्यायालय द्वारा दो अप्रैल को गुंडा एक्ट के तहत नोटिस जारी किया गया है।

शांति भंग में तीन लोगों का किया चालान

काशीपुर : गश्त के दौरान पुलिस ने आपस में झगड़ा कर रहे तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। उनका पुलिस ने शांतिभंग में चालान किया है। वर्तमान में चल रही आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में कटोराताल पुलिस चौकी ने गश्त के दौरान चौकी क्षेत्र में झगड़ा कर रहे इकबाल, असलम और सोहिल निवासी नई बस्ती विजयनगर थाना काशीपुर को गिरफ्तार किया। तीनों का पुलिस ने शांति भंग में चालान किया है।

बाइक और स्कूटी की भिड़ंत में दो लोग घायल

बाजपुर : बाइक और स्कूटी की भिड़त में जल संस्थान के कर्मचारी सहित दो लोग घायल हो गए। बुधवार की सुबह दस बजे पहाड़ी कालोनी निवासी जल संस्थान कर्मचारी अवनीश गुप्ता (36) पुत्र रमेश चन्द्र गुप्ता बाइक से रुद्रपुर इलेक्शन ड्यूटी के लिए जा रहे थे। शिवपुरी गुरुद्वारा साहिब के समीप सामने से आ रही स्कूटी से भिड़ंत हो गई। इसमें स्कूटी सवार भी घायल हो गया। अवनीश को बाजपुर सरकारी अस्पताल में तथा दूसरे घायल को निजी अस्पताल ले जाया गया है।

मजदूरी को लेकर मारपीट

बाजपुर : सीता कॉलोनी गुलड़िया निवासी इसरार ने तहरीर देकर कहा कि मुडिया कला खेड़ा निवासी एक किसान उसे किराए पर ट्रैक्टर चलाने के लिए आठ अप्रैल को ले गया था। काम के बाद पैसा मांगने पर उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की गई। शोर-शराबा सुनकर मौके पर एकत्र हुए लोगों ने बीच बचाव कर उसे बचाया।

7 माह से लापता युवक

खटीमा : पुलिस ने नौगवां ठग्गू निवासी रेवाधर खर्कवाल के पुत्र की गुमशुदगी दर्ज कर ली है। पुलिस को सौंपी तहरीर में रेवाधर खर्कवाल ने कहा है कि उसका पुत्र हिमांशु खर्कवाल (22) पांच सितंबर 2023 को घर से बिना बताए कहीं चला गया है। उसकी काफी खोजबीन करने के बाद उसका कहीं पता नहीं चला। पुलिस ने रेवाधार खर्कवाल की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर ली है।

चाकू के साथ युवक दबोचा

किच्छा : कोतवाली पुलिस की टीम ने गश्त के दौरान एक युवक को अवैध चाकू के साथ दबोच लिया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम पता पुरानी सुनेहरी, आवास विकास, थाना किच्छा निवासी आकाश बताया। पुलिस के अनुसार पकड़ा गया आरोपी आकाश नशे का आदी है और चोरी की घटनाओं को अंजाम देता है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

गेहूं के खेत में लगी आग

बाजपुर : मुड़िया पिस्तौर निवासी गुलहसन का सड़क किनारे गेहूं का खेत है। इस दौरान किसी नशेड़ी युवक ने बीड़ी पीकर खेत में फेंक दी। इससे खेत में आग लग गई। इसकी सूचना गेहूं के खेत के मालिक को दी गई। आसपास के लोगों की मदद से गेहूं में लगी आग को किसी तरह से बुझाया गया।

प्रॉपर्टी डीलर ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

संवाददाता,रुद्रपुर

कार्रवाई

- नहीं मिला कोई सुसाइड नोट शव पोस्टमार्टम को भेजा

अमृत विचार: आवास विकास चौकी इलाके में एक प्रॉपर्टी डीलर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना की जानकारी ली और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस को घटनास्थल पर कोई सुसाइड नोट नहीं मिला।

हर्ष अरोरा।

जानकारी के अनुसार आवास विकास निवासी 35 वर्षीय हर्ष अरोरा भूरारानी में प्रॉपर्टी डीलर का काम करता था और आवास विकास में अपनी मां के साथ रहता था। बताया जा रहा है कि युवक की मां नजदीक ही कीर्तन में गई थी और बुधवार की शाम छह बजे जब घर पहुंची, तो हर्ष के कमरे का दरवाजा बंद था। मां द्वारा काफी आवाज लगाने के बाद भी कोई प्रतिक्रिया अंदर से नहीं आई तो मां ने इसकी जानकारी पड़ोसियों को दी। जिस पर लोगों ने दरवाजा तोड़ कर देखा तो हर्ष फांसी के फंदे पर लटका हुआ था। सूचना मिलने पर आवास विकास चौकी प्रभारी अरविंद बहुगुणा मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी लेने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस को घटनास्थल पर कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। पुलिस ने आत्महत्या की वजह की जांच शुरू कर दी है।

चंद्रावती की आंखें देंगी दूसरों को रोशनी

बाजपुर: रक्तदान से अब तक कई लोगों की जान बचा चुके मोहल्ला सुभाषनगर निवासी सौरभ परमार ने बुधवार को एक और नेक कार्य करते हुए देह त्याग चुकीं माता चंद्रावती परमार की आंखें दान करवाईं हैं। इससे अब दो नेत्रहीन लोग दुनिया देख सकेंगे। शिक्षक व रक्तवीर पुरस्कार प्राप्त कर चुके सौरभ परमार की माता चंद्रावती परमार का मंगलवार की देर रात्रि स्वर्गवास हो गया था। उनका अंतिम संस्कार श्मशान घाट बाजपुर में किया गया। लेकिन इससे पूर्व इन्होंने अपनी दिवंगत माता की आंखें दान कर किसी नेत्रहीन की जिंदगी को रोशन करने का प्रण लिया। अंतिम संस्कार से पूर्व सीएल गुप्ता आई इंस्टीट्यूट मुरादाबाद की टीम से वार्ता कर उन्हें बाजपुर बुलाया गया।

चंद्रावती (फाइल)।

ग्राम सभा तिलियापुर के आनंद नगर में स्थित मां भगवती मंदिर में किया आयोजन

कलश यात्रा के साथ भागवत कथा शुरू

संवाददाता, शक्तिफार्म

अमृत विचार : ग्राम सभा तिलियापुर के आनंद नगर में स्थित मां भगवती मंदिर में भव्य कलश यात्रा के साथ 7 दिवसीय संगीतमय भागवत कथा का शुभारंभ हुआ।

बुधवार को ग्राम सभा तिलियापुर के गांव आनंद नगर में स्थित मां भगवती मंदिर परिसर से 151 कलशों के साथ कुमाउनी पारंपरिक परिधानों से सुसज्जित महिलाएं कलश यात्रा में सम्मिलित हुईं। भागवत कथा में पंडित भास्कर पांडे ने कहा कि भागवत कथा सुनने से सभी कष्ट दूर होते हैं और मन को शांति मिलती है। नवरात्र पर भागवत कथा श्रवण से कई गुना पुण्य का लाभ मिलता है।

आनंदनगर में भागवत कथा के शुभारंभ पर कलश यात्रा निकालतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

कलश यात्रा में ग्राम प्रधान निमिषा डसीला, जीवन सिंह, पूरन डसीला, राजेंद्र सिंह, जगदीश सिंह, सुरेंद्र सिंह, हरीश सिंह, चंदन सिंह, नंदन सिंह, राम सिंह बिष्ट, कुंदन कुंजवाल, गंगा सिंह, प्रकाश सिंह, तारा देवी, कमला देवी, भवानी देवी, कलावती देवी आदि शामिल थे।

जो बोले सो निहाल, सतश्री अकाल...

साजना दिवस पर निकला नगर कीर्तन, जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत, गतका पार्टी बनी आकर्षण का केंद्र

आयोजन

संपाददाता, दिनेशपुर

अमृत विचार: साजना दिवस पर जो बोले सो निहाल सतश्री अकाल के उद्घोष से वातावरण गुंजायमान हो गया। नगर कीर्तन में सांस्कृतिक झांकियों व गतका पार्टियों ने हैरतअंगेज करतब, रणकौशल का शानदार प्रदर्शन किया। नगर कीर्तन का फूल वर्षा के साथ जगह-जगह स्वागत किया गया।

बुधवार को गुरुद्वारा सिंह सभा अमृतनगर नंबर-एक से गुरुपंथ के दास संत बाबा बचन सिंह व बाबा गुरजंट सिंह के निर्देश पर पंच प्यारों की अगवानी में नगर कीर्तन निकाला। नगर कीर्तन प्रफुल्लनगर, श्रीरामपुर, दुर्गापुर, चंदनगढ़ होते हुए नगर में पहुंचा। नगर कीर्तन देर शाम गुरुद्वारा माता साहिब कौर में समाप्त हुआ। नगर कीर्तन में गतका पार्टियों ने हैरतअंग्रेज करतब, रणकौशल का शानदार प्रदर्शन किया। गुरुवार से गुरुद्वारा माता साहिब कौर में तीन दिनी धार्मिक दीवान सजेगा। नगर कीर्तन का संचालन डॉ. कुलवंत सिंह विर्क ने किया। इस मौके पर बाबा गुरदेव सिंह, नपं पूर्व अध्यक्ष कावल सिंह विर्क, प्रधान गगन सिंह रंधावा, पंजाबी सभा के अध्यक्ष केके गावा,गुरमुख सिंह, साहब सिंह, सुखा सिंह, हरभजन सिंह, विशंभर लाल मिगलानी, अशोक अरोरा, योगेश मिगलानी, गुरजीत सिंह उर्फ बब्बू, सर्वजीत सिंह संधू, सत्येंद्र सिंह मान, अशोक कालड़ा, राहुल बाठला, चेतन सुखीजा, सागर सिंह, डॉ सिमरन पांडे, प्रशांत मालाकार, कुलवंत सिंह गुराया, सतनाम सिंह चीमा, जोगेंद्र सिंह संधू, प्रवीन नारंग आदि मौजूद रहे।

नगर कीर्तन में हैरतअंग्रेज करतब दिखाती गतका पार्टी। ● अमृत विचार

नगर कीर्तन में आगे चल रहे पंच प्यारे। ● अमृत विचार

श्री गुरुग्रंथ साहिब की पालकी के आगे सड़क पर झाड़ू लगातीं कारसेवक।

नगर कीर्तन में गुरु ग्रंथ साहिब की पालकी। ● अमृत विचार

दहेज के लिए विवाहिता को घर से निकाल दिया

संवाददाता, किच्छा

कार्रवाई

- कोर्ट के आदेश पर आरोपियों के विरुद्ध दर्ज हुआ मुकदमा
- एक बार पहले पति दे चुका है विवाहिता को तलाक

अमृत विचार: कोतवाली अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र में एक पति ने तलाक के बाद विवाहिता से दोबारा निकाह किया। इसके बाद एक बार फिर उसने दहेज के लिए महिला को मारपीट कर घर से निकाल दिया। उत्पीड़न से परेशान विवाहिता ने न्यायालय की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

वार्ड नंबर 13, कैनाल कॉलोनी, किच्छा निवासी शहनाज ने बताया कि उसका निकाह करीब 19 वर्ष पहले ग्राम कच्ची खमरिया, लालपुर, थाना किच्छा निवासी सलीम के साथ हुआ था। निकाह के समय पिता ने अपनी हैसियत के अनुसार दहेज दिया था। पीड़िता के अनुसार निकाह के उपरांत दो पुत्री तथा एक पुत्र ने जन्म लिया। आरोप है कि निकाह के कुछ समय बाद उसके पति सलीम, देवर असलम तथा सास हसीन बानो ने कम दहेज का ताना देते हुए मारपीट शुरू कर दी। वर्ष 2009 में पति सलीम ने पीड़िता को तलाक दे दिया। तलाक के कुछ दिनों बाद जब पति सलीम द्वारा पुनः निकाह की बात कही गई तो पीड़िता को शरीयत कानून के हिसाब से तीन माह 10 दिन इद्दत में रहना पड़ा। उसका निकाह सगे देवर अकरम से कराया गया और निकाह के अगले दिन अकरम ने तलाक दे दिया। इसके बाद सलीम के साथ उसका निकाह कराया गया। आरोप है कि निकाह के कुछ दिनों बाद उसके पति सलीम, सास हसीन बानो, देवर असलम, देवरानी मेहराब का व्यवहार फिर से खराब हो गया और दहेज की मांग करते हुए पीड़िता को प्रताड़ित करने लगे। पीड़िता ने आरोप लगाया कि 22 नवंबर 2023 को रात्रि करीब 8 बजे पति सलीम सहित अन्य आरोपियों ने पीड़िता के साथ मारपीट कर घर से निकालने का प्रयास किया। बच्चों द्वारा विरोध किए जाने पर बच्चों के साथ भी मारपीट की गई। पीड़िता ने आरोपियों पर कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई है। न्यायालय में शरण लिए जाने के बाद फिलहाल पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

हत्या के प्रयास का आरोपी दोषमुक्त

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: द्वितीय एडीजे की अदालत ने हत्या के प्रयास के एक आरोपी को साक्ष्यों के अभाव में दोषमुक्त कर दिया। जबकि एक अन्य आरोपी के खिलाफ मुकदमे की कार्रवाई हाईकोर्ट के आदेश पर पहले ही समाप्त की जा चुकी है।

30 जुलाई 2019 को मोहल्ला पक्काकोट नागनाथ मन्दिर के पास रहने वाली लौंगश्री पत्नी नन्दकिशोर ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके मोहल्ले के रहने वाले राहुल, रवि व नन्हें अक्सर उसके साथ झगड़ा करते हैं। पूर्व में भी ये लोग उसे धमकी दे चुके हैं। 29 जुलाई 2019 रात्रि 8 बजे उसका बेटा प्रियांशु अपने घर के बाहर सीढ़ी लगाकर बल्ब ठीक कर रहा था। तभी राहुल, रवि व नन्हें व उसकी पत्नी कलावती ने उसके पुत्र पर हत्या करने के इरादे से दरांती से हमला कर दिया।

अत्यधिक रक्तस्राव से उसकी हालत बिगड़ गई। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने तहरीर पर केस दर्ज कर लिया। कलावती के खिलाफ हाईकोर्ट के आदेश पर कार्रवाई समाप्त कर दी गई। द्वितीय एडीजे रीतेश कुमार श्रीवास्तव ने आरोपी राहुल को साक्ष्यों के अभाव में दोषमुक्त कर दिया।

चोरी के ई-रिक्शा के साथ दो आरोपी किए गिरफ्तार

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : कोतवाली पुलिस ने चोरी की योजना बनाते दो चोरों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से पुलिस ने चोरी के दो ई-रिक्शा बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। दोनों नशे की लत पूरा करने के लिए चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे।

कोतवाल आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि बीते 31 मार्च को मोहल्ला विजय नगर नई बस्ती निवासी अशरफ ने थाने में दी तहरीर में बताया कि वह अपने परिवार के साथ किराये के ई-रिक्शा से काशीपुर बाजार से ईद का सामान लेने गए थे। इस बीच उन्होंने सामान लेने के लिए रिक्शा बाजार में एक जगह खड़ा कर दिया। कुछ देर बाद जब वह वापस आए, तो ई-रिक्शा वहां से गायब था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। बांसफोड़ान पुलिस चौकी प्रभारी सुनील सुतेड़ी ने सीसीटीवी का अवलोकन करते हुए बुधवार को मिस्सरवाला कुंडा निवासी असलम और मोहल्ला महेशपुरा निवासी शकील अहमद को अवैध चाकू के साथ चोरी की योजना बनाते गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी के दो ई-रिक्शा भी बरामद किए।

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25
Accreditations, Affiliations & Approvals
University Grants Commission of India | Medical Council Of India | Dental Council of India | Pharmacy Council of India | Indian Nursing Council | Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council | Association of Indian Universities | Uttar Pradesh State Medical Faculty
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध
मेडिकल साइसेंज
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेन्टल साइसेंज
यूजी डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/यूजी डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग क्रिटिकल केयर में नर्स प्रैक्टिशनर/(मेडिकल सर्जिकल/बाल स्वास्थ्य/सामुदायिक स्वास्थ्य/मानसिक स्वास्थ्य/प्रसूति एवं स्त्री रोग) में एमएससी नर्सिंग
फार्मेसी
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)
पैरामेडिकल साइसेंज
डिप्लोमा-मेडिकल लैब टैक्नीसियन/एक्स-रे टैक्नीसियन में डिप्लोमा/डायलिसिस टैक्नीसियन में डिप्लोमा/इमरजेंसी और ट्रामाकेयर में डिप्लोमा/एम आर आई टैक्नीसियन में डिप्लोमा/फिजियोथेरेपी में स्नातक/बीएससी (चिकित्सा प्रयोगशाला टैक्नीसियन)/रेडियोलॉजीकल इमेजिंग तकनीक में बीएससी/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)
फोरेंसिक साइसेंज
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (वित्त और कराधान)/बीसीए (आ टी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in

सरगर्मी मुख्य चुनाव अधिकारी ने प्रपत्रों की जांच की, जिला बार एसोसिएशन चुनाव में आयी तेजी

प्रपत्रों की जांच में खारिज हुए तीन नामांकन

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: जिला बार एसोसिएशन के नामांकन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद प्रपत्रों की जांच की गई। इसमें तीन पदों पर दाखिल नामांकन पत्र खारिज किए गए। तीन प्रत्याशी अब चुनाव प्रक्रिया से बाहर हो गए हैं।

जिला बार एसोसिएशन के चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज होने लगी हैं। मंगलवार को नामांकन प्रक्रिया के बाद बुधवार को मुख्य चुनाव अधिकारी अधिवक्ता सीपी जोशी की मौजूदगी में चुनाव संचालन समिति ने प्रपत्रों की जांच की और अध्यक्ष पद के दावेदार वीरेंद्र कुमार गोस्वामी का पर्चा खारिज कर दिया। इसके अलावा उपाध्यक्ष पद पर कृष्ण चंद और सदस्य कार्यकारिणी पर उमा गक्खर का पर्चा खारिज हुआ।

अब अध्यक्ष पद पर तीन, उपाध्यक्ष पर तीन, कलेक्ट्रेट उपाध्यक्ष दो, सचिव पर तीन, उपसचिव पर चार, कोषाध्यक्ष पर दो, लेखा परीक्षक पर दो, पुस्तकालय अध्यक्ष पर तीन, सदस्य पर नौ नामांकन पत्र सही पाए गए। मुख्य चुनाव अधिकारी ने बताया कि 15 से 16 अप्रैल को नाम वापसी और 24 अप्रैल को मतदान होगा। 25 अप्रैल को मतगणना शुरू होगी।

रुद्रपुर में प्रपत्रों की जांच करती चुनाव संचालन समिति। ● अमृत विचार

हादसे में घायल साइकिल सवार की हालत नाजुक

रुद्रपुर : कोतवाली इलाके में टैंकर की टक्कर से घायल साइकिल सवार की हालत नाजुक बनी हुई है। घायल का निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर टैंकर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। आनंदखेड़ा दिनेशपुर निवासी पलविंदर सिंह ने बताया कि 8 अप्रैल की शाम 4 बजे वह अपने चाचा के साथ साइकिल से ड्यूटी कर लौट रहा था। अचानक बिंदुखेड़ा मार्ग पर टैंकर संख्या यूके-06 सीबी-2116 ने टक्कर मार दी। इससे चाचा नीचे गिर गए और हाथ टैंकर के पहिए के नीचे दब गया। गंभीर रूप से घायल चाचा को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां हालत गंभीर बताते हुए डॉक्टरों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। शिकायतकर्ता का कहना था कि परिवार की माली हालत खराब होने के कारण उपचार में दिक्कत आ रही है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ऐतिहासिक चैती मेले के नखासा बाजार में पहुंचने लगे घोड़े

कई प्रकार की नस्ल के आते हैं घोड़े, मेले में झूलों के बाद नखासा बाजार भी आकर्षण का केंद्र रहता है, यूपी-मध्य प्रदेश से पहुंचे व्यापारी

चैती मेले में लगे विभिन्न प्रकार के आकर्षक झूले। ● अमृत विचार

नखासा बाजार के लिए पहुंचे घोड़े। ● अमृत विचार

▸▸ बुधवार को यूपी, मध्यप्रदेश से नखासा बाजार में पहुंचने लगे घोड़े

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : ऐतिहासिक चैती मेले में रौनक बढ़ने लगी है। सिलबट्टा, ढोलक बाजार के बाद नखासा बाजार के लिए घोड़े भी आने शुरू हो गए हैं। बताया कि इस बार विशेष तरीके से नखासा बाजार को लगाया जा रहा है। इससे नखासा बाजार आकर्षण का केंद्र रहेगा। बीते मंगलवार को ध्वज फहराकर चैती मेले का शुभारंभ किया गया था। सिलबट्टा बाजार, ढोलक बाजार के बाद नखासा बाजार भी सजने लगा।

चैती मंदिर के मुख्य पंडा विकास अग्निहोत्री ने बताया कि मंदिर में पूजा अर्चना को श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। 15 की अर्धरात्रि नगर मंदिर से देवी का डोला चैती मंदिर में पहुंचते ही दूरदराज से लोग पहुंचना शुरू हो जाएंगे। उन्होंने बताया कि नखासा बाजार आकर्षण का केंद्र रहता है। मध्यप्रदेश, यूपी आदि जगहों से विभिन्न प्रकार के घोड़ों को यहां लाया जाता है। यह सिलसिला शुरू हो गया है।

चैती में घोड़ा खरीदने आते थे चंबल के डाकू

काशीपुर : जानकार बताते हैं कि नखासा बाजार का इतिहास काफी पुराना है। यहां पर चंबल के डाकू घोड़ा खरीदने के लिए आते थे। बताया कि बाजार में हजारों से लेकर लाखों रूपये तक के कीमती घोड़े लाए जाते हैं। बताया जाता है कि सुल्ताना डाकू तक इस बाजार में आकर घोड़ा खरीद चुका है।

करतब दिखाते हैं घोड़े

काशीपुर : नखासा बाजार में विभिन्न प्रजाति के घोड़े लाए जाते हैं। विभिन्न प्रकार के करतब दिखाकर व्यापारी अपना घोड़ा बेचते हैं। यहां पर पंजाब व राजस्थान से लाए घोड़ों की डिमांड होती है।

मेले में पंजाब से आएंगी वॉलंटियर

मौहम्मद अर्शी, काशीपुर

▸▸ पुलिस व स्थानीय वॉलंटियर के साथ मिलकर संभालेंगी मेले की व्यवस्थाएं

अमृत विचार : काशीपुर के ऐतिहासिक चैती मेले में इस बार पंजाब की महिला वॉलंटियर भी व्यवस्थाएं संभालेंगी। इनके मां भगवती के डोले के यहां पहुंचने से पूर्व आने की उम्मीद है। चैती मेले में दूरदराज से लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं।

ऐसे में में लाखों की संख्या में भीड़ होने के कारण आपराधिक घटना होने की संभावनाएं बढ़ जाती हैं।इस पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस फोर्स के साथ वॉलंटियर की जरूरत भी पड़ती है। चैती मेले में सुरक्षा को लेकर पुलिस ने अपनी तैयारियां पूर्ण कर ली हैं।

मेले में एक अस्थायी थाना बनाया गया है। जहां पर्याप्त संख्या में पुलिस फोर्स, यातायात पुलिस व सीपीयू को तैनात किया गया है।

इसके अलावा होमगार्ड व एसपीओ की भी मेले में ड्यूटी लगाई है। इसके बावजूद आगामी 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अधिकतर पुलिस फोर्स व्यस्त होने के कारण मेले में पुलिस की कमी बनी हुई है।

पुलिस, मेला प्रशासन व मेला कमेटी की ओर से निजी सिक्योरिटी कंपनी के सुरक्षा कर्मी व स्थानीय वॉलंटियर की भी ड्यूटी मेले में लगाने का निर्णय लिया है। साथ ही पंजाब से 25 महिला वॉलंटियर को भी चैती मेले में बुलाने की तैयारी की जा रही है।

इनके 15 अप्रैल से पूर्व यहां पहुंचने की उम्मीद है। यह महिला वॉलंटियर मंदिर परिसर में भक्तों को दर्शन कराने, भक्तों की दर्शन के लिए लगी कतारों को व्यवस्थित करने आदि का कार्य करेंगी। सीओ अनुषा बडोला ने बताया कि चैती मेले में सुरक्षा की दृष्टि से अस्थायी थाने के साथ 80 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

इसके साथ ही मेला प्रशासन व मेला कमेटी पंजाब से 25 महिला वॉलंटियर बुलाने का निर्णय लिया है। उनके आने के बाद पुलिस व स्थानीय वॉलंटियर के साथ उनको मेले में व्यवस्थाएं संभालने के लिए लगाया जाएगा।

रुद्रपुर के पांच मंदिर में पूजा अर्चना करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

बाजपुर के श्री खाटू श्याम मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

नवरात्रि के दूसरे दिन मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

रुद्रपुर : नवरात्रि के दूसरे दिन भी मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ रही। इस दौरान श्रद्धालुओं ने मां ब्रह्मचारिणी की पूजा अर्चना की। दिनभर मंदिरों में भजन कीर्तनों का दौर चलता रहा। यह सिलसिला देर रात तक चला। बुधवार की सुबह से शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों में श्रद्धालुओं के पहुंचने आना शुरू हो गया था। इस दौरान शहर के लक्ष्मी नारायण मंदिर, मनकामेश्वर मंदिर, शिव शक्ति मंदिर, दूधिया बाबा मंदिर, दुर्गा मंदिर, मां अटरिया देवी मंदिर, बृहस्पति देव मंदिर, नव दुर्गा मंदिर, वैष्णो देवी मंदिर, चामुंडा मंदिर समेत कई मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ नजर आयी। श्रद्धालुओं ने लाइन में लगकर मां के दर्शन किए। दिनभर मंदिरों में मां के भजनों का सिलसिला जारी रहा।

मंदिरों में महिलाओं ने किया भजन-कीर्तन

बाजपुर : दूसरे नवरात्र पर भी श्रद्धालुओं ने मंदिरों में माता के दर्शन किए। इस दौरान लोगों ने उपवास रखकर मंदिर में जाकर मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की। महिलाओं ने दोपहर में अनाज मंडी स्थित श्री खाटू धाम मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन किए। मंदिर के मुख्य पुजारी समन्वय भारद्वाज ने बताया कि चैत्र नवरात्रि में महिलाओं द्वारा मंदिरों में नौ दिनों तक माता रानी के भजनों का गुणगान व भजन कीर्तन किया जाएगा। इस मौके पर रमा शर्मा, कुसुम सैनी, श्वेता गोयल, जया गोयल, मधु गोयल, नमिता अरोरा, हेमा, संदना अग्रवाल, नीता गोयल आदि मौजूद थीं।

काशीपुर में महिला को मोबाइल सौंपने के बाद छात्र। ● अमृत विचार

छात्र ने खोया मोबाइल महिला को सौंपा

काशीपुर : कोतवाल आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि बुधवार दोपहर करीब एक बजे जसपुर निवासी सलोनी कोतवाली में शिकायत लेकर पहुंची और कहा कि उनका एंड्रायड फोन गिर गया है। वहीं, दूसरी तरफ जीबी पंत स्कूल में पढ़ने वाले छात्र रिहान को गिरा हुआ फोन मिल गया। उसने मोबाइल लेकर महाराणा प्रताप सिंह चौक पर फ्लाइओवर के नीचे ड्यूटी पर तैनात हवलदार महावीर को सौंप दिया। महावीर मोबाइल और उस छात्र को लेकर कोतवाली पहुंचे। मोबाइल सलोनी को तत्काल सौंप दिया गया।

फिटनेस सेंटर के खिलाफ करेंगे प्रदर्शन

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार : विधायक तिलकराज बेहड़ ने कहा कि भ्रष्टाचार के मामले में पूरे देश में उत्तराखंड नंबर वन बन चुका है और अगर आज सर्वे हो जाए तो उत्तराखंड में भ्रष्टाचार का नया इतिहास सामने आएगा।

भाजपा सरकार पर तमाम गंभीर आरोप लगाते हुए विधायक बेहड़ ने आवास विकास स्थित कार्यालय में मीडिया से वार्ता की। बेहड़ ने आरोप लगाया कि किच्छा विधानसभा के ग्राम लालपुर स्थित

प्रेस वार्ता करते विधायक तिलकराज बेहड़

वाहन फिटनेस सेंटर में खुलेआम अवैध वसूली कर वाहन स्वामियों का शोषण किया जा रहा है और निजी स्वार्थ के तहत जर्जर हालत की स्कूल बसों को सड़क पर चलने की अनुमति दी जा रही है। इससे बच्चों का जीवन तथा भविष्य खतरे में है। उन्होंने चेतावनी दी कि चुनाव के बाद लालपुर स्थित फिटनेस सेंटर के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए आर-पार की लड़ाई लड़ी जाएगी और जनता को साथ लेकर अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा। प्रेस वार्ता के दौरान नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष दर्शन कोली, कांग्रेस प्रदेश सचिव राजेश प्रताप सिंह, गौरव बेहड़, छोटे लाल कोली एवं पूर्व सभासद दानिश मलिक मौजूद रहे।

कच्ची शराब बेचते आरोपी को दबोचा

किच्छा : कोतवाली अंतर्गत चौकी पुलिस ने नशा तस्कर को अवैध शराब बेचते रंगे हाथ पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीब 30 लीटर कच्ची शराब बरामद की। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। ग्राम भगवानपुर में झोपड़ी में खुलेआम कच्ची शराब की बिक्री की सूचना पर पुलिस टीम ने छापा मारकर ग्राम भगवानपुर निवासी अजय सिंह को रंगे हाथ दबोच लिया।

मिट्टी के दीये जलाकर मनाया हिंदू नववर्ष

मिट्टी के दीये जलाते लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा व साईं धाम कॉलोनी के लोगों ने हिंदू नववर्ष हर्षोल्लास से मनाया। साई धाम कॉलोनी स्थित शिव मंदिर व सोसायटी में हिंदू नववर्ष चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा विक्रम संवत 2081 व प्रथम नवरात्र पर मिट्टी 2081 दीप प्रज्जवलित किए गए। माता के भजन, हनुमान चालीसा का पाठ करने के बाद आतिशबाजी की गई। सोसायटी के सभी घरों व आसपास की गरीब बस्तियों में भी मिट्टी के दीये वितरित किए गए।

इस मौके पर महासभा महानगर इकाई के अध्यक्ष सुरेश शर्मा, सचिव शशिकांत शर्मा, कोषाध्यक्ष अरविंद शर्मा, प्रचार मंत्री पवन चतुर्वेदी, जितेंद्र दुबे, वीरेंद्र दुबे, सुखवीर सिंह शर्मा, शरद विश्नोई, अशोक भटनागर, मनोज कुमार बजाज आदि मौजूद रहे।

कांग्रेस को मिला आप का समर्थन

अल्मोड़ा : अल्मोड़ा लोकसभा सीट के कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप टम्टा को आम आदमी पार्टी और सीपीआईएम ने अपना समर्थन दिया है। बुधवार को तीनों पार्टियों के नेताओं ने अल्मोड़ा में संयुक्त रूप से एक बैठक कर एकजुट होकर चुनाव लड़ने का ऐलान किया। इस दौरान वक्ताओं ने भाजपा पर ईडी, सीबीआई के दुरुपयोग का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि आज प्रदेश की जनता भाजपा सरकार की नीतियों से परेशान हो चुकी है। भाजपा ईडी और सीबीआई को आगे कर विपक्ष को डराने और धमकाने का काम कर रही है। इसे जनता किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं करेगी। तीनें पार्टियों के नेताओं ने दावा किया कि कांग्रेस सभी पांच सीटों पर अपना परचम लहराएंगी। बैठक में विधायक मनोज तिवारी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूपेंद्र भोज, आप के जिलाध्यक्ष आनंद सिंह बिष्ट, सीपीआईएम के आरपी जोशी आदि मौजूद रहे।

सितारगंज में बच्चों को पाठ्य सामग्री बांटते ट्रस्ट के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

लक्ष्य निर्धारित कर करें अध्ययन : देवेंद्र

संवाददाता, सितारगंज

अमृत विचार : श्री गुरु तेग बहादुर वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष सरदार देवेंद्र सिंह ने प्राथमिक विद्यालय बघोरी में स्कूली बच्चों को स्कूल बैग व अन्य पठन सामग्री भेंट की।

गर्मी में बिजली न होने की स्थिति में बच्चों की सुविधा हेतु एक इन्वर्टर बैटरी विद्यालय को देने की घोषणा की। इस मौक़े पर उन्होंने कहा कि बच्चों को अपना लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ाई पर ध्यान देना चाहिए।

इस मौक़े पर देवेंद्र सिंह, महेश मित्तल, गुरदयाल सिंह, सोप्रीत भाटिया, अशोक गौतम, राजेश मित्तल, प्रधानाचार्य दर्शना आदि मौजूद रहे।

Admission Open 2024-25 Admission Open 2024-25
KESHLATA COLLEGE
OF NURSING AND PARAMEDICAL INSTITUTE
Affiliated to Atal Bihari Vajpayee Medical University, Lucknow (UP) - Approved by INC, PCI, New Delhi
Affiliated to U.P. State Medical Faculty, Lucknow (UP), Email : kconbly2012@gmail.com, Web : www.keshlatanursing.com

Nursing Courses
- B.Sc. Nursing (4 Year)
- Post Basic B.Sc. Nursing (2 Year)
- G.N.M (3 Year)
- A.N.M (2 Year)

Paramedical Diploma Courses (2 Year)
- O.T. Technician
- Optometry
- Cardiology
- Physiotherapy
- C.T. Scan

Pharmacy Course (2 Year)
- D. Pharma

Facilities Available
- QCI Rating 'A' Institute
- Scholarship Facility
- Smart Classes
- 100% Placement
- Clinical Training in 1050 Beded Hospital
- Experienced Faculty
- Well Equipped Computer Lab.
- Library
- Modern Specialization Laboratory
- Value Added Courses
- Field Visits
- Wi-Fi & Lush Green Campus
- Hostel
- Education Loan Available

Campus : Keshlata Hospital, Delapeer, Stadium Road, Bareilly-243122
Mob. 9412289231, 9837052422, 7983676609, 6395492431

सार-संक्षेप

कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों के साथ अधिकारी। ● अमृत विचार

वेट वीक में सांस्कृतिक पुनर्जागरण का आयोजन

पंतनगर : विवि के पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय में वेट वीक के तहत सांस्कृतिक पुनर्जागरण 'एक्यम' का आयोजन किया गया। यह वेट वीक की पांचवीं प्रतियोगिता थी। इसमें प्रतिभागियों की ओर से दी गई प्रस्तुतियों में भारत के अलग-अलग क्षेत्रों की संस्कृतियों को दर्शाया गया। प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में नंदिता उपाध्याय, इप्शिता उपाध्याय, स्नेहा दोहरे व अमन कंबोज मौजूद रहे। प्रतियोगिता में पहला स्थान राजस्थानी री माटी ग्रुप को, दूसरा स्थान मेधावी नैनवाल और मानसी रावत को और तीसरा स्थान आंचल शाह ने हासिल किया। यहां वेटरिनरी सोसाइटी की स्टाफ काउंसलर मीना मृगेश, अपूर्वा रावत, प्रियांशी डोभाल, दीपक जोशी, हृतिक सेलवान, देवाशीष नाथ महंत व पीयूष पांडे आदि मौजूद थे।

खटीमा में आयोजित गोष्ठी में उपस्थित कवि। ● अमृत विचार

विश्व गुरु अब बन के रहेगा मेरा हिंदुस्तान...!

खटीमा : गोकुलधाम संस्कृत योग सेवा संस्थान एवं ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में नव संवत्सर के आगमन पर काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें कवियों ने कविता पाठ कर नए विश्व की रचना पर विचार व्यक्त किए। तुलसी राम के आवास पर राज कुमार शर्मा की अध्यक्षता में गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में मुख्य अतिथि गेंदालाल शर्मा निर्जन ने अपनी कविता कुछ यूं कही - " विश्व गुरु अब बन के रहेगा मेरा हिंदुस्तान रे, मोदी मंत्र है घर-घर गूंजे सबका हो उत्थान रे। कवि सम्मेलन में ईश्वर देव प्रजापति, सरिता शर्मा, रवि शर्मा, मेघनाथ प्रजापति, किरण यांशी, अशोक बंसल, मीनाक्षी, पं. रामेश्वर दयाल मिश्रा, विद्या, पार्वती शर्मा, रचित चौहान, दिव्यांश चौहान आदि ने भी अपने कविता पाठ प्रस्तुत किए।

स्नातक व एमसीए की प्रवेश परीक्षा अब 16 जून को

पंतनगर : जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय की स्नातक व एमसीए की प्रवेश परीक्षा की तिथि को बदल दिया गया है। अब स्नातक स्तर की बीएससी ऑनर्स (एग्रीकल्चर), बीवीएससी एंड एएच, बीएफएससी, बीटेक (फूड टेक्नोलॉजी), बीएससी ऑनर्स (कम्यूनिटी साइंस) और बीटेक (बायोटेक्नोलॉजी) व मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (एमसीए) की प्रवेश परीक्षा की तिथि को 16 जून निर्धारित कर दिया गया है। पहले इस परीक्षा की तिथि नौ जून निर्धारित की गई थी। मास्टर्स व पीएचडी की प्रवेश परीक्षा पूर्व निर्धारित तिथि आठ जून को ही आयोजित की जाएगी।

जसपुर के सुभाष चौक पर किया जा रहा सौंदर्यीकरण का कार्य।

सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा का हो रहा सौंदर्यीकरण

जसपुर : नगर पालिका प्रशासन की ओर से नगर के प्रवेश द्वार पर स्थापित 100 फीट से ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज व सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा का सौंदर्यीकरण कराया जा रहा है। इसके तहत नगर पालिका प्रशासन की ओर से यहां पर बड़ी लाइटें लगाई जाएंगी। इसका कार्य तेजी से चल रहा है। जल्दी ही यह कार्य पूरा हो जाएगा।

पूर्व सैनिकों के साथ खड़ी है कांग्रेस : लाडी

बाजपुर : उत्तराखंड किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष हरेन्द्र सिंह लाडी ने कहा कि देहरादून में पूर्व सैनिकों के साथ जो हुआ वह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। कांग्रेस पूर्व सैनिकों के साथ खड़ी है। लाडी ने कहा कि उत्तराखंड सैन्य परिवारों व किसानों का राज्य है। आज भाजपा द्वारा उनके साथ दुर्व्यवहार देखकर बहुत दुख हुआ।

क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रहे

खटीमा : ईद पर्व को देखते हुए नगर और ग्रामीण क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। कोतवाली प्रभारी मनोहर सिंह दसौनी ने जनप्रतिनिधियों सहित उपस्थित लोगों से ईद का पर्व शांति व्यवस्था मनाने की अपील की। इस अवसर पर मौलाना इरफान उल हक कादरी, नासिर खान, कामिल खान, पावस गुप्ता आदि मौजूद थे।

सार-संक्षेप

पुलिस ने तीन वारंटी पकड़े, न्यायालय में किए पेश

बनबसा : पुलिस ने तीन गैर जमानती वारंटियों को पकड़कर न्यायालय में पेश किया। पुलिस ने आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत न्यायालय सिविल जज/न्यायिक मजिस्ट्रेट टनकपुर से निर्गत 3 गैर जमानती वारंटियों हीरा लाल पुत्र बिहारी लाल निवासी वार्ड नंबर एक, अजय उर्फ छोटू वाल्मिकी पुत्र राजेन्द्र वाल्मिकी, निवासी वार्ड नंबर 5 मीना बाजार व अनूप सक्सेना पुत्र स्व. अनिल सक्सेना निवासी वार्ड नंबर 5 झोपड़पट्टी बनबसा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

मारपीट के मामले में एक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

अल्मोड़ा : कोतवाली पुलिस ने मारपीट और धमकी देने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली पुलिस के अनुसार राजपुरा निवासी महिला रेनू ने तहरीर दी है कि संजीत पंवार नाम के एक व्यक्ति ने उनके पुत्र आयुष के साथ मारपीट की और उसे जान से मारने की धमकी भी दी। रेनू ने अपनी तहरीर में कहा है कि संजीत पंवार पिछले चार सालों से उनके परिवार से रंजिश रखता है और मौका मिलने पर मारपीट करने की कोशिश करता है। उन्होंने पुलिस ने संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। इधर पुलिस ने संजीत पंवार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

विधि संकाय के भवन का निर्माण शीघ्र पूरा करने की मांग

अल्मोड़ा : एसएसजे विवि के विधि संकाय में छात्र छात्राओं के लिए बनाए जा रहे भवन के आधे अधूरे कार्य को पूरा करने की मांग स्थानीय लोगों ने उठाई है। बुधवार को सामाजिक कार्यकर्ता विनय किरौला के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल विधि संकाय के विभागाध्यक्ष एके नवीन से मिला और विधि संकाय की विभिन्न संकायों की समस्याओं के बारे में उन्हें जानकारी देकर उनके निराकरण की मांग उठाई। शिष्टमंडल के सदस्यों ने विभागाध्यक्ष से संकाय आधे अधूरे भवन के पूर्ण निर्माण समेत संकाय में पांच वर्षीय बीए एलएलएम का कोर्स संचालित किए जाने, एलएमएम के पाठयक्रम में संविधान के साथ साथ आपराधिक विधि स्ट्रीम को शामिल कराए जाने की मांग उठाई। शिष्टमंडल के सदस्यों ने कहा है कि अगर उनकी मांगों पर शीघ्र कोई कार्रवाई नहीं की गई तो वह छात्रों के सहयोग ने आंदोलन की रणनीति बनाने से भी गुरेज नहीं करेंगे। वार्ता के दौरान गोविंद लाल बल्टियाल, विनोद तिवारी आदि मौजूद रहे।

छात्राओं ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

टनकपुर : लोकसभा चुनाव में सबकी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की छात्राओं ने बुधवार को मतदाता जागरूकता रैली निकाली। रैली विद्यालय परिसर से निकाली गई जो डिग्री कॉलेज रोड, सीमेंट रोड, वार्ड नंबर 1 वार्ड नंबर 2 सहित नगर पालिका क्षेत्र में होते हुए विद्यालय परिसर पहुंची। इस दौरान छात्र-छात्राएं हाथों में वोट देने की अपील की तख्तियां लेकर चल रहीं थी। जिसमें पहले मतदान फिर जलपान, चाहे नर हो या नारी मतदान सब की जिम्मेवारी, वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है, सत्य और ईमान से सरकार बनाएंगे मतदान से, अब जागो प्यारे, मतदाता वोट हमारा अधिकार, कभी ना करें इसका बहिष्कार जैसी स्लोगन लिखा था। विद्यालय की वार्डन प्रेमा ठाकुर ने कहा कि भारत एक मजबूत लोकतांत्रिक देश है। भारत के नागरिकों को शत प्रतिशत मतदान देकर एक सशक्त सरकार का निर्माण करने में अहम भूमिका निभानी चाहिए। देश के हर नागरिक जिनका उम्र 18 वर्ष या उससे अधिक हो गई हो वे सभी 19 अप्रैल को अपना मतदान जरूर करें। मतदाता जागरूकता रैली में मनु तिवारी, सुमन चन्द, अर्चना, संजीत, रेनू, संजू चन्द सहित तमाम छात्राएं शामिल रहीं।

भैंसियाछाना और धौलादेवी के सैकड़ों गांवों में बिजली गुल

अल्मोड़ा : विकास खंड भैंसियाछाना और धौलादेवी के सैंकडों गांवों में पिछले 36 घंटों से ब्लैक आउट की स्थिति बनी हुई है। जिस कारण इन क्षेत्रों के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन विभाग अभी तक लाइन में आए फाल्ट को ठीक नहीं कर पाया है। मंगलवार की देर शाम आए तेज अंधड़ के कारण तोली सब स्टेशन की 33 केवीए लाइन में चातुर्भाज के पास एक चीड़ का विशालकाय पेड़ गिर गया। जिस कारण लाइन को काफी नुकसान पहुंचा। लाइन में फाल्ट आने के बाद से धौलादेवी और भैंसियाछाना के सैकड़ों गांवों में अंधेरा छा गया। मंगलवार को मौसम खराब होने के कारण विभाग की पेट्रोलिंग टीम लाइन में आए फाल्ट को नहीं ढूंढ सकी। बुधवार सुबह जब टीम ने पेट्रोलिंग शुरू की तो उन्हें चातुर्भोज के पास लाइनें टूटी हुई मिलीं। जिसके बाद लाइन में आए फाल्ट को दूर करने के लिए मशक्कत शुरू की गई। लेकिन बुधवार की देर शाम तक संबंधित क्षेत्रों में बिजली की आपूर्ति नहीं हो पाई थी। तोली सब स्टेशन के अधिकारियों ने बताया कि फाल्ट मिलने के बाद पहले चीड़ के पेड़ को लाइन से हटाने का काम किया जा रहा है। जिसके बाद लाइनों को दुरुस्त किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि पेड़ गिरने से लाइनें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई हैं। इन्हें ठीक करने का काम चल रहा है। शीघ्र बिजली की आपूर्ति बहाल हो जाएगी।

तोली स्टेशन की लाइन पर गिरे पेड़ को काटते कर्मचारी।

वेव कास्टिंग के लिए तैनात कार्मिकों को दिया गया प्रशिक्षण

अल्मोड़ा : लोकसभा सामान् निर्वाचन को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए निर्वाचन विभाग ने जिले के 460 मतदेय स्थलों पर वेब कॉस्टिंग कराने का निर्णय लिया है। जिसके लिए बुधवार को विधानसभा अल्मोड़ा, जागेश्वर तथा सोमेश्वर के लिए नियुक्त किए गए 275 वेब कास्टिंग कार्मिकों का प्रशिक्षण विकास भवन सभागार में आयोजित हुआ। नोडल अधिकारी वेब कास्टिंग रितिका पाल ने सभी कार्मिकों को वेब कास्टिंग के लिए की जाने वाली सभी प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सभी कार्मिक सौंपे गए कार्यों को सफलतापूर्वक संपन्न करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिन मतदेय स्थलों पर वेब कास्टिंग की जानी है, उसके लिए नियुक्त कार्मिक अपने मतदेय स्थलों को पहले से ही देख लें एवं इस संबंध में सभी व्यवस्थाएं करना सुनिश्चित कर लें।

मीरा जोशी ऐपण प्रोत्साहन सम्मान के लिए नाम घोषित

अल्मोड़ा : मोहन उप्रेती लोक संस्कृति कला एव विज्ञान शोध समिति द्वारा वर्ष, 2022 और 2023 दो वर्षों के मीरा जोशी ऐपण प्रोत्साहन सम्मान के लिए चयनित कलाकारों के नामों की घोषणा की है। वर्ष 2022 का मीरा जोशी ऐपण प्रोत्साहन सम्मान पारंपरिक ऐपण आलेखन के लिए हल्द्वानी की रश्मि जोशी व क्रिएटिव ऐपण आलेखन के लिए कंचन जाटव को प्रदान किया जाएगा। वर्ष 2023 का मीरा जोशी ऐपण प्रोत्साहन सम्मान पारंपरिक ऐपण आलेखन के लिए अल्मोड़ा की कंचन जाटव व क्रिएटिव ऐपण आलेखन के लिए अल्मोड़ा की नमिता टम्टा को प्रदान किया जाएगा।

कांडा के ससोला में काट डाले दर्जनों हरे पेड़, अफसरों को नहीं चला पता

ग्रामीणों की शिकायत पर डीएम ने दिए जांच के आदेश, वन विभाग ने सीज की पिकप

संवाददाता, बागेश्वर

अमृत विचार : कांडा के ससोला वन पंचायत क्षेत्र में तस्करों ने दर्जनों हरे चीड़ के पेड़ों पर आरियां चला दी तथा उन्हें ठिकाने लगा दिया। परंतु स्थानीय प्रशासन व वन विभाग को इसकी हवा नहीं लगी। ग्रामीणों की शिकायत के बाद वन विभाग हरकत में आया तथा वाहन सीज कर दिया है। जबकि जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने मामले की विस्तृत जांच के आदेश दिए हैं।

कांडा तहसील के ससोला वन पंचायत क्षेत्र में बीते दिनों तस्करों ने हरे पेड़ों पर आरियां चलाकर दर्जनों पेड़ काट डाले जिस पर स्थानीय वन विभाग के कर्मचारियों व राजस्व पुलिस को इसकी हवा नहीं लगी। ग्रामीणों को इसकी जानकारी होने पर ग्रामीणों ने इसकी वीडियो बना डाली। साथ ही जिलाधिकारी से भी इसकी शिकायत की। जिस पर वन विभाग हरकत में आया तथा वन विभाग ने वीडियो के आधार पर पिकप को सीज कर दिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि तस्कर द्वारा लगभग पांच दर्जन से अधिक पेड़ों को काटा गया है जिसमें नए पेड़ों के साथ ही पुराने पेड़ भी हैं तथा इन्हें खुलेआम पिकप में रखकर अन्यत्र ले जाया गया। कहा कि तस्करों द्वारा जहां अवैध खनन किया जा रहा है वहीं हरे पेड़ों पर आरियां चलाई जा रही हैं तथा पर्यावरण को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। बताया कि वन विभाग व राजस्व पुलिस को इसकी भनक न लगना उनकी कार्यप्रणाली पर प्रश्न चिन्ह लगता है। उन्होंने मामले का पता लगाकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

कांडा के ससोला वन पंचायत क्षेत्र में तस्करों द्वारा काटे गए पेड़। ● अमृत विचार

> ससोला में बिना अनुमति के पेड़ काटने की शिकायत मिली है। वन विभाग ने वीडियो के आधार पर पिकप को सीज किया है तथा जांच की जा रही है। मैंने इस मामले में उपजिलाधिकारी को भी विस्तृत जांच के आदेश दिए हैं।
> – **अनुराधा पाल**, जिलाधिकारी बागेश्वर

मकान में आग लगने से लाखों का सामान राख

▸▸ **फायर सर्विस ने कड़ी मशक्कत के बाद पाया काबू**

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : नगर के चीनाखान मोहल्ले में बुधवार की तड़के एक मकान में आग लग गयी। मकान में आग लगने से पूरे मोहल्ले में अफरा तफरी मच गई। आपास के लोगों ने आनन फानन में फायर विभाग को इसकी सूचना दी।

जिसके बाद मौके पर पहुंची फायर टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाने में सफलता प्राप्त की। बुधवार की सुबह करीब ढ़ाई से तीन बजे के आसपास एनटीडी स्थित फायर स्टेशन के कर्मचारियों को सूचना मिली कि चीनाखान, धारानौला में एक मकान में आग लग गयी है।

सूचना मिलते ही तत्काल फायर स्टेशन अल्मोड़ा की टीम लीडिंग फायरमैन किशन सिंह के नेतृत्व में घटनास्थल पर पहुंची। मौके पर पहुंची टीम ने देखा कि आग मकान की दूसरी मंजिल में लगी हुई है। प्रभावित मकान मुख्य मार्ग से करीब 200 मीटर की दूरी पर स्थित था। अल्मोड़ा फायर सर्विस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए पंपिंग कर तीन होज पाइप फैलाकर आग को बुझाना शुरू किया।

आग लकड़ी के मकान में लगे होने के कारण रुक रुक कर पानी डाला गया। करीब डेढ़ दो घंटे की मशक्कत के बाद फायर विभाग के कर्मचारियों ने आग पर काबू पा लिया। भवन स्वामी के अनुसार इस घटना में उनका लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया है। संयोग से हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।

धारानौला के चीनाखान मोहल्ले में आग बुझाता फायर कर्मी। ● अमृत विचार

पूर्णागिरि धाम क्षेत्र में 24 घंटे में 3 हादसे, 6 घायल

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार : पूर्णागिरि धाम क्षेत्र में बीते 24 घंटों में तीन हादसे हुए हैं। इन हादसों में 6 लोग घायल हुए हैं।

बताया जाता है कि विनय दीप (24) निवासी हाफीजगंज जिला बरेली निजी जीप से परिवार के साथ मां पूर्णागिरि देवी दर्शन के लिए जा रहे थे। गलती से वह ठुलीगाड़-जौलजीबी रोड पर चल दिए। बाद में लौटे तो गोजी नाले के पास जीप दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में शीतल (22), वरुण (40), शिवम (18) चोटिल हो गए। सभी घायलों को टनकपुर उप जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। दूसरी घटना में अपने भाई गोविंद कुमार के साथ आई ज्ञान देवी पुत्री ईश्वर दयाल (14) निवासी खुटार जिला शाहजहांपुर यूपी शॉर्ट कट से पूर्णागिरि धाम जाते वक्त गिरने से घायल हो गई।

वहीं ठुलीगाड़ के पास मैक्स वाहन चालक गोविंद कुमार निवासी गैड़ाखाली ठुलीगाड़ सामने से आ रही जीप की चपेट में आने से घायल हो गया।

मेले में बिछड़ी महिला परिजनों को सौंपी

बनबसा : शारदा बैराज पुलिस ने पूर्णागिरि भैरव मंदिर क्षेत्र से अपने परिजनों से बिछड़ी महिला को खोजकर उसके परिजनों के सुपुर्द किया। शारदा बैराज चौकी प्रभारी ललित पांडेय ने बताया कि फूला देवी पत्नी स्वर्गीय खिलावन उम्र 55 वर्ष निवासी बहराइच बीते मंगलवार को भैरव मंदिर क्षेत्र में अपने परिजनों से बिछड़ गई थी। बुधवार को वह परिजनों को ढूंढते हुए शारदा बैराज पुलिस चौकी बनबसा पहुंची जहां पुलिस ने महिला के परिजनों की तलाश के लिए बस चालकों से संपर्क किया तथा माइक पर एनाउंसमेंट कराया। इस पर महिला के परिजन मौके पर पहुंच गए।

प्रदीप टम्टा ने किया जनसंपर्क

संवाददाता, रानीखेत

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस भी एक्शन मोड पर आ गई है। बुधवार को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन महरा व अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ सीट से कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप टम्टा ने भतरोजखान, ताड़ीखेत व रानीखेत में रोड शो कर जनसंपर्क किया।

भतरोजखान में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करन मेहरा ने नुक्कड़ सभा के माध्यम से भाजपा की केंद्र सरकार पर जमकर प्रहार किए। कहां कि आज आम जनता बेरोजगारी, महंगाई व भ्रष्टाचार से परेशान है। बेरोजगार रोजगार के लिए दर-दर भटक रहे हैं। अग्निवीर के नाम पर युवाओं को छला गया। ईडी व सीबीआई का भय दिखाकर दलों को तोड़ने का काम किया। उसके बावजूद भी भाजपा का केंद्र का नेतृत्व रामराज की बात कर आमजन को गुमराह कर रहा है।

रानीखेत में जनसंपर्क करते कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप टम्टा व प्रदेश अध्यक्ष करन महरा।

स्टार्ट अप शुरू करने की जानकारी दी

अल्मोड़ा: उच्च शिक्षा विभाग उत्तराखंड व भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद के तत्वावधान में राजकीय महाविद्यालय स्याल्दे में उद्यमिता विकास योजना की कार्यशाला जारी है।

बुधवार को कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि शिक्षाविद गिरीश चंद्र त्रिपाठी ने कहा कि विकास खंड के स्याल्दे और देघाट में स्वरोजगार की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में कपास उत्पादन, डेयरी और बागबानी के क्षेत्र में स्वरोजगार स्थापित किए जा सकते हैं। सहायक कृषि अधिकारी त्रिभुवन असवाल ने प्रतिभागियों को जैविक खेती के बारे में जानकारी दी। रीप के ब्लॉक समन्वयक बृज मोहन पटवाल ने विभाग की विभिन्न योजनाओं के की जानकारी दी।

अहमदाबाद से पहुंचे गिरधर बिष्ट ने नया स्टार्टअप शुरू करने के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर प्राचार्या डा. आभा अग्रवाल, नोडल अधिकारी डा. निर्मला लोहनी आदि मौजूद रहे।

एक साल से लापता शिक्षक निलंबित

संवाददाता, चम्पावत

▸▸ **लोस चुनाव में बनाया था मतदान अधिकारी प्रथम, नहीं पहुंचा**

▸▸ **उच्च प्राथमिक विद्यालय पांचपीपल में तैनात है शिक्षक**

अमृत विचार: बाराकोट विकासखंड का एक शिक्षक एक साल से अधिक समय से गैर हाजिर है। स्कूल नहीं पहुंचने पर उन्हें अब तक विभाग ने तीन नोटिस भी भेजे लेकिन किसी का जवाब नहीं मिला। इस शिक्षक की ड्यूटी 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए मतदान अधिकारी प्रथम के रूप में लगाई गई थी। लेकिन शिक्षक की आमद नहीं हुई। अब विभाग ने उनका निलंबन कर दिया है।

बाराकोट विकासखंड के पांचपीपल राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के सहायक अध्यापक खीमेंद्र सिंह रौतेला को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान अधिकारी प्रथम बनाया गया था। 19 मार्च को प्रथम प्रशिक्षण हुआ, लेकिन शिक्षक गैर हाजिर रहा। 21 मार्च को शिक्षा विभाग ने नोटिस भेजकर तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण तलब किया, मगर शिक्षक का कोई जवाब नहीं मिला। चम्पावत के मुख्य शिक्षाधिकारी मेहरबान सिंह बिष्ट ने बताया कि लंबे समय से गैर हाजिर शिक्षक को पिछले साल मई में भी दो नोटिस भेजे गए थे, लेकिन उनका भी कोई जवाब नहीं मिला। अंततः अब विभाग ने उन्हें निलंबित कर दिया है और निलंबन की जानकारी भी उनके पते पर भेजी गई है। मुख्य शिक्षाधिकारी मेहरबान सिंह बिष्ट का कहना है कि शिक्षक ने अब तक भेजे किसी भी पत्र को न तो रिसीव किया है और न जवाब दिया है। अलबत्ता शिक्षक का वेतन रोका गया है। वहीं शिक्षक की गैर हाजिरी से पढ़ाई पर भी असर पड़ रहा है।

वर्ग पहेली-36

बाएं से दाएं

1.1. कान के पास मुंह ले जाकर धीमी आवाज़ में की जाने वाली बातें, धीरे-धीरे बात करना, फुसफुसाना 2. कानाबाती, कानाफूसी।

5.1. कीचड़, गारा, पंक 2. ऐसी गीली भूमि जिसपर खड़े होने पर गहराई में धंसते जाते हैं 3. वह संकट या परेशानी जिसमें से निकलना कठिन हो। [मु.] -में फंसना : मुसीबत में पड़ना।

7.1. झील

8. बांस या बेंत का बना आसन, मूढ़ा।

9.1. एक ऋतु 2. हिंदी माह आश्विन की ऋतु 3. वर्ष, वत्सर।

ऊपर से नीचे

2. दुर्गा।

3.1. पोस्ते का फल 2. फलांकुर, कली 3. गांव या शहर में होने वाली मुनादी, डुगडुगी 4. टोंटी।

4.1. स्वभाववश, अभ्यासवश 2. किसी कार्य को बार-बार करते रहने के कारण कार्य का आदत बन जाना।

5.1. किसी सिद्ध पुरुष का समाधि-स्थल, मकबरा, मज़ार 2. दरबार; कचहरी 3. देहरी, चौखट।

6.1. समूह 2. साधुओं की ज़मात या जमावड़ा।

8.1. मन को प्राप्त, मुग्ध 2. मोह 3. आसक्त, लुभाया हुआ।



वर्ग पहेली -35 का हल

1 पि	टा	ना	■	2 सा	नु	3 ज
सा	■	■	4 त	न	■	ल
न	■	5 ढी	ल	ना	■	म
■	6 च	■	बा	■	■	य
■	7 म	च	ना	■	8 वे	■
■	र	■	■	■	दि	■
9 सु	ख	दा	ता	■	10 का	ज़ी

सुडोकू -115

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	6					9		2
8		2		1	5			
				2		8		5
		8			3			
		1				6		
9			8			7		
		5		9				
3			5			1		7
2		6					5	

सुडोकू -114 का हल

2	6	8	7	9	5	1	4	3
5	3	4	8	6	1	9	7	2
9	1	7	2	3	4	8	6	5
7	5	6	4	1	8	2	3	9
1	2	9	5	7	3	6	8	4
8	4	3	9	2	6	7	5	1
3	9	5	1	8	7	4	2	6
6	7	2	3	4	9	5	1	8
4	8	1	6	5	2	3	9	7

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 11 अप्रैल गुरुवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-तृतीया 15.03 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ। ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-कृत्तिका 12 अप्रैल 01.38 तक तत्पश्चात रोहिणी।

मेष — आज सहकर्मी आपको धोखा दे सकते हैं। कारोबार से संबंधित यात्रा होने के योग बन रहे हैं। धन सोच-समझकर ही खर्च करें। नए कार्यों की शुरुआत करना उचित नहीं है। अधिकारी वर्ग की आज्ञा का उल्लंघन न करें।

वृष — आज यदि आप नयी नौकरी ढूंढ रहे हैं तो सफलता मिल सकती है। अपनी छुपी हुई प्रतिभा को विकसित करने का प्रयास करें। सम्मानित लोगों के बीच आपकी पैठ मजबूत होगी। समाज में आपका सम्मान बढ़ेगा।

मिथुन — आज अपने प्रतिद्वंद्वियों को हल्के में न लें। आपका मन उदास हो सकता है। व्यवसाय में अपेक्षित परिणाम न मिलने के कारण कुछ बदलाव को लेकर सोच सकते हैं। विवाहेतर संबंधों से दूर रहें। परिवार व समाज में प्रतिष्ठा की चिंता रहेगी।

कर्क — आज आपकी एकाग्रता में वृद्धि होगी। सभी तरफ से शुभ समाचार मिलेंगे। इससे आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। रुके हुए कार्य पूर्ण होंगे। व्यापार में नए अनुबंध होने की संभावना बन रही है। धार्मिक क्रियाकलापों में आप भाग लेंगे।

सिंह — आज आय के साधनों में वृद्धि होगी। विवाह योग्य लोगों को उत्तम प्रस्ताव मिलेंगे। अपनी कार्यशैली से अधिकारी वर्ग संतुष्ट रहेंगे। प्रेम संबंधों में नजदीकियां बढ़ेगी। परिजनों के साथ अपने मन की बातें शेयर करेंगे।

कन्या — आज उच्च शिक्षा में सफलता मिलेगी। गुरुजनों से चर्चा और राय लेकर नया काम शुरू करें। आपके सद्गुणों की लोग प्रशंसा करेंगे। घर की बातें बाहर वाले लोगों से शेयर न करें। रिटेल व्यवसाय में उत्तम धन लाभ होगा। मन की नकारात्मकता दूर होगी।

तुला — आज धन से जुड़े मामलों में लापरवाही करना उचित नहीं है। अनावश्यक खर्चों में कटौती करें। अपने आसपास के लोगों से सावधान रहें। आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव कर सकते हैं। थकान की वजह से आप अपने कार्यों में ज्यादा ध्यान नहीं दे पाएंगे।

वृश्चिक — आज दिन का शुरुआती भाग बहुत शुभ रहेगा। राजनीति से जुड़े लोगों की प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। विद्युत उपकरणों का प्रयोग सावधानी पूर्वक करें। जिस किसी बात से आप प्रसन्न होंगे उसी बात पर आपको दुखी होना पड़ेगा।

धनु — आज आय के नए स्रोत विकसित होंगे। शेयर मार्केट से बड़ा लाभ हो सकता है। अपने काम दूसरों के भरोसे छोड़ने से बचें। अविवाहित लोगों के विवाह संबंधित बात आगे बढ़ सकती है। बहुत शुभ व उत्साहवर्धक रहेगा। आपके पक्ष में रहने वाला है।

मकर — आज अपने खर्चो पर धीरे-धीरे नियंत्रण पा लेंगे। प्रेमी जन के साथ आप अच्छा समय बिताएंगे। व्यापार में अपेक्षा से अधिक लाभ होगा। जॉब में उच्चाधिकारी आपसे बेहद प्रसन्न रहेंगे। लोग आपके विचारों से सहमत होंगे।

कुंभ — आज व्यर्थ की बातों पर ज्यादा समय बर्बाद न करें। आपके स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। वैवाहिक जीवन में कुछ अनबन रहने की आशंका है। धैर्य और संयम के साथ काम करें। किसी पर भी आवश्यकता से अधिक भरोसा न करें।

मीन — आज पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोगों को बड़ी बिजनेस डील मिल सकती है। अपने मन की बातें प्रेमी जन से साझा कर सकते हैं। आपकी व्यवहार कुशलता की प्रशंसा होगी। अपने काम का विस्तार करने का विचार बनाएंगे।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- नजर के सामने — सुबह : 10.53
- धड़कन — रात : 07.00

&pictures
- पुलिसगिरी — सुबह : 11.19
- जनहित में जारी — रात : 08.00

SONY PIX
- मोर्टल कॉम्बेट — सुबह : 10.53
- स्पाइडर मैन — रात : 09.00

ZEE CINEMA
- बीवी हो तो ऐसी — सुबह : 10.45
- कंजूस मक्खी चूस — रात : 08.05

StarGold SELECT
- मोना डार्लिंग — सुबह : 10.30
- ए थर्सडे — शाम : 06.45

आज की सुपरहिट फिल्म

बी 4 यू पर रात : 07.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

मास्टर जी क्लास में आए तो पप्पू हल्ला मचा रहा था।
मास्टर जी (पप्पू से) - गजल और भाषण में क्या अंतर होता है?
पप्पू ने कुछ देर सोचा फिर बोला- पराई स्त्री का हर शब्द गजल होता है और बीवी का हर शब्द भाषण...
पप्पू की बात सुनकर मास्टर जी दंग रह गए।

पत्नी- सुनो जी, आज से तुम रोजाना शराब पिया करो।
पति- क्यों?
पत्नी - क्योंकि, आप नशे में ज्यादा काम करते हो।
पति- मैं कुछ समझा नहीं?
पत्नी- अरे कल तुम शराब पीकर आए तो नशे में सारे गंदे पड़े बर्तन धो डाले और तो और आपने मेरे पांव भी दबाए...

अमृत विचार
www.amritvichar.com

निषेवते प्रशस्तानी निन्दितानी न सेवते।
अनास्तिक : श्रद्धान एतत् पण्डितलक्षणम्॥

सद्गुण, शुभ कर्म, भगवान के प्रति श्रद्धा और विश्वास, यज्ञ, दान, जनकल्याण आदि, ये सब ज्ञानीजन के शुभ-लक्षण होते हैं।

संपादकीय

सहयोग बढ़ाना जरूरी

दुनिया की सबसे अधिक आबादी वाला भारत स्वास्थ्य के कई मसलों से जूझ रहा है। हालांकि दुनिया की आधी से अधिक आबादी को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं तक पूर्ण पहुंच की आवश्यकता है। भारत में समावेशी स्वास्थ्य सेवा प्राप्त करने की राह की चुनौतियां कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। इनमें संक्रामक रोगों से लेकर गैर संक्रामक बीमारियां शामिल हैं। टीबी और मलेरिया जैसी संक्रामक बीमारियां तो बनी ही हुई हैं। इनके साथ साथ जीवनशैली से जुड़े रोगों जैसे कि डायबिटीज़ और दिल की बीमारियों के मरीजों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। कुपोषण और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच का अभाव, खासतौर से ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी बना हुआ है। वास्तविक स्वास्थ्य समानता, गरीबी, भेदभाव, उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक सीमित पहुंच, स्वस्थ आहार, स्वच्छ जल, स्वच्छ हवा और आवास जैसी स्वास्थ्य असमानताओं के मूल कारणों को संबोधित करती है तथा स्वास्थ्य देखभाल तक समान पहुंच प्रदान करती है। स्वास्थ्य समानता यह सुनिश्चित करती है कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी उच्चतम स्वास्थ्य क्षमता प्राप्त करने का समान अवसर मिले, चाहें उनकी परिस्थितियां कुछ भी हों। यह स्वीकार करते हुए कि सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय कारक स्वास्थ्य परिणामों को प्रभावित करते हैं, यह विचार आनुवंशिकी तक सीमित नहीं है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का मिशन विभिन्न सामाजिक और आर्थिक श्रेणियों के बीच स्वास्थ्य क्षेत्र में विद्यमान अनुचित एवं निवारण योग्य असमानताओं को समाप्त करना है।

भारत सरकार ने 2013 में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की शुरुआत की थी। इसकी रूपरेखा में पहले यानी 2005 में स्थापित किए गए राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन और 2013 में शुरू किए गए राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन को शामिल किया गया है। स्वास्थ्य की तमाम चुनौतियों के बावजूद जनता की सेहत को बेहतर बनाने का लक्ष्य लेकर शुरू की गई आयुष्मान भारत योजना दुनिया में स्वास्थ्य की सबसे महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है। इसके तहत दो मुख्य कार्यक्रमों-हेल्थ ऐंड वेलनेस केंद्रों और प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के जरिए देश के 50 करोड़ कमजोर लोगों को वित्तीय संरक्षण देना है। फिर भी भारत जैसे बहुसांस्कृतिक देश में विशेष रूप से स्वास्थ्य समानता की राह कठिनाइयों से भरी है जिसमें गहराई तक व्याप्त सामाजिक अन्याय से लेकर वैश्विक प्रणालीगत स्वास्थ्य संबंधी चिंताएं शामिल हैं। भारत के लिए ये सुनिश्चित करना जरूरी है कि आम लोगों को उचित कीमत पर स्वास्थ्य की देख-रेख की अच्छी सुविधा मिल सके। स्वास्थ्य सेवा के मूलभूत ढांचे में निवेश और कर्मचारियों की तादाद बढ़ाने और सरकारी संस्थाओं, नागरिक संगठनों और निजी भागीदारों के बीच सहयोग बढ़ाना भी जरूरी है।

पूरक आहार के सेवन से भी होती है विषाक्तता



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

लोगों में डिब्बा बंद या पैक्ड पूरक आहार के सेवन की आवृत्ति क्या बढ़ गई थी और इसके प्राकृतिक और बाहरी अन्य क्या कारण क्या हो सकते थे, ऐसी जांच की गई? मालूम हुआ कि पूरक आहार की श्रेणी में शामिल खाद्य पदार्थों के निर्माण के दौरान विशुद्ध हार्मोन्स की 15.1, बोटैनिकल स्रोत से ली गई सामग्री की 31.9 और अन्य पूरक पदार्थों का इस्तेमाल की गयी कुल मात्रा का प्रतिशत हिस्सा 5.1 था।

जर्नल ऑफ़ मेडिकल टॉक्सिकोलॉजी के सन 2017 के अंक 13 में छपे हुए एक शोधपत्र से मालूम हुआ है कि सन् 2000 से 2012 तक के अरसे के बीच अमरीका में पूरक आहार (डाइटरी सप्लीमेंट्स) का सेवन करने से हुई विषाक्तता के 2,74,998 व्यक्ति-मामले 'पाइजन कण्ट्रोल सेंटर्स' में रिपोर्ट हुए थे। सन् 2000 से 2002 के बीच के तीन वर्षों के समय में अमेरिका में प्रति एक लाख व्यक्तियों में विषाक्तता के मामलों में पिछले आंकड़ा के दृष्टिगत 46.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी, लेकिन अगले चार वर्षों में यह घटकर 8.8 प्रतिशत हुई लेकिन 2005 से लेकर 2012 के बीच यह फिर आश्चर्यजनक रूप से अधिक होकर 49.3 प्रतिशत हो गई।

लोगों में डिब्बा बंद या पैक्ड पूरक आहार के सेवन की आवृत्ति क्या बढ़ गई थी और इसके प्राकृतिक और बाहरी अन्य क्या कारण क्या हो सकते थे, ऐसी जांच की गई? मालूम हुआ कि पूरक आहार की श्रेणी में शामिल खाद्य पदार्थों के निर्माण के दौरान विशुद्ध हार्मोन्स की 15.1, बोटैनिकल स्रोत से ली गई सामग्री की 31.9 और अन्य पूरक पदार्थों का इस्तेमाल की गयी कुल मात्रा का प्रतिशत हिस्सा 5.1 था। शरीर में पहुंचने के बाद रासायनिक विघटन होकर इनके पदार्थ जब विलग हो जाते हैं और चयापचयी प्रक्रिया-एब्जॉर्प्शन और एडजॉर्प्शन, शुरू हो जाती है तब इनके घटक विषाक्तता पैदा करते हैं।

भारत में पूरक आहार (हेल्थ फ़ूड सप्लीमेंट्स-न्युट्रास्युटिकल्स) का सेवन करने की प्रवृत्ति तेज़ हो चुकी है। 1850 आदि दशक से ही अमीर परिवारों में बच्चों को इसे दिया जाता रहा है, लेकिन प्रोटीन और विटामिन रिच न्युट्रास्युटिकल्स का इस्तेमाल खिलाड़ियों (पहलवान, वेट लिफ्टर्स, धावक) में अब अधिक है। इनमें ग्लुटामीन और ट्रिप्टोफेन जैसे एमिनो एसिड्स, एनाबोलिक एण्ड्रोजैनिक स्टेरॉयड्स एवं एम्फिटामीन्स जैसे स्टिमुलैंट्स के अलावा संश्लेषित 'ब्रांचर्ड-चेन एमिनो एसिड्स' शामिल हैं। विज्ञापनों के प्रभाव में संभावित कुपोषण के दुष्प्रभाव से बचाने या फिर तेज़ी से शारीरिक वृद्धि होने एवं खेल और अध्ययन दोनों में मेधावी बनाने के लिए पेरेंट्स में किशोर वय के अपने बच्चों को

> सभी देशों के 'फ़ूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन' के डिपार्टमेंट और अथॉरिटीज संबंधित नियमों के अंतर्गत इनकी प्रोडक्शन और गुणवत्ता को कंट्रोल करने के अलावा लोगों को नियमित रूप से इनसे होने वाले संभावित खतरों से सावधान करने के लिए सार्वजनिक मीडिया पर सक्रिय होकर और परोक्ष रूप से पोस्टर और बिलबोर्ड लगवाकर शैक्षिक कार्यक्रम चलाते हैं।

पूरक आहार और न्युट्रास्युटिकल्स देने का चलन बढ़ा है। ट्रेंड डॉक्टर या फिजिशियन की सलाह के बिना या एक समय बाद सलाह की उपेक्षा करके जो जहां मिला या जिसने बता दिया, प्रकार के फ़ूड सप्लीमेंट्स खरीदकर बच्चों को दिए जा रहे हैं। यह द्रुतगति से बढ़ कर अब चिंताजनक स्तर तक पहुंचा हुआ है। देश में ही नहीं दुनिया भर में न्युट्रास्युटिकल्स और फ़ूड सप्लीमेंट्स का कारोबार और सेवन कुलांचे भर रहा है।

सभी देशों के 'फ़ूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन' के डिपार्टमेंट और अथॉरिटीज संबंधित नियमों के अंतर्गत इनकी प्रोडक्शन और गुणवत्ता को कंट्रोल करने के अलावा लोगों को नियमित रूप से इनसे होने वाले संभावित खतरों से सावधान करने के लिए सार्वजनिक मीडिया पर सक्रिय होकर और परोक्ष रूप से पोस्टर और बिलबोर्ड लगवाकर शैक्षिक कार्यक्रम चलाते हैं। परन्तु विज्ञापन और घरेलू स्टार की डायरेक्ट मार्केटिंग का पुश इतना जबरदस्त है कि लोगों में पूरक आहार को एक चिकित्सकीय जरूरत के हिसाब से इन्हें न लेने या हिदायतों की उपेक्षा करके दीर्घावधि तक इनका नियमित सेवन या आवृत्ति बढाकर सेवन करने की प्रवृत्ति धीरे-धीरे बढ़ कर एक दिन महामारी की रूप धर लेगी, ऐसी आशंका शोधकर्ताओं द्वारा निकाले गए नतीजों के आधार पर व्यक्त की जा चुकी है। संबंध में भारत में टॉक्सिकोलॉजी से संबंधित केस रिपोर्टिंग और डेटा मिलने और जमा होने की बाबत कुछ अधिक एनालिसिस उपलब्ध नहीं है, लेकिन पेस्टिसाइड, इंसेक्टिसाइड और अन्य प्रकार के अनेक जहर और जहरीले जीव-जंतुओं द्वारा शरीर में एक्सीडेंटल स्थिति में जहर प्रवेश हो जाने मामले तो रिपोर्ट होते हैं, जैसे कि सांप और बिच्छू का दंश। इसके अलावा विषाक्त प्रभाव पैदा करने वाली धातुओं जैसे कि वायु, पानी और खाद्य प्रणाली के जरिये मरकरी, लेड, आर्सेनिक और चाय बनाने वाले बर्तन के जरिये से भी एल्युमिनियम टॉक्सिसिटी होने के केस अस्पताल के डाक्टरों द्वारा दर्ज किये जाते रहे हैं। अस्पताल से यह जानकारी डेटा कलेक्शन सेंटर की मार्फ़त नई दिल्ली के एम्स में नेशनल पाइजन्ज़ इनफार्मेशन सेंटर के संग्रह में चली जाती है जिसकी स्थापना सन् 1995 में की गई थी। इसका काम देश में ज़हर से प्रभावित होने वाले व्यक्तियों के संबंध में सभी किस्म की सूचना यथा, ज़हर की किस्म, इसका प्रभाव, ज़हर के स्रोत और इसकी किस्म, मात्रा, और प्रत्येक किस्म की विषाक्तता को तोड़ने वाले बायो-केमिकल मेथड्स और उपचार पद्धितियों पर काम करना भी है।

समस्याएं विकट है और अनेक प्रकार की हैंः आमजन को ऐसा आभास जर्राभर नहीं है कि भारत सरकार के स्तर पर अनजानी और अनदेखी समस्याओं की पूर्ति और समाधान के लिए ही नहीं बल्कि शोधकार्य के लिए भी करोड़ों रुपया खर्च करके एक बड़ा तंत्र खड़ा किया जाता है। इस खतरे से निपटने के लिए अमरीका ने सन 1994 में 'डाइटरी सप्लीमेंट हेल्थ एंड एजुकेशन एक्ट ऑफ़ 1994-पब्लिक लॉ 103-117' को कांग्रेस के 103-वें सत्र में पास कर दिया था। भारत में इस एक्ट जैसी कार्रवाई ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट एवं फ़ूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड आर्गेनाईजेशन के अंतर्गत ली जाती है। लेकिन ग्राउंड स्तर पर यह पर्याप्त नहीं है क्योंकि फ़ूड इंडस्ट्री के लिए आगे बढ़ने और नियंत्रित और कंट्रोल करने की दो परस्पर जुड़वां स्थितियों के मद्दे नज़र भारत की राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति के साथ इनका आपस में 'कनफ्लिक्ट ऑफ़ इंटरेस्ट' अनेक नुक्तों पर मौजूद है जिसके लिए फिलहाल कोई समाधान नहीं है। अर्थात जिसकी जैसी मर्जी है वैसा चलेगा या दौड़ेगा। पाइजनिंग और एंटीडॉट्स (विषहर) के मामले में बिना जानकारी के, अनुमान भर से, निंदा कार्य में लगे रहना अब आमजन की मानसिकता हो गयी है, जबकि ऐसे ही और अन्य छिपे-दबे कार्य के लिए देश में बहुत ही कम एक्सपर्ट्स हैं। बावजूद इसके, बड़े अस्पतालों में क्रिटिकल केयर में दक्ष फिजिशियन इस कार्य के लिए उपलब्ध हैं जो कोशिश करके विषाक्तता की चपेट में आये व्यक्तियों की जान बचाने की कोशिश तो करते ही हैं।

शोध के नतीजों के अनुसार न्युट्रास्युटिकल्स और फ़ूड सप्लीमेंट्स के सेवन से स्वास्थ्य के लिए सीमित फायदे हासिल होते हैं। इनकी कम्पोजीशन में खनिजों का मिश्रण करके यह आभास दिया जाता है कि इनके नियमित सेवन से शारीरिक ताकत और क्षमता, अर्थात स्टेमिना बढ़ाया जा सकता है। जिस पैकेट या डिब्बे में ये पेश किये जाते हैं इनके लेबल पर इनके प्रतिकूल प्रभाव के बारे में कुछ खास नहीं लिखा जाता और न ही यह सूचना होती है की सेवन से अगर गड़बड़ महसूस हो तो उपचार क्या हो सकता है। 'न्यूट्रीएंट्स' जर्नल के सन् 2002के अंक-14 में प्रकाशित लेख 'मिनरल कंपोजीशन ऑफ़ डाइटरी सप्लीमेंट्सः एनालिटिकल एंड कीमोथेरेपी एप्रोच' में बताया गया है कि न्युट्रास्युटिकल्स और फ़ूड सप्लीमेंट्स एक सघन कंसंट्रेट में सूखे, दानेदार या अवलेह के रूप में बाज़ार में मिलते हैं जिनमें 22 मिनरल एलिमेंट्स, जैसे कि सोडियम, कैल्शियम, पोटैशियम, मैग्निशियम, सिल्वर, सेलेनियम, जिंक, कॉपर, आर्सेनिक, निकल, मोलिब्डेनम, एल्युमीनियम, मैंगनीज, लिथियम, पारा और कैडमियम की मिलावट हो सकती है। मिनरल्स के नाम पर यह मिलावट उन वानस्पति स्रोतों से आती है जो खेत की धरती से इन्हें ग्रहण करते हैं। विषाक्तता पैदा करने का संबंध न्युट्रास्युटिकल्स और फ़ूड सप्लीमेंट्स में इनकीमात्रात्मक मौजूदगी से होता है जिसे जानने या टेस्ट करने के लिए कीमो-मीट्रिक पद्धति का इस्तेमाल किया जाता है। तत्पश्चात यह निर्धारित किया जाता है मनुष्य उपभोग हेतु ये सुरक्षित हैं। अगर उक्त वैल्यूज (मात्रात्मक) मनुष्य के लिए 'रिक्मेंडेड डाइटरी अलाउंसेस' (आरडीए) के भीतर हैं तो चिंता की बात नहीं। लेकिन भरोसा तभी होता जब ऐसे प्रोडक्ट्स को देश में फ़ूड सेफ्टी एंड स्टैण्डर्ड अथॉरिटी जैसी एजेंसी सत्यापित करे।

प्रसंगवश

जश्न-ए-ईद

इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार रमजान का महीना 9 वां महीना है। इस दृष्टि 10 वां महीने के स्वागत का महीना है रमजान। अंक के हिसाब से देखें तो 9 का अंक इकाई ही है और 10 वां माह इकाई से दहाई में बदल जा रहा है।

इसके सूक्ष्मभाव पर नजर डालें तो रमजान का महीना व्यक्ति को समूह में जीने का संदेश भी दे रहा है। समूह में जीने के लिए स्नेह, प्रेम, दया की जरूरत होती है। 10 वें माह में आने वाले ईद पर्व के लिए तन-मन को तैयार करने हेतु रमजान महीने के कुछ नियम बने ताकि व्यक्ति अपने निजी जीवन में भी नियम के साथ रह सके। इस समय में शरीर की तंत्रिका प्रणाली आंतरिक सफाई का काम करती हैं। उसके बाद सूरज डूबने के समय मगरिब की नमाज के समय अफ्तार (सूरज डूबने के पहले) का वक्त भी बहुत महत्वपूर्ण है।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

इस समय वातावरण में ऐसी तरंगें होती हैं जिसमें किए गए भोजन से तन और मन स्वस्थ रहता है। विभिन्न धर्मावलंबी भी सूर्य डूबने के पहले भोजन कर लेते हैं। रमजान महीने में रात को एशा के नमाज में कुरान पढ़ी और सुनी जाती है। इसमें तीस "पारे", छोटी -बड़ी 114 "सूरतें", 6640 'आयतें' और 540 'रकूअ' हैं। एक रकूअ में एक बार खड़े होकर बैठने तक शामिल है जिसमें 2 सजदे (जमीन पर माथा टेकना) भी किए जाते हैं। ईद के आने के पहले मन-मस्तिष्क में आनंद का सैलाब पैदा करने के पीछे पूरा विज्ञान शामिल है।

एक माह कुरान को पढ़ या सुनकर शव्वाल महीने में आने वाले ईद के लिए पूरी तरह दुरुस्त होने का यह रिहर्सल का महीना है। ईद भी 'ऊद' शब्द से बना है जिसका मतलब सुगंध है। जीवन को सुगंधित बनाने का रमजान का माह यह संदेश लेकर हर साल आता है कि इस्लाम धर्मावलंबी ऐसा कार्य करें जिससे वह जहां रहे और जहां जाएं खुशबू बिखेर दें।

ईद की नमाज़ के वक्त दिए जाने वाले खुतबे में 'या अल्लाह-नेकी में लगाओ और बुराइयों से बचाओ' का को संकल्प दिलाया जाता है, उसे लागू करना भी त्योहार का मकसद है। संकल्पों को सुनकर भूल जाना नींद की स्थिति है और अपना लेना ईद पर्व का जश्न है।

हथियारों के निर्यात में भारत की कूटनीतिक पहल

ऋषभ मिश्रा
सहायक प्रोफेसर,
केआईटी, कानपुर

> सबसे बड़ी बात तो यह है कि भारत दुनिया में हथियारों का सबसे बड़ा खरीददार देश होते हुए भी रक्षा के क्षेत्र में अब स्वयं को आत्मनिर्भर बनाने की ओर अग्रसर है।

स्वतंत्र भारत के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब भारत ने रक्षा निर्यात के मामले में 21 हजार करोड़ रुपये का आंकड़ा छुआ है। पिछले एक वर्ष में इसमें 32.5 प्रतिशत और पिछले नौ वर्षों में इसमें लगभग तीन हजार प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत ने कुल मिलाकर 21 हजार 83 करोड़ रुपए के हथियारों का निर्यात किया है। जबकि पिछले साल भारत ने 15920 करोड़ रुपए के हथियारों का निर्यात किया था। हमारा देश दुनिया के 85 से ज्यादा देशों को हथियारों का निर्यात कर रहा है।

इस सूची में भारत से सबसे ज्यादा 31 प्रतिशत हथियार म्यांमार खरीद रहा है तो वहीं 19 प्रतिशत श्रीलंका, 12 प्रतिशत मॉरीशस, 6 प्रतिशत नेपाल, 5.1 प्रतिशत अर्मेनिया, 4.3 प्रतिशत वियतनाम, 4.2 प्रतिशत मालदीव और 2.2 प्रतिशत अफगानिस्तान खरीद रहा है। इसके अलावा भारत जिन हथियारों को दूसरे देशों को बेच रहा है उनमें सबसे ज्यादा 61 प्रतिशत समुद्री युद्धपोत हैं, 20 प्रतिशत लड़ाकू विमान तेजस हैं, 14 प्रतिशत सेंसर्स हैं, 2.9 प्रतिशत बख्तर बंद गाड़ियां, 1.1 प्रतिशत तोप और 0.9 प्रतिशत मिसाइल्स हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि इस समय दुनिया के 42 से ज्यादा देश भारत से आर्टिलरी गन्स, ब्रह्मोस मिसाइल्स, आकाश मिसाइल्स सिस्टम, पिनाका रॉकेट्स एंड लॉन्चर्स, गोला-बारूद, बॉडी आर्मर्स और तेजस जैसे लड़ाकू विमान खरीदने की डील करने के लिए आगे आ रहे हैं।

इस समय रक्षा निर्यात में 60 प्रतिशत हिस्सेदारी भारत की प्राइवेट कंपनियों की है और 40 प्रतिशत हिस्सेदारी सरकारी कंपनियों की है। भारत की 'हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड' (एचएएल) इस क्षेत्र में दुनिया की 41 वीं सबसे बड़ी कंपनी बन चुकी है। भारत जिन देशों को अपने हथियार निर्यात कर रहा है उनमें से कुछ हमारे पड़ोसी देश हैं। जबकि बाकी के छोटे-छोटे देश हैं।

अमेरिका और रूस जैसे पश्चिमी देश बड़ी डील्स पर नजर लगाकर रखते हैं, क्योंकि उन्हें ज्यादा पैसा और ज्यादा लाभ का सौदा चाहिए होता है। इसलिए वे बड़े देशों को अपना ग्राहक (क्लाइंट्स) बनाने की सोचते हैं जिसके फलस्वरूप वो इन छोटे देशों को कभी इतना ज्यादा महत्व नहीं देते और न ही इन छोटे देशों को उनसे कोई अच्छी डील मिलती है। यानी कि जो बड़ी शक्तियां (अथवा बड़े देश) हैं, जो कि हथियारों के बड़े निर्यातक अथवा सौदागर हैं, वे इन छोटे देशों को कभी भी गंभीरता से नहीं लेते हैं। इसलिए यहां पर हथियारों के व्यापार के स्तर पर एक बड़ा खालीपन (गैप) बन जाता है।

हथियारों के बाजार में इन छोटे देशों को भी ऐसे लोग चाहिए, जो इन्हें गंभीरता से लें और इन्हें सस्ते दामों पर अच्छे हथियार दे सकें और अब भारत इस कमी को पूरा करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस समय दुनिया में हथियार बनाने और बेचने वाले सिर्फ 48 देश हैं और इनमें से भी प्रमुख पांच देश ही हैं, जो कि दुनिया के लगभग 76.5 प्रतिशत हथियार निर्यात करते हैं जिसमें पूरी दुनिया के बाजार में अमेरिका 40 प्रतिशत, रूस 16 प्रतिशत, फ्रांस 11 प्रतिशत, चीन 5.2 प्रतिशत और जर्मनी 4.2 प्रतिशत हथियारों का निर्यात करता है। जबकि भारत इन 48 देशों की सूची में वैसे तो अभी 40 वें स्थान पर है और अभी भी हम दुनिया के 0.0003 प्रतिशत हथियार ही निर्यात कर पा रहे हैं।

ये आंकड़ा वैसे तो अभी काफी हद तक कम ही माना जाएगा, लेकिन जिस देश ने यूपीए की दस वर्षों की सरकार के दौरान सिर्फ 4300 करोड़ हथियार ही निर्यात किए थे वो देश अब अगर सिर्फ एक साल के भीतर 21 हजार करोड़ से ज्यादा के हथियार निर्यात कर रहा है और इस वर्ष 35 हजार करोड़ रुपये के हथियार निर्यात करने का लक्ष्य तय करने वाला है तो ये उस देश के लिए वाकई में एक अभूतपूर्व बात है।

सबसे बड़ी बात तो यह है कि भारत दुनिया में हथियारों का सबसे बड़ा खरीददार देश होते हुए भी रक्षा के क्षेत्र में अब स्वयं को आत्मनिर्भर बनाने की ओर अग्रसर है। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिप्री) की पिछले साल की रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2018 से 2022 के बीच भारत ने दुनिया में सबसे ज्यादा 11 प्रतिशत हथियार खरीदे, लेकिन इसी के साथ वर्ष 2013 से 2017 के मध्य एवं 2018 से 2022 के मध्य भारत ने अपने रक्षा आयात को 11 प्रतिशत तक कम कर लिया है और ऐसा इसलिए संभव हो सका, क्योंकि भारत अब अपने स्वनिर्मित हथियार बना रहा है। जिसे हमारी सेनाएं भी इस्तेमाल कर रही हैं। साथ ही हम इन हथियारों को दूसरे देशों को भी निर्यात कर रहे हैं।

सोशल फोरम

भारतीय संस्कृति के गुण

> पिछली दो सदियों से भारत जिस बुद्धिपरक, राष्ट्रीय और मानवीय संस्कृति की खोज में है, वह धर्मों की विरोधी नहीं है। उसमें सिर्फ धार्मिक अंधविश्वास, असहिष्णुता और कुप्रथाओं से एतराज है।

भारतीय संस्कृति के चार मुख्य गुण हैं-निरंतरता, पुनर्रचनात्मकता, आलोचनात्मक समावेशिकता और नवोन्मेष। इन गुणों को पहचाने बिना भारतीय संस्कृति को जाना नहीं जा सकता। इस देश की संस्कृति सिर्फ प्राचीन नहीं है। इसने अपने को बार-बार रचा है। इसका शुद्धतावाद की जगह ज्ञान की विभिन्न धाराओं से संबंध बना है। वह एक या दो परंपराओं में कैद रहने वाली न होकर विविधतापूर्ण, परिवर्तन-संवेदी और नवोन्मेषशील है। रामकथा भवभूति और तुलसीदास के यहां बिल्कुल वही नहीं है, जो वाल्मीकि की रामायण में थी। भारत का मनुष्य गहरा है। निश्चय ही वह अपने 'प्राचीन' से विच्छिन्न होना नहीं चाहता, पर वह नवोन्मेषों को पसंद करता रहा है। किसी प्रदेश में नवोन्मेषों की ग्राह्यता ज्यादा रही है, किसी में कम। दरअसल भारत की सांस्कृतिक बहुलता किसी डिपार्टमेंटल स्टोर या कबाड़खाने की बहुलता नहीं है। उसमें संवाद, अंतर्क्रिया और अंतर्मिश्रण की प्रवृत्तियां पहले भी रही हैं और अब भी है। भारत एक देश भर नहीं है। वह एक विजन है जिसमें हमेशा खुलापन रहा है। हम जानते हैं कि

शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

हमारे देश ने पुनर्निर्माण की अपनी क्षमता का परिचय ध्वंसावशेषों पर खड़ा होकर भी दिया है। इसने शून्य से भी शुरू किया है। भारत लंबे-लंबे समय तक बौद्धिक मूर्च्छा में रहा हो, पर इसने बार-बार उठकर नया इतिहास रचा है। पिछली दो सदियों से भारत जिस बुद्धिपरक, राष्ट्रीय और मानवीय संस्कृति की खोज में है, वह धर्मों की विरोधी नहीं है। उसमें सिर्फ धार्मिक अंधविश्वास, असहिष्णुता और कुप्रथाओं से एतराज है। इसमें सभी धर्मों के प्रति आदर भाव है। पहले भी उदारवादी भारतीय संस्कृति में मनुष्य और मनुष्य के बीच 'कृत्रिम भिन्नता' का विरोध हुआ। आज भी जहां भारतीय संस्कृति के गुण बचे हैं, वहां कृत्रिम भिन्नता का विरोध किया जा रहा है।

-फेसबुक वॉल से

कम्युनिकेशन का बदलता चरित्र

प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

> संचार रूपों के बारे में विचार करते समय वर्तमान अपरिहार्य और निर्णायक संदर्भ है। संचार या मीडिया के समस्त विमर्श इसी अर्थ में वर्तमान से जुड़े होते हैं। इस परिप्रेक्ष्य में देखें तो संचार, अंतर्वस्तु और अवधारणाएं वर्तमान में संचार की अवस्था से पुनर्परिभाषित होती हैं।

इंटरनेट आने के साथ ही मीडिया और कम्युनिकेशन का समूचा परिवेश बुनियादी रूप से बदल गया है। इससे मानवीय व्यवहार में बुनियादी बदलाव भी आ रहे हैं। पुरानी दूरियां घटी हैं। नई दूरियों ने जन्म लिया है। पुरानी पहचान नष्ट हुई है। नई पहचान सामने आई है। बातचीत की पुरानी आदतों को नई आदतों ने अपदस्थ करना आरंभ कर दिया है। कहने का अर्थ यह है कि नए संचार माध्यमों ने नए मानवीय व्यवहार, आदतें, संस्कार, एटीट्यूड आदि को जन्म दिया है। इसने संचार के नए असंख्य नए संकेतों को जन्म दिया है। संकेतों के कम्युनिकेशन को नई ऊंचाईयां दी हैं। कैरोलिन मारविन द्वारा किए गए अध्ययन के अनुसार 'इलेक्ट्रॉनिक संचार का इतिहास संचार में तकनीकी क्षमताओं के विकास के बजाय सामाजिक जीवन के व्यवहार संबंधी प्रश्नों पर विचार अधिक करता है। इन प्रश्नों में शामिल हैं, कौन बोल सकते हैं और कौन नहीं, किसके पास अधिकार हैं और किस पर विश्वास करना चाहिए, इत्यादि जैसी समस्याएं।'

कैरोलिन दर्शाती हैं कि टेलीफोन के प्रयोग से मात्र दूर-स्थित लोगों के बीच बातचीत ही संभव नहीं हुई : इससे परस्पर बातें करने वालों के बीच की सीमाएं समाप्त होने लगीं अर्थात् कौन किससे बातें कर सकता है और किससे नहीं और इस प्रकार वर्तमान वर्ग-संबंधों पर खतरा पैदा हो गया। इसने प्रेम-संबंध स्थापित एवं विकसित करने के तौर-तरीकों में भी परिवर्तन ला दिया। इसी प्रकार बिजली के बल्बों ने जन-पैमाने के मनोरंजन के स्वरूपों एवं संस्कृति में बदलाव ला दिए। उदाहरण के लिए इन बल्बों के कारण रात में खेलों का आयोजन संभव हुआ जिसका जन-संस्कृति पर गहरा प्रभाव पड़ा। स्पष्ट है कि इलेक्ट्रॉनिक महत्वपूर्ण सामाजिक प्रश्न खड़े करता है। मारविन ने लिखा नई इलेक्ट्रॉनिक टेक्नोलॉजी का उद्देश्य हमारी सामान्य सामाजिक गतिविधियां बढ़ाना, उन्हें सरल बनाना और अधिक चुस्त-दुरुस्त करना होता है, लेकिन वे उन्हें इस प्रकार पुनर्गठित करते हैं कि वे स्वयं ही नई घटनाएं बन जाते हैं। मारविन की उपरोक्त धारणाएं महत्वपूर्ण हैं, लेकिन संचार माध्यमों के स्वामित्व के सवाल को दरकिनार नहीं किया जा सकता।

संकेत, संचार और व्यवहार के अंतस्संबंध की खोज करते हुए मार्क पोस्टर ने लिखा है "हर युग में संकेतों के विनिमय के अपने आंतरिक और बाहरी ढांचे होते हैं तथा संकेतीकरण के माध्यम व संबंध भी। सूचना पद्धति की निम्नलिखित मंजिलें दर्शायी जा सकती हैं। आमने-सामने मौखिक विनिमय, छपाई के जरिए लिखित विनिमय और इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों के जरिए विनिमय। पहले वाले में संकेतों का आदान-प्रदान होता है तो दूसरे में संकेतों के प्रतिनिधि का, तीसरे में सूचना का चित्रण होता है। प्रथम, मौखिक मंजिल में आत्म का निर्माण आमने-सामने के संबंधों की संपूर्णता में उसके स्थान के निर्णय से होता है। दूसरी अर्थात् छपाई की मंजिल में आत्म का निर्माण तार्किक काल्पनिक स्वायत्तता के माध्यम के रूप में होता है, लेकिन तीसरी अर्थात् इलेक्ट्रॉनिक मंजिल में व्यक्ति का मनोगत अस्तित्व निरंतर अस्थिरता में विकेंद्रित, छितराया हुआ और संख्या में बढ़ता हुआ होता है।" प्रत्येक मंजिल में भाषा और समाज, विचार और कार्य, आत्म (अस्तित्व) तथा इतर-अस्तित्व के परस्पर संबंध अलग-अलग होते हैं। संचार माध्यमों की खूबी है कि इसमें हमेशा वर्तमान काल में रखकर विचार कर सकते हैं। मसलन आप कितनी ही पुरानी किताब पढ़ें, पढ़ते समय बार-बार वर्तमान के नजरिए से पढ़ते हैं। यानी कम्युनिकेशन के रूप एक ही साथ ऐतिहासिक और वर्तमान दोनों ही स्थितियों से बंधे होते हैं। संचार के नए और पुराने रूप एक ही साथ वर्तमान में अवस्थित रहते हैं। संचार रूपों पर विचार करते समय यह भी ध्यान रहे कि नया रूप हमेशा पुराने रूप के पूरक के रूम में जन्म लेता है, वह पुराने को अपदस्थ या नष्ट नहीं कर देता। इस तरह संचार रूपों में निरंतरता बनी रहती है। एक-दूसरे के बीच में अंतर्क्रिया चलती रहती है।

संचार रूपों के बारे में विचार करते समय वर्तमान अपरिहार्य और निर्णायक संदर्भ है। संचार या मीडिया के समस्त विमर्श इसी अर्थ में वर्तमान से जुड़े होते हैं। इस परिप्रेक्ष्य में देखें तो संचार, अंतर्वस्तु और अवधारणाएं वर्तमान में संचार की अवस्था से पुनर्परिभाषित होती हैं। सूचना को समकालीन जीवन की सफलता की कुंजी के रूप में पेश किया जाता है। समाज को सूचना में धनी और सूचना में गरीब के बीच विभाजित किया जाता है।

उत्तराखंड कला जगत को आघात

प्रह्लाद मेहरा जो की अपनी जड़ों से बेहद गहराई से जुड़े कुमाऊं के प्रसिद्ध लोक गायक थे, मात्र 53 वर्ष की आयु में उनकी मृत्यु हो गई। इस समय दुखद समाचार के साथ ही सार्वजनिक जीवन में बेहद सक्रिय रहे उन बहुत से मित्रों एवं आदरणीय जन भी स्मरण स्मृति में उभर रहे हैं, जिन्होंने अपनी सक्रियता के कारण स्वास्थ्य की उपेक्षा की, जिस कारण समाज की बेहद महत्वपूर्ण पूंजी समय से पहले हमने खो दी। अब जबकि श्री मेहरा की रचनाओं में वेग के साथ, एक गंभीर ठहराव दिखाई दे रहा था, जब वह लोक और लोक की खुशहाली के लिए संगीत और उसकी परंपरा के महत्व को बड़ी शिद्दत से समझ रहे थे। उनकी विदाई दुखदाई है। उनके कर्ण प्रिय गीत "तू एजा मेरा दानपुरा" में ऐतिहासिक दानपुर क्षेत्र की समृद्ध लोकसंस्कृति के साथ ही, क्षेत्र की वर्तमान प्राथमिकताओं का मार्मिक आह्वान भी छिपा था।

प्रमोद साह
पुलिस उपाधीक्षक
चमोली

इन दिनों क्षेत्र में हो रहे विभिन्न रचनात्मक कार्यक्रमों, जैसे किताब कौतिक आदि में भी एक लोक कलाकार के रूप में प्रहलाद मेहरा की लगातार सक्रियता इस बात का संकेत दे रही थी कि भविष्य में उनकी प्रतिभा के पिटारे से कुछ बेहद महत्वपूर्ण लोक महत्व की रचनाएं निकलने वाली हैं।

मैं बीते 25 वर्षों से प्रहलाद मेहरा से आत्मीय रूप से जुड़ा था और उनकी रचना यात्रा को नजदीक से देख रहा था। बीते कुछ वर्षों में जिन महत्वपूर्ण शख्सियतों ने स्वास्थ्य के कारणों से हमसे बिछोह लिया, उनमें पूर्व में भिक्यासैण के विधायक रहे प्रताप बिष्ट, विपिन त्रिपाठी, शमशेर सिंह बिष्ट व गिरीश तिवारी गिर्दा के नाम स्मृति में उभर रहे हैं। हालांकि जीवन और मृत्यु विधि के हाथ है, यह भी परम सत्य है, लेकिन सार्वजनिक जीवन की हमारी व्यस्तता हमें स्वास्थ्य के कारणों की उपेक्षा करने का अभ्यस्त बना देती है, जिस कारण हमारे मन में एक पश्चाताप रह जाता है कि समाज की यह महत्वपूर्ण पूंजी कहीं उपेक्षा के कारण समय से पहले काल कवलित तो नहीं हो गई? एक बहुत महत्वपूर्ण, लोक गायक की मात्र 53 वर्ष की आयु में इस प्रकार विदाई बेहद दुखद है। तमाम सामाजिक विभूतियों और सक्रिय व्यक्तित्वों से अनुरोध है कि स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें और समझें आप स्वयं से ज्यादा समाज की जरूरत और धरोहर हैं।

दूसरे चरण के रण में ये सूरमा

मेरठ

भाजपा	अरुण गोविल
सपा	सुनीता वर्मा
बसपा	देववृत त्यागी

बागपत

सपा	मनोज चौधरी
रालोद	राजकुमार सांगवान
बसपा	प्रवीण बैसला

गाजियाबाद

भाजपा	अतुल गर्ग
कांग्रेस	डॉली शर्मा

गौतमबुद्ध नगर

भाजपा	डॉ. महेश शर्मा
सपा	डॉ. महेंद्र सिंह नागर
बसपा	राजेंद्र सिंह सोलंकी

मथुरा

भाजपा	हेमा मालिनी
कांग्रेस	मुकेश धनगर
बसपा	सुरेश सिंह

अलीगढ़

भाजपा	सतीश कुमार गौतम
सपा	चौधरी बिजेंद्र सिंह
बसपा	हितेंद्र कुमार बंटी

बुलंदशहर

भाजपा	डॉ. भोला सिंह
कांग्रेस	शिवराम वाल्मीकि
बसपा	गिरीश चंद

अमरोहा

कांग्रेस	कुंवर दानिश अली
भाजपा	कंवर सिंह तंवर
बसपा	मुजाहिद हुसैन

अमरोहा में त्रिकोणात्मक संघर्ष का फायदा उठाना चाहती भाजपा

- भाजपा त्रिकोणात्मक संघर्ष का फायदा उठाने की जुगत भिड़ा रही है। भाजपा 2019 में अमरोहा सीट पर चुनाव हार गई थी, इसलिए पार्टी इस बार यह सीट जीतने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ना चाहती है। बागपत सीट पर समाजवादी पार्टी ने मनोज चौधरी को प्रत्याशी बनाया है। भाजपा के साथ समझौते में मिली इस सीट पर राष्ट्रीय लोकदल ने राजकुमार सांगवान को उतारा है, तो बसपा ने प्रवीण बैसला को प्रत्याशी बनाया है। तीनों ही दल बड़ी ही मजबूती से यहां समर में उतरे हुए हैं।

प्रदेश में दूसरे चरण में जिन आठ सीटों पर चुनाव होगा, उसमें चार सीटों मेरठ, बागपत, गौतम बुद्ध नगर व अलीगढ़ में समाजवादी पार्टी तथा चार सीटों अमरोहा, गाजियाबाद, बुलंदशहर और मथुरा में कांग्रेस की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। 2019 के चुनाव में इन आठ सीटों में सपा केवल गाजियाबाद लोकसभा सीट पर ही चुनाव लड़ी थी और वह भाजपा से पांच लाख से अधिक मतों से हार गई थी। अबकी के चुनाव में मेरठ और गौतम बुद्ध नगर सीट पर सपा ने तीन बार अपने प्रत्याशी बदले तो बागपत में दो बार प्रत्याशी बदला गया। बार-बार टिकट बदलने से अंदरखाने नेताओं में गुटबाजी व नाराजगी है।

दूसरे चरण में बसपा का त्रिकोण, सपा की चुनौती प्रत्याशी बदलने से बढ़ी

दिग्विजय सिंह

दूसरे चरण के चुनाव में अगर सिने तारिका हेमा मालिनी के कारण मथुरा सीट पर सबकी निगाहें रहेंगी तो मेरठ लोकसभा सीट सबसे हॉट सीट मानी जा रही है। मेरठ में भाजपा ने अपने वर्तमान सांसद राजेन्द्र अग्रवाल का टिकट काटकर टीवी धारावाहिक रामायण में राम का किरदार अदा करने वाले अरुण गोविल को उम्मीदवार बनाया है। उनके सामने सपा ने मेरठ सीट पर दो बार अपना प्रत्याशी बदला। पहले भानु प्रताप सिंह को टिकट दिया। बाद में भानु प्रताप का टिकट काटकर सपा विधायक अतुल प्रधान को टिकट थमा दिया। प्रधान के नामांकन के बाद उनका टिकट काटकर पूर्व विधायक योगेश वर्मा की पत्नी सुनीता वर्मा को टिकट दे दिया। ऐसे में सपा को इस सीट पर अपनी ही कलह भारी पड़ सकती है। बसपा ने मेरठ सीट पर देवव्रत त्यागी को उतारा है। इस बार अमरोहा सीट भी चर्चा में है। यहां कांग्रेस ने मौजूदा सांसद कुंवर दानिश अली को प्रत्याशी बनाया है। दानिश अली 2019 के चुनाव में बसपा से चुनाव जीते थे। लेकिन कुछ दिन पहले कांग्रेस में शामिल हो गए थे। भाजपा ने कंवर सिंह तंवर को उतारा है। बसपा ने फिर अमरोहा सीट पर मुस्लिम कार्ड खेलते हुए मजाहिद हुसैन को टिकट दिया है। बसपा के मुस्लिम उम्मीदवार उतारने से इंडिया गठबंधन के दानिश अली मुश्किल में फंसते नजर आ रहे हैं।

मथुरा में हेमा मालिनी की राह फिर दिख रही आसान

- मथुरा सीट पर भी भाजपा ने फिर से हेमा मालिनी पर भरोसा जताया है। हेमा मालिनी का मुकाबला कांग्रेस के मुकेश धनगर और बसपा के सुरेश सिंह से होगा। उनकी राह आसान दिख रही है। पहले कांग्रेस यहां से बॉक्सर विजेंदर सिंह को उतारने वाली थी, लेकिन वह प्रत्याशी घोषित होने से पहले भाजपा में शामिल हो गए थे।

- २०१९ के चुनाव में दूसरे चरण के मतदान वाली आठ सीटों में सपा केवल गाजियाबाद सीट पर ही चुनाव लड़ी थी
- मेरठ व गौतम बुद्ध नगर में सपा ने तीन बार प्रत्याशी बदले, तो बागपत में भी दो बार टिकट बदलने से उपजा असंतोष

अलीगढ़ और बुलंदशहर में त्रिकोणीय चुनौती

- सपा का साथ मिलने से कांग्रेस मथुरा सीट पर भाजपा को टक्कर देने की उम्मीद कर रही है। अलीगढ़ सीट पर भाजपा ने दोबारा सतीश कुमार गौतम को उम्मीदवार बनाया है। उनके मुकाबले सपा ने चौधरी बिजेंद्र सिंह और बसपा ने हितेंद्र कुमार बंटी को मैदान में उतारा है। बुलंदशहर लोकसभा सीट पर भाजपा के डॉ. भोला सिंह का मुकाबला कांग्रेस के शिवराम वाल्मीकि और बसपा के गिरीश चंद से है। इस सीट पर जानकार त्रिकोणीय मुकाबला होने की संभावना जता रहे हैं।

बागपत में भाजपा ने झोंकी ताकत

- बागपत सीट रालोद के खाते में होने के बावजूद भाजपा यहां जीत के लिए पूरी ताकत लगा रही है। बात गाजियाबाद लोकसभा सीट की करें तो यहां भाजपा ने जनरल वीके सिंह का टिकट काटकर विधायक अतुल गर्ग को उम्मीदवार बनाया है। यहां अतुल गर्ग का मुकाबला कांग्रेस की डॉली शर्मा से होगा।

मथुरा और गौतम बुद्ध नगर में 15-15, गाजियाबाद-अलीगढ़ में 14-14 प्रत्याशी

प्रदेश की मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, अमरोहा, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा लोकसभा सीटों पर दूसरे चरण में 26 अप्रैल को वोट पड़ेंगे। दूसरे चरण की आठ सीटों पर कुल 91 प्रत्याशी मैदान में हैं। मेरठ-हापुड़ लोकसभा सीट पर भाजपा के अरुण गोविल सहित आठ प्रत्याशी हैं। बागपत में सात, गाजियाबाद और अलीगढ़ में 14-14, गौतम बुद्ध नगर में 15, बुलंदशहर में छह, अमरोहा सीट पर 12 जबकि मथुरा से भाजपा प्रत्याशी फिल्म अभिनेत्री हेमा मालिनी समेत 15 प्रत्याशी हैं।

गौतमबुद्ध नगर में भी कलह

- गाजियाबाद के बगल में स्थित गौतमबुद्धनगर सीट भी सपा के टिकट बदलने से कलह में घिरी है। सपा ने इस सीट पर डॉ. महेंद्र सिंह नागर को उम्मीदवार बनाया फिर उनका टिकट काटकर राहुल अवाना को टिकट थमा दिया। बाद में फिर से डॉ. महेंद्र सिंह नागर पर भरोसा जताया। भाजपा ने डॉ. महेश शर्मा को यहां एक बार फिर मैदान में उतारा है, बसपा से राजेंद्र सिंह सोलंकी मैदान में हैं।



पर्चा रद फिर भी सपा का बसपा को समर्थन नहीं

खजुराहो संसदीय क्षेत्र

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

अमृत विचार: मध्य प्रदेश की खजुराहो सीट इंडिया गठबंधन के लिए मुसीबत बनती जा रही है। यह सीट कांग्रेस ने समाजवादी पार्टी को दी थी। लेकिन सपा उम्मीदवार का नामांकन रद होने के बाद साझा उम्मीदवार को लेकर दोनों दलों में तकरार सामने आई है। सपा ने पूर्व आईएएस अधिकारी राजा भैया को समर्थन दिया है।

सपा ने बसपा उम्मीदवार कमलेश पटेल को समर्थन देने से मना कर दिया है। जबकि कांग्रेस का तर्क है कि यदि बसपा उम्मीदवार को समर्थन दिया जाए तो प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा की जीत मुश्किल हो जाएगी। सपा ने कहा है कि निर्दलीय राजा भैया को पार्टी इसलिए समर्थन दे रही है क्योंकि राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया गठबंधन में बसपा शामिल नहीं है। किसी एक सीट पर बसपा को समर्थन करना सैद्धांतिक रूप से गलत होगा।

राजा भैया शहडोल में आयुक्त थे। वह बांदा जिले से लगे हुए ग्राम खड्डी के निवासी हैं। उन्हें ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक ने उम्मीदवार बनाया है। लेकिन अब इंडिया गठबंधन का कोई उम्मीदवार न होने की वजह से सपा उनका समर्थन करेगी। जबकि बसपा के कमलेश पटेल ने भी कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी से मुलाकात कर समर्थन मांगा है। कुल मिलाकर सपा, बसपा कांग्रेस में एकजुटता न होने से अब यह सीट बीजेपी के लिए बहुत आसान हो गई है। क्योंकि 14 उम्मीदवारों के बीच मत विभाजन की संभावना है और त्रिकोणीय संघर्ष होगा जिसका लाभ भाजपा को मिलेगा।

भाजपा को भितरघात का अंदेशा

- भाजपा को यहां पर भितरघात का भी बहुत अंदेशा है। जिसके चलते छतरपुर और पन्ना में नुकसान हो सकता है लेकिन अब यह वोट बसपा और इंडिया गबंधन के साझा उम्मीदवार के बीच विभाजित होगा। भाजपा को दूसरा नुकसान यहां पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं इसी संसदीय क्षेत्र से चार बार सांसद रहीं उमा भारती की चुप्पी से भी है। लेकिन इंडिया गठबंधन की उम्मीदवार मीरा यादव का नामांकन निरस्त होने के बाद अब भाजपा के लिए यहां ज्यादा दिक्कत नहीं है।
- इसी क्षेत्र के पूर्व बसपा उम्मीदवार अवधेश राठौर ने बसपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद रामजी गौतम से बात करके खजुराहो में कमलेश पटेल की स्थिति को मजबूत बताया है और वह अभी भी इसी प्रयास में है कि बसपा उम्मीदवार को इंडिया गठबंधन का समर्थन मिल जाए।

मीनाक्षी को चंडीगढ़ से भी निराशा हाथ लगी

नई दिल्ली, ब्यूरो

अमृत विचार। नई दिल्ली संसदीय क्षेत्र से दो बार की सांसद और केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी को चंडीगढ़ संसदीय क्षेत्र से भी निराशा हाथ लगी है। वहां से मौजूदा सांसद किरण खेर का टिकट काटकर संजय टंडन को दिया है। नई दिल्ली से मीनाक्षी का टिकट पहले ही कट चुका था।

पश्चिम बंगाल की आसनसोल सीट से भाजपा ने एसएस अहलूवालिया को टिकट दिया है उनका मुकाबला फिल्म अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा से होगा। भाजपा हाई कमान ने बुधवार को 9 उम्मीदवारों की सूची जारी की है। जिसमें चंडीगढ़ की सीट पर सबको यह उम्मीद थी कि यहां से मीनाक्षी लेखी को टिकट मिलेगा क्योंकि मीनाक्षी का चंडीगढ़ और पंजाब से काफी ताल्लुक रहा है। नई दिल्ली से टिकट कटने के बाद उन्होंने चंडीगढ़ से भी टिकट का दावा किया था।

पश्चिम बंगाल की आसनसोल सीट से एसएस अहलूवालिया को उम्मीदवार बनाया है। उनका मुकाबला पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं फिल्म अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा से होगा। अहलूवालिया पहले दार्जिलिंग से सांसद थे। पहले यहां से भोजपुरी गायक पवन सिंह को टिकट दिया गया था पर उन्होंने उसे वापस कर दिया था। उत्तर प्रदेश से बीजेपी ने सात उम्मीदवार घोषित किए हैं। रीता बहुगुणा सहित पांच वर्तमान सांसदों के टिकट काट दिए गए हैं। पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के पुत्र नीरज बलिया से उम्मीदवार बनाए गए हैं।

जीत को भरी हुंकार बुधवार को मुजफ्फरनगर में आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान व संगीत सोम ने उन्हें सम्मानित किया।

बैतूल में अब सात मई को पड़ेंगे वोट

भोपाल। बैतूल लोकसभा सीट से 26 अप्रैल को प्रस्तावित मतदान था लेकिन बसपा के उम्मीदवार अशोक भलावी के निधन के बाद अब यहां इस तिथि पर मतदान नहीं होगा। निर्वाचन आयोग ने नई तिथि की घोषणा कर दी है। अब 12 अप्रैल को चुनाव की अधिसूचना जारी होगी और 19 अप्रैल को बसपा प्रत्याशी अपना नामांकन कर सकते हैं। 20 अप्रैल को नामांकन पत्र की जांच और 22 अप्रैल को नाम वापसी का मौका मिलेगा। अब इस सीट पर तीसरे चरण में सात मई को मतदान होगा।

सियासत | मुरादाबाद मंडल में सपा-बसपा का किला ढहाने की कोशिश में जुटी भाजपा

भाजपा का धुआंधार प्रचार, गठबंधन की नहीं हुई अभी कोई सभा

इरफान अहमद, मुरादाबाद

अमृत विचार। समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी के गढ़ रहे मुरादाबाद मंडल की छह लोकसभा सीटों पर इस बार आम चुनाव में भाजपा ने जीत के लिए पूरा जोर लगा रखा है। राष्ट्रीय लोकदल का साथ मिलने से भाजपा को संभावनाएं भी नजर आ रही हैं। मंडल में बिजनौर की नगीना सीट से भाजपा-रालोद के संयुक्त प्रत्याशी ओम कुमार और बिजनौर सीट से रालोद के प्रत्याशी चंदन सिंह चौहान चुनाव मैदान में हैं। इसलिए जयंत चौधरी बिजनौर और अमरोहा में सभाएं कर चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संभल में सभा कर चुके हैं। गृहमंत्री अमित शाह मुरादाबाद में जोश भर गए हैं। रामपुर व बिजनौर में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सभाएं कर चुके हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अमरोहा, रामपुर, संभल, बिजनौर और मुरादाबाद में कई सभाएं संबोधित चुके हैं। दोनों उपमुख्यमंत्री कार्यकर्ताओं सम्मेलनों में आ चुके हैं। भाजपा प्रदेश के अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह भी जुटे हैं। इसके मुकाबले सपा, बसपा और कांग्रेस के कार्यक्रम सिर्फ औपचारिक तौर पर हुए हैं। बसपा सुप्रीमो का कोई कार्यक्रम नहीं हुआ है। उनके भतीजे आकाश आनंद जरूर नगीना में सभा कर गए हैं। अखिलेश यादव की अभी कोई सभा नहीं हुई है।

भाजपा की कोशिश राजग गठबंधन को 400 पार ले जाने के लिए यूपी की सभी 80 लोकसभा सीटों पर कमल खिलाने की है। मुकाबले में कांग्रेस-सपा गठबंधन और बसपा है। बात सपा की करें तो रामपुर से सांसद और विधायक रहे आजम खां सीतापुर की जेल में होने के चलते सपा मुखिया अखिलेश यादव अकेले पड़ते दिख रहे हैं। उधर, बसपा सुप्रीमो मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को चुनाव मैदान में उतार कर अपनी जीती हुईं सीटों को बचाने के साथ ही सपा की मुश्किलें बढ़ा दी हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव।

बसपा प्रमुख मायावती।

नगीना में आकाश आनंद ने की पहली जनसभा

आकाश नगीना में बसपा के उम्मीदवार सुरेंद्र पाल के समर्थन में अपने राजनीति करियर की पहली जनसभा कर चुके हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में बसपा के प्रत्याशियों के सामने अमरोहा, बिजनौर की सीटों पर भाजपा के उम्मीदवारों को हार का सामना करना पड़ा था। अमरोहा लोकसभा सीट पर बसपा के टिकट से चुनाव लड़े कुंवर दानिश अली जीते थे। बिजनौर में नगीना सीट से बसपा के गिरीश चंद्र और बिजनौर सीट से मलूक नागर के सामने भाजपा उम्मीदवारों को हार का समना करना पड़ा था। इस बार बसपा ने अमरोहा और बिजनौर की दोनों सीटों पर अपने प्रत्याशी बदले हैं। दानिश अली बसपा से निष्कासित होने पर कांग्रेस का हाथ थामकर चुनाव लड़ रहे हैं तो बसपा ने मुसाहिद चौधरी को टिकट थमाया है। इन दोनों प्रत्याशियों के बीच मुसलमान और जाटव वोटरों का बिखराव होने पर भाजपा के कंवर सिंह तंवर की राह आसान होती दिख रही है। बिजनौर सीट पर सपा ने युवा चेहरे पर दांव लगाया है। नूरपुर सीट से सपा विधायक रामअवतार सैनी के बेटे दीपक सैनी सपा के प्रत्याशी हैं।

बसपा और सपा ने बदले अधिकतर प्रत्याशी

लोकसभा चुनाव में मंडल की कई सीटों पर सपा और बसपा ने अपने पुराने व मौजदा सांसदों को टिकट नहीं दिया। दोनों पार्टियों ने नए चेहरों पर भरोसा जताया है। बसपा ने नगीना से सांसद गिरीश चंद्र और बिजनौर से सांसद मलूक नागर, अमरोहा से सांसद कुंवर दानिश अली का टिकट काटा है। सपा ने भी मुरादाबाद, रामपुर, संभल, बिजनौर की दों सीटों पर अपने प्रत्याशी बदले हैं। हालांकि गठबंधन होने पर अमरोहा की सीट कांग्रेस के खाते में गई है। गठबंधन की वजह से रामपुर में नवाब खानदान इस लोकसभा चुनाव से दूर हो गया है। हालांकि सपा-कांग्रेस का गठबंधन नहीं होने तक नवाब घराने की बहू बेगम नूरबानो मजबूती से चुनाव लड़ रही थीं। वह जिताऊ प्रत्याशी मानी जा रही थीं। लेकिन गठबंधन होने से वह प्रत्याशी नहीं बन सकीं।

रामपुर और संभल में सपा ने उतारे नए चेहरे

- रामपुर और संभल में स्थिति कुछ अलग है। यहां सपा ने भाजपा को टक्कर देने के लिए दो नए चेहरों पर दांव खेला है। रामपुर में नामांकन के अंतिम समय तक अखिलेश यादव और आजम खां के बीच प्रत्याशी को लेकर सहमति नहीं बन सकी थी। हालांकि बाद में रामपुर के ही रहने वाले मौलाना मोहिबुल्लाह को प्रत्याशी बनाया गया। वह राजनीति में नए हैं। उनका सामना भाजपा के मौजूदा सांसद घनश्याम सिंह लोधी से है।
- संभल में सपा ने सांसद डॉ. शफीकुर्रमान बर्क का निधन होने पर उनके विधायक पौत्र जियाउर्रमान बर्क को टिकट दिया गया। वह भाजपा के अनुभवी नेता परमेश्वर सैनी के सामने करियर का पहला लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। मुरादाबाद सीट पर सपा ने प्रत्याशी बदला है। सांसद डॉ. सैयद तुफैल हसन का टिकट काटकर बिजनौर की रहने वाली रुचि वीरा को प्रत्याशी बनाया है। रुचि वीरा का मुकाबला भाजपा के दिग्गज नेता कुंवर सर्वेश सिंह से है। सर्वेश सिंह मुरादाबाद की राजनिति में बड़ा नाम है। लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव में उन्हें सपा के एसटी हसन ने हराया था।

हल्द्वानी मंडी

चावल : शरबती- 72 मसूरी- 47 बासमती- 105 दाल दलहन : काला चना- 75 साबुत चना दाल- 75 मूंग साबुत- 110-120 राजमा- 135 दाल उड़द- 110 साबुत मसूर दाल- 70 मसूर दाल- 85 उड़द साबुत- 120 काबुली चना- 127 अरहर दाल- 137 लोबिया/करमानी- 110 सोयाबीन- 52 मूंगफली- 72 मटर (सूखी)- 60 मक्का- 20। **नोट : दाम प्रति किग्रा. में**

मैंथा बाजार भाव

चन्दौसी : शिवालिक- 1010, फ्लैग- 1110, बोल्ड- 1160, डीएमओ- 890

रामपुर : शिवालिक-1000, फ्लैग-1110, डीएमओ-890, बोल्ड-1170

सर्राफा

कानपुर

चांदी 999 (प्रति किलो)	.....
सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल	85000
सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल	90000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	73750
सोना गिन्नी (प्रति नग)	55000-55200

लखनऊ

सोना स्टैंडर्ड	73,650
सोना रवा	73,500
सोना गिन्नी (प्रति नग)	42,500
चांदी तैयार	81,300
चांदी (999)	81,200
चांदी सिक्के (100 नग)	80,000

बरेली

गोल्ड (पक्के जेवर)	73000
गोल्ड (गिन्नी जेवर)	72000
सिल्वर (पक्की)	800 (अनुमानित)

मुरादाबाद

सोना 24 कैरेट	72,900
चांदी आभूषण	80,800

'कलेक्टिव न्यूजरूम' के साथ बीबीसी का पुनर्गठन पूरा

भाषा आधारित कंटेंट को बीबीसी वर्ल्ड सर्विस इंडिया का लिया स्थान

नयी दिल्ली/लंदन, एजेंसी

भारत के प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) नियमों के अनुपालन के लिए ब्रिटेन की मीडिया कंपनी ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (बीबीसी) का पुनर्गठन एक स्वतंत्र इकाई 'कलेक्टिव न्यूजरूम' की शुरुआत के साथ पूरा हो गया है। बीबीसी इसकी पहली ग्राहक है।

भारतीय के स्वामित्व वाली कलेक्टिव न्यूजरूम ने भाषा आधारित कंटेंट (सामग्री) उपलब्ध कराना जारी रखने के लिए बीबीसी वर्ल्ड सर्विस इंडिया का स्थान लिया है। पुनर्गठन के तहत, प्रसारणकर्ता लंदन में मुख्यालय वाले अपने अंग्रेजी भाषा

के डिजिटल, टेलीविजन और रेडियो खंड के लिए भारत में समाचार एकत्र करने वाली टीम को बनाए रखेगा। यह कदम कथित एफडीआई उल्लंघनों के मामले में पिछले साल फरवरी में भारत में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और कर अधिकारियों द्वारा बीबीसी के कार्यालयों पर तलाशी अभियान के करीब एक साल बाद उठाया गया है।

कलेक्टिव न्यूजरूम की मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रूपा झा ने कहा कि मैं रोमांचित हूं कि कलेक्टिव न्यूजरूम ने आधिकारिक तौर पर सबसे विश्वसनीय, रचनात्मक और साहसी पत्रकारिता के लिए एक स्पष्ट, महत्वाकांक्षी मिशन शुरू किया है। कलेक्टिव न्यूजरूम ने कहा कि वह अपने पहले ग्राहक बीबीसी के लिए कार्यक्रम और कंटेंट तैयार करेगी लेकिन भारत व दुनियाभर के अन्य समाचार प्रदाताओं के लिए भी कंटेंट तैयार करने के लिए उपलब्ध है। कलेक्टिव न्यूजरूम के निदेशकों में मुकेश शर्मा, संजय मजूमदार और सारा हसन शामिल हैं।

एनआईआईएफ ने आईबस में किया 20 करोड़ डॉलर का निवेश

मुंबई। नेशनल इन्वेस्टमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड (एनआईआईएफ) ने डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर प्लेयर आईबस नेटवर्क एंड इंफ्रास्ट्रक्चर में 20 करोड़ अमेरिकी डॉलर (करीब 1,660 करोड़ रुपये) के निवेश की बुधवार को घोषणा की।

बयान के अनुसार, आईबस अपनी क्षमताओं का विस्तार करने के लिए परिचालन बढ़ाने और अधिग्रहण के जरिए वृद्धि को गति देने को लेकर कोष का इस्तेमाल करेगी। एनआईआईएफ ने अपने 'मास्टर फंड' से कंपनी में निवेश किया है। कंपनी के मुख्य कार्यकारी (समूह) राम सेल्लारत्नम ने कहा, हम सही निवेश साझेदार की तलाश में थे। मास्टर फंड के मुख्य कार्यकारी विनोद गिरी ने कहा कि यह इंफ्रास्ट्रक्चर फंड द्वारा आठवां और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर में दूसरा निवेश है।

मॉल, व्यावसायिक में खुदरा की मांग 15% तक हो सकती है कम

नई दिल्ली, एजेंसी

- **सीबीआरई ने रिपोर्ट में कहा 2024 में खुदरा स्थान का पट्टा 60-65 लाख वर्ग फुट के बीच रहने का अनुमान**

शॉपिंग मॉल और व्यावसायिक (हाई-स्ट्रीट) क्षेत्र में खुदरा स्थानों की मांग इस साल 15 प्रतिशत तक घट सकती है। कैलेंडर वर्ष 2023 में यह रिकॉर्ड 71 लाख वर्ग फुट रही थी। रियल एस्टेट सलाहकार सीबीआरई ने अपनी रिपोर्ट '2024 इंडिया मार्केट आउटलुक' में 2024 में खुदरा स्थान का पट्टा 60-65 लाख वर्ग फुट के बीच रहने का अनुमान लगाया है।

रिपोर्ट के अनुसार, देश के आठ प्रमुख शहरों में शॉपिंग मॉल और व्यावसायिक (हाई-स्ट्रीट) क्षेत्र में खुदरा स्थान का पट्टा 2023 में 48 प्रतिशत बढ़कर 71 लाख वर्ग फुट रहा था जबकि कैलेंडर वर्ष 2022 में यह 48 लाख वर्ग फुट था। सीबीआरई के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (भारत, दक्षिण-पूर्व एशिया, पश्चिम एशिया तथा अफ्रीका) अंशुमन मैगजीन ने कहा कि मजबूत उपभोक्ता मांग से भारत के खुदरा क्षेत्र में 2023 में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई। 2024 को देखते हुए, खुदरा विक्रेता और उपभोक्ता दोनों सावधानी बरत रहे हैं। उन्होंने कहा कि जहां बड़े शहर प्रमुख विस्तार केंद्र बने हुए हैं, वहीं मझोले बाजार नई कंपनियों को आकर्षित कर रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में खुदरा श्रेणियों के बीच 'होम डेकोर' (घर सजावट) खंड का ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह विस्तार होने की संभावना है।

रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर का शेयर 20% टूटा

नई दिल्ली। रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर के शेयर में बुधवार को 20 प्रतिशत की गिरावट आई। उच्चतम न्यायालय के दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) को राहत देने के बीच कंपनी के शेयर में गिरावट आई। उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) को बड़ी राहत प्रदान करते हुए बुधवार को अपना ही एक फैसला रद्द कर दिया और कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी 'दिल्ली एयरपोर्ट मेट्रो एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड' को 2017 के मध्यस्थता आदेश के अनुपालन में 8,000 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान करने के लिए बाध्य नहीं है। बीएसई पर कंपनी शेयर 19.99 प्रतिशत की गिरावट के साथ 227.40 रुपये पर बंद हुआ। यह इसका निचला सर्किट स्तर है। एनएसई पर यह 20 प्रतिशत गिरकर 227.60 रुपये पर रहा। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 2,250.02 करोड़ रुपये घटकर 9,008.02 करोड़ रुपये रह गया।

हार्टेक पावर को 474 करोड़ की सौर परियोजना का मिला ठेका

नई दिल्ली। हार्टेक पावर को राजस्थान में 300 मेगावाट की सौर परियोजना के विकास के लिए 474 करोड़ रुपये का ठेका मिला है। कंपनी ने कहा, एक प्रमुख वैश्विक नवीकरणीय स्वतंत्र बिजली उत्पादक से यह ठेका मिला है। परियोजना में राजस्थान में 1,209 एकड़ में फैले 300 मेगावाट के 'ग्राउंड-माउंट' सौर पीवी बिजली संयंत्र शामिल है। कंपनी हार्टेक समूह की बिजली प्रणाली व नवीकरणीय ढांचा शाखा है। हार्टेक की स्थापना 1991 में की गई थी। यह सबसे तेजी से बढ़ती कंपनियों में से एक है जो इंजीनियरिंग, निर्माण, नवीकरणीय ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, ईंधन और विनिर्माण क्षेत्र में सेवाएं प्रदान करती हैं।

मार्च में इक्विटी म्यूचुअल फंड में आया 22,633 करोड़ का निवेश

नई दिल्ली, एजेंसी

इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश मार्च में एक महीने पहले की तुलना में 16 प्रतिशत घटकर 22,633 करोड़ रुपये रहा है। म्यूचुअल फंड कंपनियों के निकाय एम्फी ने मार्च महीने के आंकड़े जारी किए।

आंकड़ों के मुताबिक, इक्विटी फंड में शुद्ध प्रवाह का सिलसिला लगातार 37वें महीने यानी मार्च में भी जारी रहा। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के मुताबिक, म्यूचुअल फंड उद्योग ने कुल मिलाकर फरवरी में 1.2 लाख करोड़ रुपये का प्रवाह देखा गया था, जबकि मार्च में 1.6 लाख करोड़ रुपये की बड़ी निकासी हुई। इस निकासी की बड़ी वजह यह रही कि ऋण-आधारित म्यूचुअल फंड योजनाओं में 1.98 लाख करोड़ रुपये की निकासी की गई। आंकड़ों के मुताबिक, इक्विटी-आधारित म्यूचुअल फंड योजनाओं में मार्च में 22,633 करोड़ रुपये का प्रवाह देखा गया जबकि फरवरी में यह 26,866 करोड़ रुपये था।

एनएसई ने मुखिया के डीपफेक वीडियो पर निवेशकों को किया सजग

नई दिल्ली। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने अपने प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) आशीष कुमार चौहान के उस डीपफेक वीडियो को लेकर निवेशकों को आगाह किया है जिसमें वह कथित तौर पर कुछ शेयरों की सिफारिश करते हुए नजर आ रहे हैं।

एनएसई ने बुधवार को कहा कि प्रौद्योगिकी का दुरुपयोग कर बनाए गए कुछ निवेश एवं सलाह संबंधी ऑडियो-वीडियो क्लिप में चौहान के चेहरे एवं आवाज और एनएसई के प्रतीक चिह्न का इस्तेमाल किया गया है। एक्सचेंज ने कहा कि ऐसा लगता है कि ऐसे वीडियो चौहान की आवाज और चेहरे के भावों की नकल करने के लिए परिष्कृत प्रौद्योगिकी की मदद से बनाए गए हैं। डीपफेक का आशय कृत्रिम मेधा (एआई) का इस्तेमाल कर किसी व्यक्ति को गलत ढंग से पेश करना है। इसमें हेराफेरी के जरिए किसी व्यक्ति को ऐसी हरकत करते हुए या ऐसी बात कहते हुए दिखाया जाता है जो उसने कभी कहा और किया ही नहीं है। इस तरह गलत सूचना फैलने और प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचने का खतरा होता है।



एक नजर

भावनगर में ट्रेन की टिकट चेकिंग से वसूले 5.04 लाख

भावनगर। पश्चिम रेलवे में गुजरात के भावनगर मंडल ने मात्र एक ट्रेन की टिकट चेकिंग से 5.04 लाख रुपये वसूल किए हैं। मंडल रेल प्रवक्ता ने बताया कि टिकट जांच टीम द्वारा ट्रेन नंबर 12941 भावनगर-आसनसोल सुपरफास्ट ट्रेन में हाल ही में विशेष टिकट जांच अभियान चलाया गया, जिसमें कुल सात कर्मचारियों ने मिलकर 627 मामलों में जुर्माना सहित 503750 रुपये प्राप्त किए है। पश्चिम रेलवे के भावनगर मंडल पर ट्रेनों में बिना टिकट/अनियमित टिकटों पर यात्रा करने वाले यात्रियों पर अंकुश लगाने के लिए लगातार गहन टिकट जांच अभियान चलाए जा रहे हैं। भावनगर मंडल पर मंडल रेल प्रबंधक रवीश कुमार के दिशा-निर्देशों के अनुसार वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक माशूक अहमद एवं सहायक वाणिज्य प्रबंधक कल्पेश जी दवे की निगरानी में विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

महिला कलाकारों ने 100 मधुबनी पेंटिंग में पूरी रामायण चित्रित की

नई दिल्ली। बिहार के मिथिला क्षेत्र के लोगों की मान्यता है कि राजा जनक ने अपनी बेटी सीता के भगवान राम के साथ विवाह का जश्न मनाने के लिए राज्य के कलाकारों और नागरिकों से दीवारों पर तस्वीरें बनाने के लिए कहा था। मधुबनी कला केंद्र की संस्थापक मनीषा झा ने कहा कि वर और वधू के विवाह की तस्वीरें चटक रंगों से बनाने की परंपरा से मथिला कला का जन्म हुआ जिसे मधुबनी पेंटिंग भी कहते हैं। हिंदू महाकाव्य रामायण की कहानियों और घटनाओं को दर्शाने वाली ऐसी करीब 100 पेंटिंग यहां ललित कला अकादमी की एक प्रदर्शनी में प्रदर्शित की गई हैं। मधुबनी कला केंद्र और अकादमी द्वारा आयोजित प्रदर्शनी 'मिथिला रामायण' में बिहार की अनुभवी और युवा महिला कलाकारों की कला को प्रदर्शित किया गया है और इसे मूर्त रूप देने में झा को 20 साल का समय लगा।

नाबालिग गर्भवती को कोर्ट ने दी सरकारी अस्पताल में उपचार कराने की अनुमति

मुंबई। बंबई उच्च न्यायालय ने बुधवार को एक 17 वर्षीय गर्भवती लड़की को मुंबई के सरकारी जेजे अस्पताल में इलाज कराने की अनुमति दी। लड़की को कुछ अस्पतालों ने चिकित्सा सहायता देने से इनकार कर दिया था। लड़की ने अपनी मां के माध्यम से उच्च न्यायालय में दायर की गई याचिका में कहा कि अस्पतालों ने इसलिए उसका इलाज करने से इनकार कर दिया क्योंकि वह उस लड़के के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं कराना चाहती है जिसके साथ उसके संबंध थे। याचिका में कहा गया है कि लड़की और लड़के के बीच सहमति से संबंध थे। लड़के की उम्र भ्री 17 वर्ष है। याचिका में कहा गया कि चिकित्सकीय उपचार से इनकार लड़की के उन मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है जो संविधान में दर्ज हैं। पीठ ने अपने आदेश में कहा कि लड़की शुक्रवार तक अपने वकील के माध्यम से आपात पुलिस रिपोर्ट के रूप में अपना बयान प्रस्तुत करे। अदालत ने उसे सरकारी जेजे अस्पताल में उपचार कराने की अनुमति दी।

कर्नाटक हाईकोर्ट ने 'खतरनाक कुत्तों' पर पाबंदी वाले केंद्र के निर्देश को पलटा

बेंगलुरु। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने कुत्तों की कुछ नस्लों के आयात, प्रजनन और बिक्री पर प्रतिबंध लगाने वाले केंद्र सरकार के निर्देश को बुधवार को पलट दिया। पशुपालन मंत्रालय के अंतर्गत एक विशेषज्ञ समिति ने कुत्तों की कुछ नस्लों को खतरनाक करार दिया है। अदालत ने इस तरह की पाबंदी लागू करने से पहले पशु पालकों और प्रासंगिक संगठनों से संपर्क करने के महत्व को उजागर किया। नस्लों की एक विस्तृत श्रृंखला को प्रतिबंधित किया गया है जिनमें आमतौर पर बैन डॉग या बैंडोग, रॉटवीलर और टेरियर्स के रूप में संदर्भित नस्लें शामिल हैं।

राष्ट्रीय

प्रधानमंत्री का द्रमुक पर हमला, बोले- घृणा और विभाजनकारी राजनीति करती है यह पार्टी

भ्रष्टाचार का दूसरा नाम द्रमुक : नरेन्द्र मोदी

वेल्लोर (तमिलनाडु), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को तमिलनाडु की सत्तारूढ़ पार्टी द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) पर तीखा हमला बोलते हुए उस पर घृणा और विभाजनकारी राजनीति में लिप्त होने, भ्रष्टाचार का पर्याय होने और राज्य के विकास की कोई चिंता नहीं करने का आरोप लगाया।

लोकसभा चुनाव के तहत 19 अप्रैल को होने वाले मतदान से पहले राज्य के वेल्लोर और मेट्टुपलयम में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कांग्रेस की भी कड़ी आलोचना की तथा उसे और द्रमुक को पारिवारवादी दल बताया।

उन्होंने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर द्रमुक को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि इस मुद्दे पर पहला कॉपीराइट सत्तारूढ़ पार्टी के पास है तथा मुख्यमंत्री एम के स्टालिन के परिवार का इरादा राज्य को लूटने का है। उन्होंने द्रमुक पर एक पारिवारिक कंपनी होने का

तमिलनाडु में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत करते नेतागण। ● एजेंसी

आरोप लगाया, जो पुरानी सोच के कारण राज्य के युवाओं की प्रगति में बाधा बन रही है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवारों के पक्ष में प्रचार करते हुए उन्होंने वेल्लोर की रैली में कहा, भ्रष्टाचार पर द्रमुक का पहला कॉपीराइट है, पूरा परिवार तमिलनाडु को लूट रहा है।

द्रमुक पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि इसके तीन मानदंड हैं- पारिवारिक राजनीति, भ्रष्टाचार और तमिल संस्कृति का विरोध। उन्होंने कहा कि द्रमुक लोगों को भाषा, क्षेत्र, धर्म और जाति के आधार पर बांटती है। वह जानती है कि जिस दिन लोग इसे पहचान जाएंगे, उसे एक भी वोट नहीं मिलेगा। मैंने द्रमुक की दशकों पुरानी खतरनाक राजनीति का पर्दाफाश करने का फैसला किया है। मोदी ने आरोप लगाया कि एक तरफ देश मेक इन इंडिया पहल के साथ प्रगति कर रहा है लेकिन द्रमुक उन लोगों के साथ खड़ी है जो देश में निवेश को खत्म करना चाहते हैं। मोदी ने कांग्रेस पर भेदभाव और बंटवारे का खतरनाक खेल खेलने का आरोप लगाया और कहा कि यही काम तमिलनाडु में द्रमुक करती है।

उन्होंने दावा किया कि केंद्र सरकार ने तमिलनाडु में करोड़ों घरों में पाइप से पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की है लेकिन सत्तारूढ़ द्रमुक ने इसे पार्टी के कार्यकर्ताओं या मतदाताओं के लिए प्राथमिकता दी। द्रमुक ने हमेशा नफरत और विभाजनकारी राजनीति की है। मैं विश्वास दिलाता हूं कि राजग अपने तीसरे कार्यकाल में कोंगू क्षेत्र के विकास के लिए और अधिक उत्साह के साथ काम करेगा। तमिलनाडु के पश्चिमी क्षेत्र को कोंगु क्षेत्र कहा जाता है। द्रमुक और 'इंडी' गठबंधन के घटक दल तुष्टीकरण के अलावा कुछ नहीं कर रहे हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने लॉटरी किंग सेंटियागो के धनशोधन मामले पर लगाई रोक

नई दिल्ली, एजेंसी

- **ईडी के मामले की सुनवाई के स्थगन के अनुरोध को भी विशेष अदालत ने कर दिया था खारिज**

उच्चतम न्यायालय ने 'लॉटरी किंग' सेंटियागो मार्टिन के खिलाफ एक विशेष अदालत में जारी धनशोधन के एक मामले की कार्यवाही पर बुधवार को रोक लगा दी। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने मार्टिन की याचिका पर नोटिस जारी किया, जिसमें केरल के एर्नाकुलम में एक विशेष पीएमएलए अदालत के 16 मार्च के आदेश को चुनौती दी गई थी।

इस आदेश में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज धनशोधन के एक मामले में सुनवाई के स्थगन संबंधी उनकी याचिका को खारिज कर दिया गया था। मार्टिन की ओर से पेश वरिष्ठ वकील आदित्य सोंढी और वकील रोहिणी मूसा ने दलील दी कि विशेष अदालत को इस पर विचार करना चाहिए था कि धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) मामले में सुनवाई मूल मामले में मुकदमे के समाप्त होने के बाद ही शुरू हो सकती है। विशेष अदालत ने 16 मार्च को मार्टिन की उस अर्जी को खारिज कर दिया था जिसमें ईडी के मामले की सुनवाई के स्थगन का अनुरोध किया गया था। मार्टिन ने सीबीआई की ओर से दाखिल आरोपपत्र विधेय (मूल) मामला है जिसके आधार पर ईडी ने उसके और अन्य के खिलाफ धनशोधन का मामला दर्ज किया है। ईडी आमतौर पर सीबीआई और आयकर विभाग जैसी संबंधित केंद्रीय एजेंसियों द्वारा भ्रष्टाचार या कर चोरी के मामलों में की गई प्राथमिकी या जांच के आधार पर धनशोधन का मामला दर्ज करता है।

मलाप्पुरम में मंदिर बना हिंदू मुस्लिम सद्भावना की मिसाल

मलाप्पुरम (केरल), एजेंसी

केरल के मुस्लिम बहुल मलाप्पुरम में सदियों पुराना मंदिर हिंदू-मुस्लिम सद्भावना की मिसाल पेश कर रहा है जिसके जीर्णोद्धार में मुस्लिम समुदाय से खुलकर दान दिया और अब मंदिर में स्थापित देवी की नई प्रतिमा की अगले महीने प्राण प्रतिष्ठा होगी।

एक अधिकारी ने बताया कि कोंडोट्टी के मुथुवल्लूर स्थित 400 साल पुराने श्रीदुर्गा भगवती मंदिर के जीर्णोद्वार में हिंदुओं और मुस्लिमों ने कंधे से कंधा मिलाकर काम किया है। मंदिर प्रशासन ने बताया कि मंदिर के जीर्णोद्वार पर अब तक करीब 50 लाख रुपये खर्च किए गए हैं और इनमें से करीब आधी राशि मुस्लिम समुदाय ने दान में दी है। जीर्णोद्धार के पहले चरण का काम पूरा हो गया है और 173 सेंटीमीटर लंबी देवी दुर्गा की प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा के लिए सात मई को तीन दिवसीय समारोह का आयोजन किया जाएगा।

केरल में चर्च ने ईद की नमाज के लिए अपने द्वार खोले

मलप्पुरम (केरल)। सांप्रदायिक सौहार्द को बढ़ावा देने वाले एक कदम के तहत केरल के मलप्पुरम जिले में एक चर्च ने बुधवार को अपने द्वार खोल दिए ताकि उसके परिसर में मुसलमान ईद की नमाज अदा कर सकें। मंजेरी स्थित निकोलस मेमोरियल सीएसआई चर्च के विशाल मैदान में बुधवार सुबह सैकड़ों मुस्लिम एकत्र हुए। वे संयुक्त ईद समिति, मंजेरी द्वारा आयोजित ईद की नमाज में भाग लेने के लिए एक साथ आए थे। ईद की नमाज के लिए चर्च के दरवाजे खोलने का फैसला उस सरकारी स्कूल के मैदान को बंद किए जाने के कारण लिया गया, जहां आमतौर पर मुस्लिम ईद की नमाज अदा करते थे। स्कूल का मैदान आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों के सिलसिले में बंद किया गया है।

शांति, समृद्धि और प्रगति भाजपा का वादा

ईटानगर, एजेंसी

- **अरुणाचल विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा का घोषणापत्र जारी**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू और प्रदेश अध्यक्ष बियूराम वाहगे के साथ बुधवार को राज्य विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा का संकल्प पत्र (घोषणापत्र) जारी किया। अरुणाचल प्रदेश में भाजपा के लोकसभा चुनाव प्रभारी एवं असम के मंत्री अशोक सिंघल भी मौजूद थे।

नड्डा ने विकसित अरुणाचल प्रदेश के लिए घोषणापत्र का अनावरण करते हुए कहा कि यह सिर्फ एक दस्तावेज नहीं है, बहुत अच्छी तरह से विचार-विमर्श के बाद बनाया गया दस्तावेज है, जिसमें उन सभी चीजों के बारे में विस्तार से बताया गया है, जो हम अगले पांच वर्षों में अरुणाचल प्रदेश को एक विकसित राज्य बनाने के लिए करने जा रहे हैं। उन्होंने खांडू के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार की विभिन्न उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मुझे यह कहते हुए गर्व महसूस हो रहा है कि अरुणाचल प्रदेश में मुख्यमंत्री पेमा खांडू के नेतृत्व में तथा प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन और समर्थन में पिछले पांच वर्षों में बहुत सकारात्मक बदलाव

अरुणाचल प्रदेश में जनसभा को संबोधित करते भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ● एजेंसी

आया है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पूर्वोत्तर से तुलना करते हुए कहा कि मोदी के सत्ता में आने से पहले, पूर्वोत्तर एक अलग भूमि थी, जो बंद संस्कृति, नाकाबंदी, उग्रवाद, अपहरण, लक्षित हत्या और लक्षित हमलों से त्रस्त थी- हम पूर्वोत्तर के बारे में यही जानते थे। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले 'उपेक्षित' रहे पूर्वोत्तर में उग्रवाद में 80 प्रतिशत की कमी देखी गयी है, और सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम (अफस्पा) के तहत आने वाले क्षेत्रों को घटाकर 66 प्रतिशत कर दिया गया है। नड्डा ने कहा, घोषणापत्र प्रधानमंत्री के अष्ट लक्ष्मी के दृष्टिकोण- शांति, आत्मनिर्भरता के लिए बिजली उत्पादन, अरुणाचल को सर्वश्रेष्ठ पर्यटन स्थल बनाने, 5जी कनेक्टिविटी, प्राकृतिक खेती, खेल और राज्य की क्षमता को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए तैयार किया गया है। हमारा लक्ष्य शांति, समृद्धि और प्रगति है।

विपक्षी गठबंधन भ्रष्ट नेताओं से भरा : नड्डा

दोईमुख (अरुणाचल प्रदेश)। विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडी) पर कटाक्ष करते हुए भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने बुधवार को इसे 'घमंडिया' गठबंधन करार दिया, जो भ्रष्ट नेताओं से भरा हुआ है। यहां चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा विपक्षी गठबंधन वास्तव में अहंकारी लोगों का गठबंधन है जो भ्रष्टाचार और वंशवाद की राजनीति में लिप्त हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जहां भ्रष्टाचार के खिलाफ हैं, वहीं विपक्षी गुट के कई नेता घोटालों में लिप्त हैं।

माकपा के 80 अघोषित खाते व 100 अचल संपत्तियां

नई दिल्ली, एजेंसी

- **ईडी ने निर्वाचन आयोग को लिखा पत्र केरल की सत्तारूढ़ पार्टी के खिलाफ धनशोधन जांच में सच आया सामने**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर दावा किया है कि धनशोधन से संबंधित जांच में पाया गया है कि केरल में सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के पास लगभग 80 अघोषित बैंक खाते और लगभग 100 अघोषित अचल संपत्तियां हैं।

संघीय जांच एजेंसी ने कहा कि त्रिशूर स्थित करुवन्नूर सेवा सहकारी बैंक से संबंधित जांच के दौरान उसे इन संपत्तियों का पता चला, जिसमें उसने माकपा विधायक और पूर्व कैबिनेट मंत्री ए सी मोइदीन से पूछताछ की थी। आधिकारिक सूत्रों ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि एजेंसी ने निर्वाचन आयोग को सूचित किया है कि पार्टी करीब 80 अघोषित बैंक खातों से संबद्ध है, जिनमें करीब 25 करोड़ रुपये जमा हैं। ईडी ने दावा किया है कि इन बैंक खातों में मिली जमा राशि मुख्य रूप से नकदी में भेजी गई थी। इसने चुनाव आयोग को यह भी सूचित किया है कि पार्टी के पास त्रिशूर जिले में कार्यालय भवनों के रूप में लगभग 100 अघोषित अचल संपत्तियां हैं। एजेंसी ने चुनाव आयोग को दी गई अपनी रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि इन बैंक खातों और कार्यालयों का इस्तेमाल माकपा द्वारा राजनीतिक गतिविधियों के लिए किया जा रहा है। एजेंसी को संदेह है कि इन चल और अचल संपत्तियों की जानकारी पार्टी द्वारा जन प्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार निर्वाचन आयोग और आयकर विभाग को नहीं दी गई है। सूत्रों ने कहा कि चुनाव आयोग ने आयकर विभाग के प्रशासनिक प्राधिकरण केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड को ईडी द्वारा उसे बताए गए इन आरोपों की जांच करने का निर्देश दिया है।

खेल डायरी

सिंधू जीतीं, सेन और श्रीकांत पहले दौर में हारे

निंगबो। अनुभवी भारतीय खिलाड़ी पीवी सिंधू मुश्किल परिस्थितियों से पार पाकर बुधवार को बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के महिला एकल के दूसरे दौर में पहुंचने में सफल रहीं तो वही पुरुष एकल वर्ग में लक्ष्य सेन और किदांबी श्रीकांत का सफर हार के साथ खत्म हो गया। सिंधू ने मलेशिया की दुनिया की 33वें नंबर की खिलाड़ी गोह जिन वेई के खिलाफ निर्णायक गेम में पांच अंकों की बढ़त को लगभग गंवाने के बाद 18-21, 21-14, 21-19 से जीत दर्ज की। सिंधू इस खिलाड़ी के खिलाफ सुदीरमन कप में खेले गये पिछले मुकाबले को हार गयी थीं।

आनंदी ने यूरोचैलेंज सेलिंग स्पर्धा में कांस्य जीता

मुंबई। भारत की 15 वर्षीय आनंदी नंदन चंदावरकर ने इटली में आयोजित ओपन स्किफ यूरोचैलेंज सेलिंग (नौकायन) प्रतियोगिता मिश्रित वर्ग में कांस्य पदक जीतने के साथ लड़कियों की अंडर-17 वर्ग की स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता में अंडर-15 और अंडर-17 आयु वर्ग में 130 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। इस प्रतियोगिता का आयोजन पांच से सात अप्रैल तक सिरकोलो वेला अरको के गार्डा ट्रेनटिनो में हुआ था। इसमें 10 देशों से लगभग 200 नौकायन खिलाड़ियों ने भाग लिया।

गुकेश को नेपोम्नियाशिच के साथ संयुक्त बढ़त

टोरंटो। ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने अजरबैजान के निजात अबासोव को हराकर रूस के इयान नेपोम्नियाशिच के साथ संयुक्त बढ़त हासिल कर ली है और फिडे शतरंज टूर्नामेंट के पांचवें दौर में जीत दर्ज करने वाले वह इकलौते भारतीय बने। सत्रह वर्ष के गुकेश और नेपोम्नियाशिच 3-5 अंक लेकर शीर्ष पर हैं जबकि अमेरिका के शीर्ष वरीयता प्राप्त फेबियानो कारूआना उनसे आधा अंक पीछे हैं। अमेरिका के हिकारू नकामूरा ने फ्रांस के फिरोजा अलीरजा को हराया जबकि भारत के आर प्रज्ञानानंदा ने नेपोम्नियाशिच के साथ ड्रॉ खेला। विदित गुजराती ने कारूआना के साथ ड्रॉ खेला।

नीरज चोपड़ा पावो नूरमी खेलों में भाग लेंगे

नयी दिल्ली। सुपरस्टार भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा 18 जून को फिनलैंड के तुर्कू में प्रतिष्ठित पावो नूरमी खेलों में प्रतिस्पर्धा करेंगे, जहां उन्हें जर्मनी के 19 वर्षीय मैक्स डेह्निंग से कड़ी चुनौती मिल सकती है। यह जानकारी पावो नूरमी खेलों के आयोजकों ने दी। डेह्निंग हाल ही में 90 मीटर की बाधा पार करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने हैं। छब्बीस साल के चोपड़ा 10 मई को दोहा डायमंड लीग मीट से अपने सत्र की शुरुआत करेंगे। उन्होंने पावो नूरमी खेलों के 2022 सत्र में 89 .30 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता था। यह उनके करियर का दूसरा सर्वश्रेष्ठ थ्रो है।

बिली जीन किंग कप टेनिस: भारत चीन से 0-3 से हारा

चांगशा (चीन)। भारतीय महिला टेनिस टीम को बुधवार को यहां बिली जीन किंग कप के ग्रुप चरण मैच में चीन से 0-3 से हार का सामना करना पड़ा। सहजा यमलापल्ली को एक घंटे और 33 मिनट तक चले शुरुआती मुकाबले में विश्व रैंकिंग में 43वें स्थान पर काबिज जिन्यू वांग से 2-6, 3-6 से हार का सामना करना पड़ा। एकल वर्ग के दूसरे मैच में अंकिता रैना को दुनिया की सातवें नंबर की खिलाड़ी क्विनवेन झेंग ने 6-0, 6-0 से मात दी। रुतुजा भोसले और प्रार्थना थेंबारे की जोड़ी को हानयू गो और शियू वांग की जोड़ी ने 56 मिनट तक चले एकतरफा मुकाबले में 6-1, 6-1 से हराया।

फार्मूला ई को भारत के लिए नया मीडिया साझेदार मिला

लंदन। फार्मूला ई ने बुधवार को भारतीय उपमहाद्वीप में इलेक्ट्रिक रेसिंग श्रृंखला के सभी दौर प्रसारित करने के लिए सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया के साथ तीन साल की मीडिया साझेदारी की घोषणा की। एसपीएनआई चैंपियनशिप के 10वें सत्र की सभी रेस को अपने टेलीविजन चैनलों के नेटवर्क पर प्रसारित करेगा और प्रशंसक स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म 'सोनी लिव' पर भी इसे देख सकेंगे। फार्मूला ई ने एक बयान में कहा, ''फार्मूला ई के 10वें रेसिंग सत्र का सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर पूरे भारत में सीधा प्रसारण किया जाएगा, जिसकी कवरेज अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका तक होगी।''

स्वर्ण विजेताओं को मिलेंगे 50,000 डॉलर

मोनाको। पेरिस ओलंपिक में ट्रैक एवं फील्ड की 48 स्पर्धाओं के स्वर्ण पदक विजेताओं को विश्व एथलेटिक्स (डब्ल्यूए) ने पहली बार 50,000 डॉलर (41.60 लाख रुपये) की पुरस्कार राशि देने की बुधवार को घोषणा की। विश्व एथलेटिक्स के इस कदम से 2028 में लॉस एंजिलिस (एलए) में होने वाले खेलों में तीनों पदक विजेताओं को पुरस्कार देने का मार्ग प्रशस्त होगा। भारत को पेरिस ओलंपिक में भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा से स्वर्ण पदक की उम्मीद है। नीरज ने तोक्यो ओलंपिक में देश के लिए एथलेटिक्स का पहला स्वर्ण पदक जीता था। वह इसके साथ ही व्यक्तिगत स्पर्धा में निशानेबाज अभिनव बिंद्रा के बाद स्वर्ण पदक जीतने वाले देश के दूसरे खिलाड़ी बने थे। डब्ल्यूए ओलंपिक खेलों में पुरस्कार राशि देने वाला पहला अंतरराष्ट्रीय महासंघ बन जाएगा।

बोपन्ना और एबडेन की जोड़ी मोंटे कार्लो में हारी

मोंटे कार्लो। भारत के रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन बुधवार को यहां मोंटे कार्लो मास्टर्स में पुरुष युगल के अंतिम-16 दौर के मैच में क्रोएशिया के मेट पाविक और अल साल्वाडोर के मार्सेलो एरेवलो से हार गये। बोपन्ना और एबडेन की जोड़ी को 3-6, 6-7 (6-8) से हार का सामना करना पड़ा। बोपन्ना और एबडेन पहले सेट में जल्दी पिछड़ गए और फिर उबर नहीं पाए। दूसरे सेट में भारत और ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों की जोड़ी वापसी करती दिखी लेकिन प्रतिद्वंद्वी जोड़ी ने टाई-ब्रेकर में बेहतर खेल के दम पर उन्हें वापसी का मौका नहीं दिया। भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल पुरुषों के दूसरे दौर के मुकाबले को बारिश के कारण रोके जाते समय डेनमार्क के होल्गर रूणे के खिलाफ पिछड़ रहे थे।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और मुंबई इंडियंस आमने-सामने

मुंबई, एजेंसी

खराब फॉर्म से जूझ रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में गुरुवार को मुंबई इंडियंस से खेलेगी, जिस पर खुद अच्छे प्रदर्शन का भारी दबाव है। पांच में से चार मैच हार चुकी आरसीबी ने टीम चुनने में गलतियां की और मैदान पर भी प्रदर्शन से उसकी भरपाई नहीं कर सकी। अंकतालिका में वह मुंबई से एक ही पायदान नीचे है। मुंबई चार में से एक मैच जीतकर नौवे स्थान पर है। उसने पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स को 29 रन से हराया था।

विराट कोहली के शानदार प्रदर्शन के बावजूद आरसीबी के अभियान की बेहद खराब शुरूआत हुई है। अब आईपीएल के आधे मैच जल्दी ही खत्म होने को है और ऐसे में आरसीबी के विदेशी खिलाड़ियों को लय तलाशनी होगी जिनमें कप्तान फाफ डु प्लेसी (109 रन), ग्लेन मैक्सवेल (32) और कैमरन ग्रीन (68 रन) शामिल हैं। कोहली अभी तक एक शतक और दो अर्धशतक समेत 316 रन बना चुके हैं लेकिन उन्हें दूसरे छोर से साथ नहीं मिल सका। पांच महीने पहले विश्व कप सेमीफाइनल में वानखेड़े स्टेडियम पर शतक जमाने वाले कोहली एक बार फिर उसी मैदान पर अपने बल्ले का जलवा बिखेरना चाहेंगे।

गेंदबाजी में मैक्सवेल चार विकेट ले चुके हैं लेकिन मुख्य गेंदबाज प्रभावहीन रहे हैं। मुंबई के खिलाफ उन्होंने हालांकि पिछले पांच में से चार मैच जीते हैं। दोनों टीमों के बीच अब तक हुए 32 मुकाबलों में से 18 मुंबई ने और 14 आरसीबी ने जीते हैं। आम तौर पर आईपीएल में धीमी शुरूआत करने वाली मुंबई टीम को पता है कि अब देर करने से परिणाम प्रतिकूल हो सकते हैं। आरसीबी को हराकर उसका इरादा लगातार दूसरी जीत दर्ज करने का होगा ताकि टीम का मनोबल बढ सके चूंकि अगले मैच में चेन्नई सुपर किंग्स से खेलना है।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु : फाफ डु प्लेसी (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशक, आकाश दीप। मोहम्मद सिराज, रीस टॉपले, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरून ग्रीन, अल्ज़ारी जोसेफ, यश दयाल, टॉम कुरेन, लॉकी फर्ग्यूसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान। **मुंबई इंडियंस :** हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, डेवाल्ड ब्रेविस, जसप्रीत बुमराह, पीयूष चावला, जेराल्ड कोएत्ज़ी, टिम डेविड, श्रेयस गोपाल, ईशान किशन (विकेटकीपर), अंशुल कंबोज, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका, मोहम्मद नबी, शम्स मुलानी, नमन धीर, शिवालिक शर्मा, रोमारियो शेफर्ड, अर्जुन तेंदुलकर, नुवान तुषारा, तिलक वर्मा, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, ल्यूक वुड।

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	05	316
रियान पराग (राजस्थान)	05	261
संजू सैमसन (राजस्थान)	05	246

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
मुस्तफिजुर रहमान (सीएसके)	04	09
युजवेंद्र चहल (आरआर)	04	08
अर्शदीप सिंह (पंजाब किंग्स)	05	08

रोमांचक मुकाबले में गुजरात ने राजस्थान को 3 विकेट से हराया

राजस्थान के कप्तान संजू सैमसन और रियान पराग की पारी काम नहीं आई

रियान पराग

जयपुर, एजेंसी

रियान पराग के 76 रन और कप्तान संजू सैमसन की नाबाद 68 रनों की शानदार अर्धशतकीय पारियों के दम पर राजस्थान रॉयल्स ने बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग के 24वें मुकाबले में गुजरात टाइटंस को जीत के लिए 197 रनों का लक्ष्य दिया था। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात टाइटंस ने रोमांचक मुकाबले में तीन विकेट से जीत दर्ज कर ली। राशिद खान ने अंतिम गेंद पर जीत का चौका लगाया।

बुधवार को सवाई मानसिंह स्टेडियम में गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी को उतरी राजस्थान की शुरुआत खराब रही और उसने पांचवें ओवर में सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल 24 रन का विकेट गवां दिया। उसके बाद जोस बटलर भी आठ बनाकर पवेलियन लौट गये। ऐसे संकट के समय रियान पराग और कप्तान संजू सैमसन ने पारी को संभाला और तीसरे विकेट लिये 130 रनों की साझेदारी की। रियान पराग ने 48 गेंदों में तीन चौके और पांच छक्के लगाते हुए 76 रन बनाये। उन्हें मोहित शर्मा ने वी शंकर के हाथों कैच आउट कराया। संजू सैमसन ने 38 गेंदों में सात चौके और दो छक्का लगाते हुए नाबाद 68 रनों की पारी खेली। शिमरॉन हेटमायर 13 रन बनाकर नाबाद रहे।

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	अंक	रनरेट
राजस्थान	4	4	0	8	+1.120
कोलकाता	4	3	1	6	+1.528
लखनऊ	4	3	1	6	+0.775
चेन्नई	5	3	2	6	+0.666
हैदराबाद	5	3	2	6	+0.344
पंजाब	5	2	3	4	-0.196
गुजरात	5	2	3	4	-0.797
मुंबई	4	1	3	2	-0.704
बेंगलुरु	5	1	4	2	-0.843
दिल्ली	5	1	4	2	-1.370



संजू सैमसन

राजस्थान रॉयल्स: 196/3

यशस्वी का वेड बो उमेश	24
बटलर का तेवतिया बो राशिद	08
संजू सैमसन नाबाद	68
रियान का शंकर बो मोहित	76
शिमरोन हेटमायर नाबाद	13

अतिरिक्त : 07

कुल : 20 ओवर में तीन विकेट पर 196 रन

गेंदबाजी : उमेश 4-0-47-1

जॉनसन 4-0-37-0

राशिद 4-0-18-1

नूर 4-0-43-0

मोहित 4-0-51-1

आरसीबी के पास वापसी के लिए काफी समय

मुंबई। तेज गेंदबाज रीस टॉप्ली ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ मुकाबले से पहले बुधवार को कहा कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विदेशी बल्लेबाजों के पास खराब शुरुआत से उबरने और लड़खड़ाते अभियान को पटरी पर लाने के लिए अब भी काफी समय है। अब तक अपने पांच में से चार मैच हार चुकी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम पर वापसी करने का भारी दबाव है। टीम के विदेशी बल्लेबाज सामूहिक रूप से फ्लॉप रहे हैं और गेंदबाजी भी अच्छी नहीं रही है।

डोपिंग के लिए तीन भारतीय एथलीटों को अस्थाई निलंबन

नयी दिल्ली, एजेंसी

- धावक जी लक्ष्मणन और धाविका हिमानी चंदेल पर भी क्रमश : दो और चार साल का प्रतिबंध

गोवा राष्ट्रीय खेलों के रजत पदक विजेता स्टीपलचेज खिलाड़ी मोहम्मद नूर हसन के साथ भारत के विश्व क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप के प्रतिभागी हेमराज गुर्जर और अंजलि कुमारी को प्रतिबंधित पदार्थों की जांच में पॉजिटिव पाये जाने के बाद अस्थायी निलंबन के तहत रखा गया है। भारतीय एथलेटिक्स में डोपिंग के नवीनतम मामलों में राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी पैनल द्वारा लंबी दूरी के धावक जी लक्ष्मणन और धाविका हिमानी चंदेल पर भी क्रमशः दो और चार साल का प्रतिबंध लगाया गया है। हसन ने पिछले साल फेडरेशन कप और नेशनल ओपन चैंपियनशिप में 3000 मीटर स्टीपलचेज में स्वर्ण पदक जीता था।

गुर्जर ने जनवरी में गया में राष्ट्रीय क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप जीती थी लेकिन मार्च में बेलग्रेड में विश्व क्रॉस कंट्री में वह 88वें स्थान पर रहे थे। अंजलि कुमारी जनवरी में नेशनल क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में दूसरे स्थान पर रही थीं । इस प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन वैश्विक प्रतियोगिता के लिए हुआ था जिसमें वह 80वें स्थान पर रहीं। इन तीनों को नाडा द्वारा अस्थाई निलंबन सौंपे गए लोगों की नवीनतम सूची में शामिल किया गया है। यह ज्ञात नहीं है कि नमूने कहां और कब एकत्र किए गए थे। इस बीच यह भी पता चला है कि 2017 एशियाई चैंपियनशिप में 5000 मीटर और 10,000 मीटर में स्वर्ण पदक जीतने वाले लक्ष्मणन पर पिछले साल 10 अगस्त से दो साल का प्रतिबंध लगाया गया है। उनका नाम उन लोगों में शामिल था जिन पर या तो डोपिंग रोधी अनुशासनात्मक पैनल या नाडा के डोपिंग रोधी अपील पैनल द्वारा प्रतिबंध लगाए गए थे।

भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगी सरिता मोर

बिश्केक। भारत के स्टार पहलवानों की गैरमौजूदगी में गुरुवार से यहां शुरू हो रही एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में देश की अगली पीढ़ी के खिलाड़ी खुद को बड़े मंच पर साबित करने की कोशिश करेंगे जबकि अनुभवी सरिता मोर पर भी नजरें होंगी। 21 मार्च को ट्रायल के दौरान यह निर्णय लिया गया था कि 17 ओलंपिक भार वर्ग के विजेता 19 अप्रैल से बिश्केक में एशियाई क्वालीफायर के जरिए पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई करने का प्रयास करेंगे जबकि इन वर्गों के उप विजेता को एशियाई चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा का अवसर दिया जाएगा।

ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे मैच में भारत को 2-1 से हराया

पर्थ, एजेंसी

भारतीय पुरुष हॉकी टीम को हॉकी टेस्ट सीरीज के तीसरे मुकाबले में भी ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा। इसी के साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज में 3-0 की बढ़त बना ली है। ऑस्ट्रेलिया के पर्थ हॉकी स्टेडियम में बुधवार को खेले गए मुकाबले में मेजबान ऑस्ट्रेलिया ने हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली भारतीय टीम को 2-1 से हराया। भारत के लिए जुगराज सिंह ने 41वें मिनट में एकमात्र गोल किया। वहीं ऑस्ट्रेलिया की ओर से जेरेमी हेवार्ड ने 44वें और 49वें मिनट में दो गोल दागे।

ऑस्ट्रेलिया ने खेल के तीसरे मिनट में ही पेनल्टी कॉर्नर हासिल कर लिया लेकिन भारतीय गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने शानदार बचाव किया। मैच का दूसरा क्वार्टर भी गोलरहित रहा। खेल के तीसरे क्वार्टर के 41वें मिनट में भारतीय टीम के जुगराज सिंह ने पेनल्टी कॉर्नर के जरिए गोल दागकर भारत को बढ़त दिलाई। हालांकि, ऑस्ट्रेलियाई टीम ने जेरेमी हेवार्ड के गोल से 1-1 की बराबरी कर ली। जेरेमी ने दूसरा गोल करते हुए भारत को पांच मैचों की हॉकी टेस्ट सीरीज के तीसरे मैच में हरा दिया। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच सीरीज का चौथा मुकाबला शुक्रवार को खेला जायेगा।

राजकुमार राव की फिल्म 'श्रीकांत' का ट्रेलर रिलीज, 10 मई को होगी रिलीज



मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव की आने वाली फिल्म 'श्रीकांत' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। टी-सीरीज़ फिल्म्स और चॉक एन चीज़ फिल्म्स के बैनर तले तुषार हीरानंदानी द्वारा निर्देशित फिल्म 'श्रीकांत' में राजकुमार राव की मुख्य भूमिका है। यह फिल्म इस साल अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर 10 मई को रिलीज़ होने के लिए तैयार है। इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर की शुरुआत एक लाइन .. सपने वो नहीं जो आप सोते हुए देखते हैं, यह वह जो आपको सोने नहीं देता से होती है।ट्रेलर में दिखाया जाता है कि कैसे नेत्रहीन होने के बावजूद श्रीकांत खुद को कमजोर नहीं बल्कि मजबूत मानता है। रोशनी न होने के बावजूद उसने कड़ी मेहनत से 12वीं में 98 प्रतिशत हासिल किया और आईआईटी में पढ़ने का सपना देखा। उसे साइंस से पढ़ना था, लेकिन नेत्रहीन होने की वजह से उसे बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। हार मानने की बजाय उसने एजुकेशन सिस्टम के खिलाफ केस ठोका। कड़ी मेहनत के बाद आखिरकार श्रीकांत का यूएस में एक इंजीनियरिंग कॉलेज में एडमिशन हो जाता है, लेकिन नेत्रहीन होने की वजह से फ्लाइट में उन्हें बैठने नहीं दिया जाता है। इसके बाद श्रीकांत अपना बिजनेस शुरू करते हैं, जिसमें विकलांग लोगों को काम देते हैं। फिल्म श्रीकांत उद्योगपति श्रीकांत बोला की बायोपिक है।

28 साल बाद मनीषा कोईराला ने भंसाली के साथ किया काम

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री मनीषा कोईराला ने फिल्मकार संजय लीला भंसाली के साथ 28 साल बाद काम किया। वेबसीरीज हीरामंडी : द डायमंड बाजार में मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, शर्मिन सहगल, ऋचा चड्ढा और संजीदा शेख जैसे कलाकार शामिल हैं।

मनीषा कोईराला ने फिल्मकार संजय लीला भंसाली के साथ 28 साल बाद काम किया। मनीषा कोईराला ने इससे पूर्व संजय लीला भंसाली के साथ वर्ष 1996 में प्रदर्शित फिल्म खामोशी द म्यूजिकल में काम किया था। इस फिल्म से संजय लीला भंसाली ने बतौर निर्देशक डेब्यू किया था। फिल्म खामोशी द म्यूजिकल में सलमान खान और नाना पाटेकर ने भी अहम भूमिका निभायी थी। मनीषा कोइराला ने बताया कि मैंने संजय के कॉल का 28 साल तक इंतजार किया है और यह खुशी की बात है। ऐसे जीनियस के साथ काम करना सम्मान की बात है। बहुत सारी मेहनत, प्यार और मोहब्बत से हमने इसे (हीरामंडी) बनाया है। आशा करते हैं कि आप सभी को ये पसंद आए। हमने ऐसा पहली बार देखा है। हीरामंडी : द डायमंड बाज़ार वेश्याओं और उनकी जिंदगी को लेकर बुनी गई है। वर्ष 1940 के दशक के भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की उथल-पुथल भरी पृष्ठभूमि पर आधारित, ''हीरामंडी''' 'कोठों'' में प्यार, विश्वासघात, उत्तराधिकार और राजनीति की कहानी को बयां करती है। हीरामंडी : द डायमंड बाज़ार 01 मई 2024 को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो रही है।

प्रियंका सिंह और माही श्रीवास्तव का गाना 'जग सूना सूना लागे' रिलीज

मुंबई, एजेंसी। गायिका प्रियंका सिंह और अभिनेत्री माही श्रीवास्तव का गाना ''जग सूना सूना लागे'' रिलीज हो गया है। ''जग सूना सूना लागे'' गाना वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिशल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस गाने को प्रियंका सिंह ने गाया है जबकि माही श्रीवास्तव ने गाने में अभिनय किया है। वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत गाना ''जग सूना सूना लागे'' के निर्माता रतनाकर कुमार हैं। इस गाने को संतोष उत्पाती ने लिखा है, जबकि संगीतकार विनीत शाह हैं। वीडियो डायरेक्टर विझेल, डीओपी राजन वर्मा हैं। इस गाने का ऑल राइट वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स के पास है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

होर्डिंग पर मुद्रक-प्रकाशक का नाम होना जरूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

- चुनाव आयोग ने चुनाव संबंधी सामग्री पर पहचान देने का दिया निर्देश

चुनाव आयोग लोकसभा चुनाव को लेकर सख्त है। लगातार प्रयास कर रहा है कि इस बार का चुनाव शांतिपूर्ण और पारदर्शिता से हो। आयोग ने बुधवार को चुनाव प्रचार में जवाबदेही और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए होर्डिंग सहित मुद्रित चुनाव संबंधी सामग्री पर मुद्रक और प्रकाशक की पहचान देने का निर्देश दिया है।

चुनाव अधिकारी का कहना है कि यह फैसला नगर निगम के अधिकारियों के नियंत्रण वाले होर्डिंग स्थानों पर मुद्रक या प्रकाशक की पहचान के बिना होर्डिंग देखे जाने के बाद लिया गया। आम आदमी पार्टी ने भी हाल में इस मुद्दे पर चुनाव आयोग से संपर्क किया था। चुनाव आयोग ने जनप्रतिनिधित्व

कानून, 1951 की धारा 127ए का हवाला दिया है।

बता दें धारा 127ए मुद्रक और प्रकाशक का नाम और पता प्रदर्शित किए बिना चुनावी पर्चे, पोस्टर, तख्तियां या बैनर छापने या प्रकाशित करने पर प्रतिबंध लगाती है। आयोग द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि प्रकाशकों की पहचान होना इसलिए जरूरी है, क्योंकि कोई पैसा खर्च होता है तो उसकी जानकारी मिल सके। वहीं अगर चुनावी अभियान के दौरान आचार संहिता का उल्लंघन पाया जाता है तो कार्रवाई की जा सके।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने हाल ही में इस बिंदु को उजागर करने के लिए एक दोहा भी पढ़ा था कि गलत सूचना पर अंकुश लगाने की आवश्यकता है। उन्होंने गलत सूचना को एक बुलबुला के रूप में वर्णित किया था जो छूने पर फट जाता है। बयान में कहा गया है, 'इस निर्देश के साथ आयोग ने शहरी स्थानीय निकायों के प्रिंटरों, प्रकाशकों, लाइसेंसधारियों या ठेकेदारों पर जवाबदेही तय कर दी है, जो राजनीतिक विज्ञापन लगाने के लिए जगह किराए पर देते हैं

आतंक पर अंकुश को भारत-कजाखिस्तान की हुई बैठक

नई दिल्ली। भारत और कजाखिस्तान के बीच आतंकवाद संबंधी चुनौतियों को लेकर अहम बैठक हुई, जिसमें दक्षिण एशिया में सीमापार आतंकवाद, राज्य प्रायोजित आतंकवाद और अफगानिस्तान-पाकिस्तान से इतर क्षेत्रों में आतंकवाद के मुद्दे पर भी बात हुई।

भारतीय विदेश मंत्रालय ने जानकारी दी है कि, बैठक कजाखिस्तान के अस्ताना में हुई। भारत की तरफ से इस बैठक का नेतृत्व विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव केडी देवल ने किया। वहीं कजाखिस्तान के दल का नेतृत्व कजाखस्तान के विदेश मंत्रालय के राजदूत तलगत कालियेव ने किया। यह दोनों देशों के संयुक्त कार्यसमूह के बीच इस साल आतंकवाद के मुद्दे पर पांचवीं बैठक थी।

संयुक्त राष्ट्र के कई निकायों में चुना गया भारत

वाशिंगटन, एजेंसी

अंतर्राष्ट्रीय स्वापक नियंत्रण बोर्ड समेत संयुक्त राष्ट्र के कई प्रमुख निकायों के लिए भारत का चयन किया गया है। भारत की जगजीत पवाडिया ने अंतर्राष्ट्रीय स्वापक नियंत्रण बोर्ड (आइएनसीबी) में तीसरी बार निर्वाचित होकर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। पवाडिया को संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक परिषद (ईसीओएसओसी) द्वारा आयोजित अत्यधिक प्रतिस्पर्धी चुनाव में सबसे अधिक वोट प्राप्त हुए हैं। पावडिया को गुप्त मतदान के जरिए मार्च 2025 से 2030 तक पांच साल के तीसरे कार्यकाल के लिए आईएनसीबी में फिर से चुना गया।

भारत को ईसीओएसओसी के मतदान करने वाले 53 सदस्यों में से 41 के वोट मिले, जो सभी विजेता सदस्य देशों में सबसे अधिक हैं। पावडिया ने 41 वोट के साथ कठिन चुनाव में शानदार जीत हासिल की, जबकि दूसरे स्थान पर रहे उम्मीदवार को 30 वोट मिले। बोर्ड की पांच सीट के लिए 24 उम्मीदवार थे, जिस कारण

यूएन में प्रतिबद्धता पर कायम रहा भारतः रूचिरा कंबोज

संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि राजदूत रुचिरा कंबोज ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, 'भारत अपने वसुधैव कुटुंबकम के सिद्धांत को कायम रखते हुए इन संयुक्त राष्ट्र निकायों के भीतर विमर्श में सक्रिय रूप से शामिल होने की अपनी प्रतिबद्धता पर कायम है। उन्होंने कहा कि मार्गदर्शन करने वाला यह दर्शन वैश्विक विचार-विमर्श में रचनात्मक और सहयोगात्मक योगदान देने, एकता की भावना को बढ़ावा देने और सभी की भलाई के लिए साझा जिम्मेदारी के प्रति हमारे समर्पण को रेखांकित करता है।

- भारत की जगजीत पवाडिया तीसरी बार बनीं आइएनसीबी की सदस्य

चुनाव अत्यधिक प्रतिस्पर्धी था। पावडिया 2015 से अंतरराष्ट्रीय स्वापक नियंत्रण बोर्ड की सदस्य हैं। उन्हें मई 2019 में 2020 से 2025 के पांच साल के कार्यकाल के लिए परिषद द्वारा फिर से चुना गया था। उन्होंने 2021 से 2022 तक बोर्ड अध्यक्ष के रूप में कार्य किया था।

भारत को 2025 से 2029 तक की अवधि के लिए 'कमीशन ऑन स्टेटस ऑफ विमेन' (महिलाओं की स्थिति पर आयोग) के लिए भी चुना गया है। 2025-2027 की अवधि के लिए संयुक्त राष्ट्र बाल कोष के कार्यकारी बोर्ड, 2025-2027 के लिए परियोजना सेवाओं के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय और संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम एवं संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष के कार्यकारी बोर्ड में भी भारत को चुना गया है। इसके अलावा भारत को 2025 से 2027 तक के कार्यकाल के लिए लैंगिक समानता एवं महिला सशक्तीकरण के लिए संयुक्त राष्ट्र इकाई के कार्यकारी बोर्ड और 2025-2027 कार्यकाल के लिए विश्व खाद्य कार्यक्रम के कार्यकारी बोर्ड के लिए भी चुना गया।

एक नजर

रूस की अदालत ने गूगल पर 4.9 करोड़ डॉलर का लगाया जुर्माना

मॉस्को। रूस की राजधानी मॉस्को की एक अदालत ने यूक्रेन में रूस के विशेष सैन्य अभियान के बारे में गलत जानकारी फैलाने, चरमपंथ और एलजीबीटी सामग्री वाले यूट्यूब वीडियो को हटाने से इनकार करने पर गूगल पर 4 .6 अरब रूबल (4 .9 करोड़ डॉलर) का जुर्माना लगाया है। अदालत के प्रवक्ता ने कहा, मॉस्को के टैगान्स्की जिला न्यायालय के फैसले के खिलाफ एक गूगल प्रतिनिधि की शिकायत को खारिज कर दिया, जिसमें गूगल को प्रशासनिक संहिता के अनुच्छेद 13 .41 के भाग 5 के तहत प्रशासनिक अपराध करने का दोषी पाया गया था।

गाजा को संभालने में नेतन्याहू गलती कर रहे : राष्ट्रपति बाइडन

वाशिंगटन। गाजा में इजराइली कार्रवाइयों को लेकर अपने देश में बड़े विरोध का सामना कर रहे अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू गाजा को संभालने में गलती कर रहे हैं। बाइडन ने कहा-मैं नेतन्याहू के दृष्टिकोण से सहमत नहीं हूं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार बाइडन ने कहा कि सहायता पहुंचाने वाले संगठन के वाहनों पर ड्रोन से हमला किया गया। बता दें, बाइडन को इजराइल पर घरेलू दबाव का सामना करना पड़ रहा है और पिछले हफ्तों में उन्होंने नेतन्याहू सहित छह महीने पुराने युद्ध में इजराइल के आचरण पर अपनी बयानबाजी तेज कर दी है।

नौसेना के लिए पहले स्वदेशी फ्लीट स्पोर्ट शिप का कार्य शुरू

नई दिल्ली। नौसेना के लिए पहले स्वदेशी फ्लीट स्पोर्ट शिप को बनाने का कार्य बुधवार से शुरू कर दिया गया है। यह काम विशाखापत्तनम में हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड (एचएसएल) कर रही है। रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने कहा- जहाज का वजन 44 हजार टन होगा और यह समुद्र में नौसैनिक बेड़े को ईंधन, पानी, गोला-बारूद और अन्य साजो सामान की आपूर्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इससे नौसेना की संचालन क्षमताओं का विस्तार होगा और इसकी रणनीतिक पहुंच बढ़ेगी।

एयर इंडिया एक जून से शुरू करेगी वियतनाम के लिए उड़ान सेवा

नई दिल्ली। एयर इंडिया एक जून से राष्ट्रीय राजधानी से वियतनाम के हो ची मिन्ह शहर के लिए सीधी उड़ान सेवा शुरू करेगी। एयरलाइन की ओर से बुधवार को कहा गया है कि, सप्ताह में पांच दिन सोमवार, बुधवार, शुक्रवार, शनिवार और रविवार को उड़ानें संचालित करने करेगी। नई सेवा अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन और यूरोप के यात्रियों को दिल्ली होकर वियतनाम जाने की सुविधा भी मुहैया कराएगी। बता दें, एयर इंडिया वर्तमान में सिंगापुर, बैंकॉक और फुकैट (थाइलैंड) और यांगून (म्यामां) के लिए सीधी उड़ाने संचालित करती है।

भारत और अमेरिका की साझेदारी नई ऊंचाई पर पहुंची: जैक सुलिवन

अमेरिका के एनएसए बोले- हिंद-प्रशांत क्षेत्र में दोनों देशों के संबंध और मजबूत हुए

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन ने कहा कि भारत के साथ प्रौद्योगिकी व अन्य क्षेत्रों में साझेदारी नई ऊंचाई पर पहुंच गई है। उन्होंने ब्रिक्स के विस्तार को अमेरिकी नेतृत्व के लिए झटका मानने से इनकार किया। कहा, हमने हाल में नाटो जैसे संगठनों का विस्तार देखा है और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में हमारे संबंध और बेहतर हुए हैं।

व्हाइट हाउस में आयोजित प्रेसवार्ता में सुलिवन ब्रिक्स को लेकर पूछे गए उस सवाल का जवाब दे रहे थे, जिसमें कहा गया कि ब्राजील, रूस, भारत, चीन व दक्षिण अफ्रीका से मिलकर बने संगठन के विस्तार से अमेरिका के नेतृत्व पर अंगुली उठ रही है। हाल ही में ब्रिक्स में ईरान, मिस्त्र, संयुक्त अरब अमीरात और इथियोपिया शामिल हुए हैं और सऊदी अरब शामिल होने पर विचार कर रहा है।

इस पर सुलिवन ने कहा कि ऐसा नहीं है, भारत के साथ अमेरिका की साझेदारी लगातार मजबूत हो रही है। यदि आप दुनिया के प्रमुख क्षेत्रों में अमेरिका की भूमिका और उसके रुख को देखें तो हम जहां हैं उससे बहुत खुश हैं। आप देखें कि नाटो का क्या हुआ, हमने इसे अब तक का सबसे बड़ा विस्तार दिया है। अगर पिछले सप्ताह की बात करें तो अमेरिका, जापान और फिलीपींस के बीच ऐतिहासिक त्रिपक्षीय सहयोग सामने है। उन्होंने कहा, हिंद-प्रशांत क्षेत्र में देखें कि कैसे हमने न केवल पारंपरिक सहयोगियों के साथ बल्कि वियतनाम, इंडोनेशिया, आसियान जैसे देशों के साथ भी अपने संबंधों को सुधारा है।' राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने कहा, 'ब्रिक्स में शामिल देश अमेरिका और भारत के बीच साझेदारी प्रौद्योगिकी और सुरक्षा समेत कई अन्य आयामों के साथ नई ऊंचाइयों पर पहुंची है।' दरअसल, सुलविन ईरान, मिस्र, संयुक्त अरब अमीरात और इथियोपिया के ब्रिक्स में शामिल होने के मद्देनजर दुनिया में अमेरिका के नेतृत्व में कमी और सऊदी अरब का हिस्सा बनने पर विचार करने के सवालों का जवाब दे रहे थे।

रूस को लेकर अमेरिका ने चीन को चिंताओं से अवगत कराया

सुलिवन ने कहा कि हमें चीन द्वारा रूस को सीधे सैन्य सहयोग के साक्ष्य नहीं मिले, लेकिन फिर भी हमने चीन से इस पर चिंता जताई है। एनएसए जैक सुलिवन ने कहा कि अगले महीने केन्या के राष्ट्रपति का यहां राजकीय यात्रा के लिए राष्ट्रपति जो बाइडन स्वागत करेंगे, जो एक ऐतिहासिक पल होगा। उन्होंने कहा कि रूस को लेकर अमेरिका ने चीन को अपनी चिंताओं से अवगत कराया है। हमने इस बात का कोई सबूत नहीं देखा है कि वे रूस को सीधी सैन्य सहायता प्रदान करेंगे, लेकिन हमने अपनी चिंताएं व्यक्त की हैं। व्हाइट हाउस ने मंगलवार को कहा कि गाजा संघर्ष विराम और काहिरा में चल रही वार्ता में बंधक समझौते के प्रस्तावों पर हमास का रवैया बेहद ढीला रहा है। उन्होंने कहा कि हमने हमास के सार्वजनिक बयान देखे, जो उनके रवैये का दिखाता है। मध्यस्थ कतर को समूह की ओर से अभी तक अंतिम जवाब नहीं मिला है।

भारतवंशी छात्रों की मौत पर अंकुश के लिए बाइडन से किया आग्रह

वाशिंगटन। अमेरिका में बीते दिनों में भारतवंशी छात्रों और युवकों की मौत की घटना में वृद्धि देखी गई है। प्रवासी भारतीयों के एक प्रमुख संगठन ने अमेरिकी सरकार की एजेंसियों, विश्वविद्यालयों और छात्र संघों से पर अंकुश लगाने के लिए आग्रह किया है।

फाउंडेशन फॉर इंडिया एंड इंडियन डायस्पोरा स्टडीज (एफआईआईडीएस) के बताया है कि, संदिग्ध गोलीबारी/अपहरण, सुरक्षा जानकारी के अभाव में पर्यावरण संबंधी मौतें, आत्महत्या के लिए प्रेरित करने वाले मानसिक मुद्दे और संदिग्ध दुर्घटनाओं से लेकर हिंसक अपराध तक शामिल हैं।

एफआईआईडीएस ने कहा कि अधिकारियों को सुरक्षा शिक्षा बढ़ानी चाहिए, खोज और बचाव प्रक्रियाओं में सुधार करना चाहिए, भारतीय विद्यार्थियों के विरुद्ध सख्त नियम लागू करना चाहिए, जोखिमों और सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाना और मानसिक स्वास्थ्य सहायता प्रदान करनी चाहिए। वर्ष 2024 की शुरुआत से अब तक भारत से अमेरिका आए और भारतीय-मूल के छह छात्रों की मौत हो चुकी है।

भारत का चेहरा बन गए हैं मोदी अमेरिकी सांसद ने की तारीफ

वाशिंगटन, एजेंसी

- ब्रैड शेरमैन ने विकास कार्यों और 2014 से आर्थिक प्रगति पर भारत की सराहना की

देश ही नहीं बल्कि दुनियाभर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता बनी हुई है। अब अमेरिका के एक वरिष्ठ सांसद ने भारत के प्रधानमंत्री की तारीफ की है। उन्होंने विकास कार्यों और 2014 से देश की आर्थिक प्रगति के लिए पीएम मोदी की सराहना करते हुए कहा कि वह भारत का चेहरा बन गए हैं।

अमेरिकी सदन में भारत के सबसे अच्छे दोस्तों में से एक माने जाने वाले ब्रैड शेरमैन ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में भारत और अमेरिका ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत होते देखा है। हालांकि, रूस के साथ भारत के रक्षा संबंध भारत-अमेरिका संबंधों में एक चुनौती है। उन्होंने मंगलवार को कहा, 'वह (मोदी) भारत का चेहरा बन गए हैं। हम आर्थिक विकास होते देखा है। बेशक, हर देश की अपनी चुनौतियां होती हैं, हर नेता की अपनी चुनौतियां होती हैं। मैं किसी देश की सफलता का श्रेय सिर्फ एक नेता को नहीं देता। मेरा मतलब है कि आपके पास 1.3 अरब से अधिक लोग हैं और वे सभी भारत को और अधिक सफल देश

बनाने के लिए साथ मिलकर काम कर रहे हैं।' 69 वर्षीय ब्रैड शेरमैन हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी में वरिष्ठ डेमोक्रेट हैं। वह पिछले 28 वर्षों से भारत-अमेरिका संबंधों पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'अमेरिका-भारत संबंध काफी मजबूत हुए हैं। मैं यह जानता हूं क्योंकि मैं यहां यूएस इंडिया कॉकस का पूर्व अध्यक्ष रहा हूं। हमने इसे सभी द्विदलीय कॉकस में सबसे बड़ा बनाया। हमने बहुत कुछ देखा है, विशेष रूप से रक्षा क्षेत्र में सैन्य खुफिया जानकारी साझा करने और सबसे बड़े संयु क्त अभियान और अभ्यास में। वहीं हिंद-प्रशांत को स्वतंत्र और शांतिपूर्ण रखने पर काम किया है।

जैन आचार्य लोकेश मुनि अमेरिका में हुए सम्मानित

वाशिंगटन, एजेंसी

अहिंसा विश्व भारती और विश्व शांति केंद्र के संस्थापक जैन आचार्य लोकेश मुनि को वाशिंगटन के कैपिटल हिल में अमेरिकी राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वह अमेरिकी राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित होने वाले पहले भारतीय भिक्षु हैं।

उन्हें राष्ट्रपति पुरस्कार, गोल्डन शील्ड, सम्मान प्रमाण पत्र और राष्ट्रपति बाइडन के हस्ताक्षर वाले प्रशस्ति पत्र दिए गए। अमेरिकी राष्ट्रपति ने आचार्य लोकेश मुनि के वैश्विक शांति प्रयासों की प्रशंसा करते हुए लिखा कि अपना समय देकर आप हमारे सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान खोजने में

मदद कर रहे हैं। इनकी हमें पहले से अधिक जरूरत है। हम ऐसे क्षण में जी रहे हैं जिसे आशा, प्रकाश और प्यार की आवश्यकता है आप अपनी सेवा के माध्यम से ये तीनों प्रदान कर रहे हैं। पुरस्कार प्राप्त करने के बाद जैन आचार्य ने कहा कि इस पुरस्कार ने और जिम्मेदारी बढ़ा दी है। यह सम्मान भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक मूल्यों, भगवान महावीर के जैन सिद्धांतों का सम्मान है।

मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के ब्रेथलाइजर परीक्षण की मांग वाली याचिका शीर्ष कोर्ट ने की खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव के दौरान प्रत्येक मतदान केंद्र पर मतदाताओं को वोट डालने की अनुमति देने से पहले उनका, रक्त में शराब (अल्कोहल) की मात्रा मापने वाला 'ब्रेथलाइजर परीक्षण' किए जाने की मांग कर रही याचिका बुधवार को खारिज कर दी।

जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने याचिका खारिज करने के आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया और कहा कि यह प्रचार हित की याचिका अधिक है। जनवाहिनी पार्टी की आंध्र प्रदेश इकाई की ओर से पेश वकील ने कहा कि चूंकि आदर्श आचार संहिता लागू है, इसलिए किसी भी मतदाता को शराब के नशे में मतदान करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। पीठ ने कहा, 'यह क्या है? यह प्रचार के लिए है। मतदान के दिन मद्य निषेध दिवस (ड्राई डे) होता है और हर जगह पुलिसकर्मी तैनात होते हैं। हम इस पर विचार नहीं करेंगे और याचिका खारिज की जाती है।' जनवाहिनी पार्टी की आंध्र प्रदेश इकाई ने शुरू में हाई कोर्ट का रुख किया, जिसने 28 फरवरी को याचिका खारिज कर दी थी।

अल अक्सा मस्जिद

जेरूसलम : ईद-उल-फितर की नमाज के लिए सैकड़ों फिलिस्तीनी जेरूसलम के पुराने शहर में अल अक्सा मस्जिद पवित्र स्थल पर दुआ करने के लिए एकत्र हुए। अल-अक्सा मस्जिद परिसर में मण्डली पिछले वर्षों की तुलना में बहुत कम थी। बता दें, यह परिसर इस्लाम का तीसरा सबसे पवित्र स्थल माना जाता है। यह एक पहाड़ी की चोटी पर बना है जो यहूदियों के लिए भी सबसे पवित्र स्थल है। ● एजेंसी

पाकिस्तान में नाबालिग से जबरन शादी के लिए तीन पर मामला दर्ज

लाहौर। पाकिस्तान के शेखपुरा जिले में 11 वर्षीय नाबालिग लड़की का मतांतरण करवाने और उससे जबरन शादी करने को लेकर तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पंजाब के अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री रमेश सिंह अरोड़ा ने चिंताजनक घटना के जवाब में तुरंत कार्रवाई का आदेश दिया।

फिरोजवाला के निवासी सलीम मसीह ने बताया कि पुलिस के अधिकारी उसके घर आए और उन्हें अगले दिन अपनी बेटी के साथ कोर्ट में पेश होने का निर्देश दिया। सलीम मसीह अपनी बेटी और कई रिश्तेदारों के साथ कोर्ट में हाजिर हुए। वहां उन्हें पता चला कि पहले उनके पड़ोस में रहने वाले इमरान सरफराज ने दावा किया है कि उनकी बेटी उसकी पत्नी है।

विज्ञान स्पेस टेलीस्कोप साइंस इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकों ने की आश्चर्यजनक खोज

तारे के खत्म होने के बाद भी जीवित रहते हैं ग्रह

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : पहली बार जानकारी सामने आई है कि तारे के खत्म होने के बाद , उसके ग्रह जीवित रह सकते हैं। स्पेस टेलीस्कोप साइंस इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकों ने यह खोज की है। जिसमे कहा गया है कि एक तारे के खत्म होने के बाद, उसके बौना तारे में तब्दील हो जाने के बावजूद इसकी कक्षा में दो ग्रह चक्कर लगा रहे हैं। दोनों ग्रह पृथ्वी से 75 प्रकाशवर्ष दूर हैं।

ग्रह और उसके तारे के बीच गुरुत्वाकर्षण से बंधे रहने का सीधा संबंध होता है और अभी तक यही माना जाता रहा है कि किसी भी सौर मंडल के तारे के खत्म होने के बाद उसके ग्रहों की दुनिया भी स्वतः खत्म हो जाती है। मगर नई खोज ने यह धारणा उलट दी है। या यूं कहें कि

खोजा गया नया ग्रह।

सूर्य खत्म होने के बाद जीवित रह सकते हैं शनि और बृहस्पति

एस्ट्रोफिजिकल जर्नल लेटर्स में प्रकाशन के लिए इस शोध को स्वीकार कर लिया गया है । इस खोज को लेकर वैज्ञानिकों का कहना है कि हमारे सौर मंडल के बृहस्पति और शनि ग्रह सूर्य के खत्म होने के बाद जीवित रह सकते हैं। बहरहाल नई खोज पर विस्वास करना जल्दबाजी होगी।

प्रकृति के नियम को बदलकर रख दिया है। खोजकर्ता वैज्ञानिकों का कहना है कि इस खोज से वह खुद आश्चर्यचकित हैं।

पृथ्वी से 75 प्रकाशवर्ष की दूरी में इस बाहरी सौर मंडल के दोनों ग्रह हमारे बृहस्पति व शनि ग्रह से बड़े हैं और बहुत दूर से अपने बौने तारे की परिक्रमा कर रहे हैं। इनकी वास्तविकता जानने के लिए नासा की जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप का सहारा लिया गया। पहली बार 2023 में ग्रहों की सीधी तस्वीरें ली गई। इसके बाद लंबे समय तक अध्ययन किया गया। हैरान करने वाली बात यह थी कि तारे के खत्म होने के बाद ग्रहों का जीवित रहना था। वैज्ञानिकों ने हर तरीके से इसकी जांच पड़ताल की और अंत में निष्कर्ष निकला कि तारे के खत्म होने के बावजूद ग्रह जीवित रह सकता है। इस खोज ने एक नई बहस भी छेड़ दी है। जिसमें वैज्ञानिकों के एक वर्ग का कहना है कि यह संभव नही लगता। इसके लिए व्यापक स्तर पर पुनः अध्ययन की जरूरत है। जिसमें ग्रहों की खोजबीन अध्ययन में जुटे वैज्ञानिकों को आगे आना होगा। तभी कोई ठोस प्रमाण सामने आ सकता है।

ईद आते ही पाकिस्तान की सड़कों पर उमड़े चार लाख भिखारी

इस्लामाबाद। रमजान के महीने के दौरान पाकिस्तान के छोटे शहरों और गांवों से भिखारी कराची आने लगे हैं। इस वजह से यहां अपराध का ग्राफ भी बढ़ रहा है। कराची के अतिरिक्त महानिरीक्षक इमरान याकूब मिन्हास ने इस चिंताजनक समस्या पर जोर जाला है। उनका कहना है कि ईद के मौसम में तीन से चार लाख भिखारी कराची आते हैं, इस वजह से यह शहर भिखारियों और अपराधियों का अड्डा बन गया है।

इमरान याकूब के अनुसार पारपंरिक तरीकों से अपराधों का पता नहीं लगाया जा सका इसलिए कराची पर नजर रखने के लिए अधिकारियों से और अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाने की अपील की गई है। स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि रमजान के दौरान कराची में कम से कम 19 लोग आपराधिक घटनाओं के शिकार हुए।

हेपेटाइटिस बी-सी के मामलों में दूसरे स्थान पर भारत

- डब्ल्यूएचओ ने जारी की हैरान करने वाली रिपोर्ट, संक्रमण के मामलों में चीन पहले पायदान पर

जिनेवा, एजेंसी

भारत में 2022 में हेपेटाइटिस बी और सी संक्रमण के कुल 3.50 करोड़ मामले सामने आए। डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट के मुताबिक हेपेटाइटिस बी और सी के संक्रमण की संख्या के मामले में भारत चीन के बाद दूसरे स्थान पर है। हेपेटाइटिस यकृत की सूजन होती है, जिसके कारण कई प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं होती हैं और यह जानलेवा भी हो सकती है।

डब्ल्यूएचओ की ओर से मंगलवार को जारी वैश्विक हेपेटाइटिस रिपोर्ट-2024 के अनुसार 2022 में दुनिया भर में 25.40 करोड़ लोग हेपेटाइटिस बी से पीड़ित हुए जबकि हेपेटाइटिस सी से पीड़ित होने वाले लोगों की संख्या पांच करोड़ रही। डब्ल्यूएचओ के आंकड़ों के अनुसार भारत में 2022 में हेपेटाइटिस बी के 2.98 करोड़ मामले सामने आए जबकि हेपेटाइटिस सी से संक्रमित होने वालों की संख्या 55 लाख रही।

चीन में हेपेटाइटिस बी और सी के मामलों की कुल संख्या 8.3 करोड़ रही जो विश्व भर में सामने आए कुल मामलों का 27.5 प्रतिशत है। डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट के मुताबिक भारत में हेपेटाइटिस बी और सी के कुल 3.5 करोड़ मामले सामने आए जो दुनियाभर में सामने आए कुल मामलों का 11.6 प्रतिशत है। हेपेटाइटिस वायरस के पांच मुख्य प्रकार हैं, जिन्हें प्रकार ए, बी, सी, डी और ई कहा जाता है। हालांकि, वे सभी यकृत रोग का कारण बनते हैं, वे संचरण के तरीकों, बीमारी की गंभीरता, भौगोलिक वितरण और रोकथाम के तरीकों सहित महत्वपूर्ण तरीकों से भिन्न होते हैं।

विश्वभर में हर साल 13 लाख लोगों की होती है मौत

दुनिया भर में हेपेटाइटिस के संक्रमण के कारण प्रत्येक वर्ष करीब 13 लाख लोगों की मौत होती है। डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया के 187 देशों के नए आंकड़ों से पता चलता है कि हेपेटाइटिस से होने वाली मौतों की अनुमानित संख्या 2019 में 11 लाख से बढ़कर 2022 में 13 लाख हो गई है। इनमें से 83 प्रतिशत मौतें हेपेटाइटिस बी के कारण जबकि 17 प्रतिशत मौतें हेपेटाइटिस सी के कारण होती हैं। डब्ल्यूएचओ ने विश्व हेपेटाइटिस शिखर सम्मेलन में जारी इस रिपोर्ट में कहा, प्रतिदिन, हेपेटाइटिस बी और सी संक्रमण के कारण दुनिया में 3,500 लोगों की मौत हो रही है। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक डॉ. टेड्रोस एडनोम घेब्रेयेसस ने कहा, यह रिपोर्ट परेशान करने वाली है।